नई दिल्ली
मंगलवार 28 जुलाई 2026
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 30, अंक : 100
पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00

**मौसम**
अधि. 32
न्यून. 27

**हरिभूमि**
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## पीएम मोदी ने किया आह्वान सीमावर्ती गांव विकसित भारत की मजबूत नींव, युवा जुड़ें

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं से भारत के सीमावर्ती गांवों से अपना जुड़ाव मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा है कि विकसित गांव ही विकसित भारत की मजबूत नींव हैं। उन्होंने कहा कि देश के युवा



विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत ही नहीं, बल्कि उसके सबसे बड़े लाभार्थी भी हैं। जब युवाओं की ऊर्जा राष्ट्रीय चुनौतियों के समाधान और राष्ट्र निर्माण में लगती है, तो देश का भविष्य और अधिक उज्ज्वल बनता है। प्रधानमंत्री आज 'विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम' के प्रतिभागियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। इस दौरान देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से चयनित 400 से अधिक युवाओं ने भी अपने अनुभव साझा किए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'मेरा युवा भारत (माय भारत)' मंच के माध्यम से युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भागीदारी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जब युवा देश की जमीनी वास्तविकताओं को समझते हैं और समाज से सीधे जुड़ते हैं, तो समावेशी विकास की यात्रा और अधिक मजबूत होती है। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सीमावर्ती गांवों तक ले जाना, वहां ⏩ शेष पेज 5 पर

### संसद परिसर में एनडीए सांसदों ने पूर्व शिक्षा मंत्री प्रधान का किया जोरदार स्वागत

# स्ट्रीट फाइटर हूं, एसी रूम का एक्टिविस्ट नहीं जयराम की टिप्पणी पर प्रधान ने दिया जवाब

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पद से हाल ही में इस्तीफा देने वाले धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को कहा कि मैं सड़क पर संघर्ष करने वाला नेता हूं, एसी रूम में बैठने वाला एक्टिविस्ट नहीं। प्रधान ने यह बात कांग्रेस नेता जयराम रमेश से कही जब वे संसद भवन परिसर में उनसे सहानुभूति प्रकट करने पहुंचे थे।

जयराम ने प्रधान से रूबरू होते हुए कहा कि ऐसा होता है। इस पर प्रधान ने कहा कुछ नहीं हुआ, 'आई एम ए स्ट्रीट फाइटर, नॉट एन एसी रूम ऐक्टिविस्ट' (मैं सड़क पर संघर्ष करने वाला नेता हूं, एसी रूम में बैठने वाला एक्टिविस्ट नहीं)।

शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद आज जब धर्मेंद्र प्रधान पहली बार संसद भवन पहुंचे तो उनके स्वागत के लिए एनडीए सांसदों का हुजूम उमड़ा हुआ था। किसी ने प्रधान को पगड़ी पहनाई तो किसी ने अंगवस्त्र। प्रधान के चेहरे पर मुस्कान थी। एक सांसद ने कहा पहली बार है जब किसी मंत्री ने बिना किसी आरोप के ही इस्तीफा दे दिया।

अब सवाल उठ रहा है कि प्रधान की क्या



भूमिका रहेगी? वे ओडिशा बीजेपी के ताकतवर नेता होने के साथ ही केंद्रीय राजनीति में भी अहम भूमिका निभाते आए हैं। हाल में बिहार विधानसभा चुनाव में प्रभारी रहे और उसके बाद में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी की भवानीपुर सीट पर शुभेंदु अधिकारी की जीत के सूत्रधार बने। 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को झटका लगा तो उसके तुरंत बाद हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव में प्रधान ने बतौर प्रभारी हैट्रिक लगाने में बड़ा योगदान दिया। इससे पहले वे उत्तर प्रदेश, एमपी, उत्तराखंड, कर्नाटक जैसे कई राज्यों में प्रभारी के तौर पर पार्टी की जीत में भूमिका निभा चुके हैं। इस्तीफे के बाद पार्टी ने उन्हें अकेला नहीं छोड़ा। गृह मंत्री अमित शाह उनके घर गए। बीजेपी के शीर्ष नेताओं राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने धर्मेंद्र प्रधान के शिक्षा क्षेत्र में किए गए सुधारों का समर्थन किया है। बीजेपी नेताओं का मानना है कि उनका इस्तीफा उनकी घटती साख का संकेत नहीं, बल्कि 'राजनीतिक जवाबदेही', 'त्याग' और 'राष्ट्र हित' का एक बड़ा उदाहरण है। माना जा रहा है कि उन्हें पार्टी संगठन में कोई जिम्मेदारी दी जा सकती है। या आने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में वे पार्टी की कमान संभाल सकते हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### भोपाल को आज मिलेगा चौथा रेलवे स्टेशन

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के चौथे रेलवे स्टेशन निशातपुरा का शुभारंभ मंगलवार से होने जा रहा है। शाम 5 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मालवा एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर इसका उद्घाटन करेंगे। शुरुआत में यहा मालवा एक्सप्रेस और सोमनाथ-जबलपुर एक्सप्रेस का स्टॉपेज रहेगा।




### ज्ञानेश्वरी ने भारोत्तोलन में जीता रजत 'पदक'

**नई दिल्ली।** भारत की महिला भारोत्तोलक ज्ञानेश्वरी यादव ने 53 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल 2026 में रजत पदक अपने नाम किया। उन्होंने स्नैच में 88 किलो और क्लीन एंड जर्क में 111 किलो समेत कुल 199 किलोग्राम वजन उठाकर दूसरा स्थान हासिल किया। ज्ञानेश्वरी स्वर्ण पदक से 7 किलो के अंतर से चूक गईं।



### ट्रेन की चादरों पर दाग को पकड़ेगा एआई

**नई दिल्ली।** रेलवे ने लिनेन की गुणवत्ता जांचने के लिए एआई आधारित स्टेन डिटेक्शन सिस्टम शुरू किया है। इसका पायलट प्रोजेक्ट पुणे, जयपुर व जोधपुर मंडल में चल रहा है। की मैकेनाइज्ड लॉन्ड्रियों में लागू की गई है। इसके तहत लगे एआई कैमरे धुलाई के बाद कपड़ों का विश्लेषण कर दाग-धब्बों को तुरंत पकड़ लेंगे।



### संसद में पेपर लीक पर बिल पेश, हंगामे के चलते नहीं हो पाई चर्चा

**संसद में सत्तापक्ष व विपक्ष आमने सामने**

# संसद का गतिरोध आज टूटने के हैं आसार सरकार और विपक्ष के बीच बन गई सहमति!

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र में पिछले कई दिनों से जारी गतिरोध आज मंगलवार को समाप्त होने की संभावना है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल के बाद सरकार और विपक्ष के बीच बातचीत में सकारात्मक संकेत मिले हैं। सूत्रों के अनुसार, दोनों पक्ष सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलाने पर सहमत हुए हैं।

जानकारी के मुताबिक, सरकार सार्वजनिक परीक्षाओं में नकल रोकने से जुड़े संशोधन विधेयक पर चर्चा कराने को तैयार है, जबकि विपक्ष छात्र आंदोलनों और कथित पुलिस कार्रवाई से जुड़े मुद्दों को सदन में उठाएगा। यदि अंतिम सहमति बनी रहती है, तो आज मंगलवार से लोकसभा और राज्यसभा में विधायी कार्य तथा महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा शुरू हो सकती है। लोकसभा में परीक्षा सुधार विधेयक पर चर्चा शुरू हो सकेगी, वहीं राज्यसभा में वंदे मातरम विधेयक पर चर्चा की शुरुआत हो सकती है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी विपक्ष से ⏩ शेष पेज 5 पर

• केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सदन में 'पब्लिक एग्जामिनेशन (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन बिल, 2026' पेश किया

**सोमवार को हंगामे के कारण 4 बार स्थगित हुई लोकसभा**




संसद के बाहर विपक्षी सांसदों ने पोस्टर लेकर विरोध प्रदर्शन किया

» **नीट लाठीचार्ज मुद्दे पर चर्चा के लिए अड़ा रहा विपक्ष**

» **राहुल गांधी ने पीएम से माफी मांगने और दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग की**

### छात्रों पर एके-47 और पैलेट गन चली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पूरा सिस्टम छात्रों के खिलाफ हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में प्रदर्शनकारी छात्रों पर एके-47 से गोलियां चलाई गईं और दिल्ली में पैलेट गन का इस्तेमाल हुआ। राहुल गांधी ने पीएम मोदी से इस बर्बरता पर माफी मांगने और दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग की। बिहार के सिवान जिले में छात्रों के प्रदर्शन के दौरान एसआईटी मेंबर अभिषेक पटेल का एक वीडियो जारी हुआ था, जिसमें वह प्रदर्शनकारियों की दिशा में एके-47 फायर करते हुए दिख रहे थे। वीडियो वायरल होने के बाद इसकी पुष्टि करते हुए पुलिस प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है और अब अभिषेक पटेल को सस्पेंड कर दिया गया है।

**पहले दिन ही सीबीआई के वकील नहीं पहुंचे**

### लीक मामले की फास्ट ट्रैक सुनवाई टली

इधर, नीट पेपर लीक मामले के दोषियों को जल्द सजा दिलाने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा गठित फास्ट-ट्रैक कोर्ट में सोमवार को पहली सुनवाई टल गई। सीबीआई की ओर से वकील के उपस्थित न होने के कारण अदालत को सुनवाई स्थगित करनी पड़ी। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 3 अगस्त के लिए तय की है।

### उधर, गुजरात व छग में पेपर लीक

गुजरात के जामनगर स्थित गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय से बड़ा मामला सामने आया है। यहां 20 जुलाई को हुई बीएएमएस तृतीय वर्ष की परीक्षा से ठीक पहले वॉट्सएप पर प्रश्नपत्र वायरल होने के दावों से हड़कंप मच गया है। दावा किया जा रहा है कि12 महत्वपूर्ण बिंदुओं में से 11 सवाल सीधे परीक्षा में पूछे गए। ⏩ शेष पेज 5 पर

### सीजेपी ने फिर दी आंदोलन की चेतावनी कपिल सिब्बल देंगे कानूनी सहायता

## आंदोलन खत्म होने के बाद भी प्रदर्शनकारियों पर दर्ज किये जा रहे केस, जांच के नाम पर उनको डराया जा रहा: सीजेपी

» ***सहमति बनी थी सभी एफआइआर वापस लिए जाएंगे, प्रदर्शनकारियों पर नया मामला दर्ज नहीं किया जाएगा: रांका***

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने एक बार फिर आंदोलन की चेतावनी दी है। सीजेपी ने केंद्र सरकार पर अपना वादा तोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा है कि आंदोलन खत्म होने के बाद भी छात्रों और युवाओं पर केस दर्ज किये जा रहे हैं और जांच के नाम पर उनको डराया जा रहा है। सीजेपी को वरिष्ठ वकील आंदोलन से जुड़े मामलों में कानूनी मदद देंगे।

सोमवार को सिब्बल ने सीजेपी के मुख्य प्रवक्ता सौरव दास और आशुतोष रांका के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पत्रकार वार्ता में सीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रंका ने कहा कि इस संबंध में केंद्रीय मंत्रियों जेपी नड्डा और जीतेंद्र सिंह को एक ड्राफ्ट समझौता सौंपा था। सहमति बनी थी कि कानूनी सलाह-मशविरे के बाद सरकार मंगलवार तक लिखित समझौता साझा कर देगी। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारियों और आयोजकों पर दर्ज आपराधिक मामलों को वापस लेने के लिए आजभर की मोहलत दी है, अन्यथा फिर सड़कों पर उतरकर आंदोलन शुरू किया जाएगा।

सीजेपी के एक अन्य प्रवक्ता सौरव दास ने कहा कि संगठन को पहले से ही आशंका थी कि प्रदर्शन समाप्त होने के बाद आंदोलन में शामिल लोगों को चुन-चुनकर निशाना बनाया जाएगा।

कपिल सिब्बल ने कहा कि उन्होंने सीजेपी के छात्रों को कानूनी सहायता देने का निर्णय लिया है। जहां-जहां छात्रों के खिलाफ मामले दर्ज होंगे, वहां-वहां उन्हें कानूनी मदद उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए उन्होंने अपनी ओर से एक करोड़ रुपये देने की घोषणा की, ताकि कानूनी लड़ाई प्रभावी ढंग से लड़ी जा सके। उन्होंने अन्य लोगों से भी इस उद्देश्य के लिए आर्थिक सहयोग करने की अपील की। सीजेपी ने स्पष्ट किया कि जंतर-मंतर पर चला 36 दिवसीय धरना खत्म होने से पहले सरकार के साथ तीसरे दौर की बातचीत में इस विषय पर विस्तृत चर्चा हुई थी। जिसमें सहमति बनी थी कि देशभर में प्रदर्शनकारियों और आयोजकों के खिलाफ दर्ज सभी एफआइआर वापस लिए जाएंगे। साथ ही, भविष्य में किसी भी आयोजक या प्रदर्शनकारी पर नया मामला दर्ज नहीं किया ⏩ शेष पेज 5 पर

## सोनम वांगचुक को अस्पताल से मिली छुट्टी, राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की

» कहा, लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार, इसका सम्मान किया जाना चाहिए
» केवल इस्तीफा काफी नहीं, परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए व्यापक सुधार जरूरी: वांगचुक

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने सोमवार को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद अपनी पत्नी गीतांजलि आंग्मो के साथ राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि गांधी का सत्य और अहिंसा का रास्ता आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना 100 साल पहले था। वांगचुक ने लोगों से मांगों के समाधान के लिए ⏩ शेष पेज 5 पर



## शिवराज ने समीक्षा बैठक में डिजिटल एग्रीकल्चर सहित विभिन्न योजनाओं में तेजी के दिए निर्देश



**पीएम आरकेवीवाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर महाराष्ट्र की सराहना करते हुए केंद्रीय मंत्री चौहान ने दी 335 करोड़ रु. की स्वीकृति**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महाराष्ट्र के किसानों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएम आरकेवीवाई) के अंतर्गत 335 करोड़ रुपये की मदर सैंक्शन जारी की है। इस अवसर पर शिवराज सिंह चौहान ने महाराष्ट्र के कृषि मंत्री श्री दत्तात्रेय भरणे, केंद्रीय कृषि सचिव और केंद्र तथा राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक में, राज्य में विभिन्न कृषि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की। समीक्षा बैठक में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महाराष्ट्र के प्रदर्शन ⏩ शेष पेज 5 पर

### केन - बेतवा परियोजना पर सियासत तेज

## राहुल गांधी ने आदिवासी आंदोलन का किया समर्थन बोले - सत्य और अहिंसा से डरती है मोदी सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

मध्य प्रदेश में केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से प्रभावित आदिवासी परिवारों के आंदोलन को लेकर कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र और मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक वीडियो संदेश के साथ राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार आदिवासियों की जमीन छीन रही है, लेकिन उन्हें न तो न्यायपूर्ण मुआवजा दिया गया और न ही सम्मानजनक पुनर्वास की व्यवस्था की गई।



राहुल गांधी ने कहा कि सत्य और सत्याग्रह - दोनों से मोदी सरकार डरती है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के आदिवासी भाई-बहन जल सत्याग्रह और भूख हड़ताल पर इसलिए बैठे हैं क्योंकि केन-बेतवा ⏩ शेष पेज 5 पर

**क्या है पूरा मामला?**

मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में केन-बेतवा लिंक परियोजना तथा अन्य सिंचाई परियोजनाओं से प्रभावित परिवार पिछले कई दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलन में बड़ी संख्या में आदिवासी महिलाएं शामिल हैं। प्रदर्शनकारियों ने जल सत्याग्रह, भूख हड़ताल, चिता सत्याग्रह और प्रतीकात्मक फांसी सत्याग्रह जैसे विभिन्न ⏩ शेष पेज 5 पर

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**एसआईटी से दो हफ्ते में मांगी रिपोर्ट**

## कहा- एसआईटी में चार्टर्ड अकाउंटेंट और फोरेंसिक ऑडिटर को शामिल करें

**चढ़ावे से जुड़े सभी पहलुओं की गहन जांच हो**



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

श्री राम जन्मभूमि चढ़ावा चोरी मामले की सुनवाई के दौरान सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने जांच को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) में एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) और फोरेंसिक ऑडिटर को भी शामिल किया जाए, ताकि वित्तीय लेन-देन और चढ़ावे से जुड़े सभी पहलुओं की गहन जांच हो सके।

सुनवाई के दौरान सीजेआई ने स्पष्ट कहा कि फिलहाल अदालत का मुख्य उद्देश्य निष्पक्ष और प्रभावी जांच सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि ⏩ शेष पेज 5 पर

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा था अदालतें राजनीति करने की जगह नहीं?

पिछली सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा था कि जांच निष्पक्ष होनी चाहिए और उसे उसके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाया जाना चाहिए। साथ ही अदालत ने इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा था कि अदालतें राजनीति करने की जगह नहीं हैं। सुनवाई के दौरान केंद्र और ⏩ शेष पेज 5 पर

### संत गुरु रविदास जी के 650वें प्रकट उत्सव के अवसर पर भाजपा देशव्यापी समरसता संकल्प अभियान चलाएगी

**देश में भेजे जाएंगे और 21,000 स्थानों पर कलश वंदन**

## वाराणसी से 131 पवित्र कलश पूरे देशभर में भेजे जाएंगे, 51,000 मंदिरों में मनाया जाएगा दीपोत्सव

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ और दुष्यंत कुमार गौतम ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संत गुरु रविदास जी के 650वें प्रकट उत्सव के उपलक्ष्य में 29 जुलाई 2026 से 20 फरवरी 2027 तक देशव्यापी 'संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज समरसता संकल्प अभियान'चलाने की घोषणा की। गौतम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संत गुरु रविदास जी से जुड़े स्थलों के विकास और उनके सम्मान के लिए की गई पहलों का भी उल्लेख किया। श्री तरुण चुघ ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य संत गुरु रविदास जी के समरसता, सामाजिक समानता और जनजागरण के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाना है।

उन्होंने कहा कि संत गुरु रविदास जी की जन्मस्थली, वाराणसी से 131 पवित्र कलश पूरे देश में भेजे जाएंगे और 21,000 स्थानों पर कलश वंदन, पूजा एवं समरसता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 51,000 मंदिरों में दीपोत्सव, देशव्यापी यात्राओं और संत संपर्क अभियान के माध्यम से संत गुरु रविदास जी का समरसता संदेश जन-जन तक पहुंचेगा।

### भाजपा मुख्यालय में मनाया कारगिल विजय दिवस

भारतीय जनता पार्टी के नई दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय में सोमवार को 27वां कारगिल विजय दिवस समारोह पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस गौरवशाली अवसर पर देश की सुरक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों के परिवारों और बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल वीके चतुर्वेदी, पूर्व थल सेनाध्यक्ष जनरल दीपक कपूर, पूर्व वायुसेनाध्यक्ष एयर चीफ मार्शल आर.के.एस. भदौरिया, कारगिल युद्ध में वीर चक्र से सम्मानित शहीद कैप्टन विजयंत थापर के पिता वीएन थापर, कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती रश्मि मिश्रा और सह-संयोजक मनोज कुमार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने 27वें कारगिल विजय दिवस अवसर आयोजित समारोह को संबोधित किया और वीर सैनिकों और उनके परिवारों का सम्मान करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और सैन्य शौर्य को नमन किया।

## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ खेल पत्रकार की सड़क दुर्घटना में मौत

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के कल्याणपुरी में रविवार देर रात वरिष्ठ खेल पत्रकार जसविंदर सिद्धू की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। 56 वर्षीय सिद्धू सड़क क्रॉस कर रहे थे उसी दौरान यूपी नंबर की एक तेज रफ्तार मोटर साइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार 26/27 जुलाई की दरमियानी रात करीब सवा 12 बजे कल्याणपुरी पुलिस को सड़क दुर्घटना के बारे में एक पीसीआर कॉल मिली। यह कॉल एसआई धीरज गुप्ता को सौंपी गई, जो मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि गोविंदपुरी एक्सटेंशन के रहने वाले जसविंदर सिद्धू गाजीपुर सीएनजी पंप के पास एनएच-9 पार कर रहे थे, तभी उन्हें यूपी रजिस्ट्रेशन नंबर वाली बुलेट मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल चलाने वाले आसिफ (35) जो खतौली, मुजफ्फर नगर, उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं, उन्हें भी चोटें आई। दोनों घायलों को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया था। बाद में जसविंदर को जीटीबी अस्पताल रेफर किया गया, जहां रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। टक्कर मारने वाली मोटरसाइकिल को मौके से जब्त कर लिया गया है। मोटरसाइकिल चालक का अभी अपोलो अस्पताल में इलाज चल रहा है। सोमवार को हादसे के संबंध कल्याणपुरी थाने में संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया। मामले में आगे की जांच जारी है।

### हरियाणा में हत्या मामला: वांछित आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने हरियाणा के झज्जर में दर्ज हत्या के एक मामले में फरार आरोपी को रोहिणी इलाके से गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल बरामद हुई। आरोपी का नाम झज्जर निवासी 23 वर्षीय नितेश बताया गया है। पुलिस के अनुसार नितेश 19 जुलाई को झज्जर में नीरज नामक व्यक्ति की हत्या और मंजीत नामक व्यक्ति पर गोलीबारी के मामले में वांछित था। आरोपी की गतिविधियों के बारे में सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम ने रविवार रात रोहिणी के सेक्टर-26 में जाल बिछाया और रात नौ बजकर करीब पांच मिनट पर उसे पकड़ लिया। हत्या की वारदात नितेश और नीरज के भतीजे मंजीत के बीच पुरानी दुश्मनी का नतीजा थी। दरअसल आरोपी और उसके साथियों ने विवाद सुलझाने के बहाने नीरज और मंजीत को मिलने के लिए बुलाया था तथा बैठक के दौरान कथित तौर पर बहस छिड़ गई, जिसके बाद आरोपी ने गोली चला दी। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी में नीरज और मंजीत घायल हो गए और बाद में नीरज की मौत हो गई जबकि मंजीत का इलाज चल रहा है। इस सिलसिले में नितेश के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी थी। पुलिस ने कहा कि नितेश का पिछला कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और वह अपने बड़े भाई के साथ खेतीबाड़ी का कार्य करता था।

लॉरेंस बिश्नोई-हाशिम बाबा सिंडिकेट से है अपराधी का संबंध

# नादिर शाह हत्याकांड में वांछित अपराधी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने लॉरेंस बिश्नोई-हाशिम बाबा सिंडिकेट से संबंध रखने वाले एक घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी नादिर शाह हत्याकांड में वांछित था। इससे पहले हत्या के प्रयास के दो मामलों में भी यह शामिल रहा है।

डीसीपी प्रवीण कुमार त्रिपाठी के अनुसार एसीपी आशीष कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर आलोक कुमार मौर्य और इंस्पेक्टर नीतू कुमार के नेतृत्व वाली स्पेशल टीम ने लॉरेंस बिश्नोई-हाशिम बाबा क्राइम सिंडिकेट के सदस्य



सद्दाम हुसैन उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है। वह दक्षिण दिल्ली के ग्रेटर कैलाश-1 में जिम के सह-मालिक और व्यवसायी नादिर शाह की हत्या के मामले में सितंबर 2024 से गिरफ्तारी से बच रहा था। इस मामले में इस क्राइम सिंडिकेट के 16 सदस्यों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। विश्वसनीय मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर सद्दाम हुसैन को ट्रैक किया गया और अमरोहा, यूपी से गिरफ्तार किया। इसकी निशानदेही पर शास्त्री पार्क से एक पिस्तौल और तीन कारतूस भी बरामद किए गए। गौरतलब है कि 12 सितंबर 2024 की रात, दक्षिण दिल्ली के ग्रेटर कैलाश-1 में एक व्यवसायी और जिम के सह-मालिक नादिर शाह पर उनके जिम के बाहर गोली चलाई गई थी। चोटों के कारण उनकी मौत हो गई थी। जांच से पता चला कि यह हत्या कथित तौर पर लॉरेंस बिश्नोई-हाशिम बाबा क्राइम सिंडिकेट द्वारा जबरन वसूली की कोशिश के तहत की गई थी।

# ठगों को सिम कार्ड मुहैया करवाने वाले सिंडीकेट से जुड़े दो अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



मध्य जिले की साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय साइबर 'म्यूल' सिम सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है। इस सिलसिले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम मनोज और यश सैनी बताये गये हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी मेवात से काम करने वाले साइबर अपराधियों को धोखाधड़ी वाले सिम कार्ड सप्लाई करते थे। टेक्निकल सर्विलांस और फील्ड इंटेलिजेंस की मदद से दोनों आरोपियों को हरियाणा के मेवात क्षेत्र फिरोजपुर झिरका से गिरफ्तार किया गया। पुलिस सिंडिकेट के अन्य सदस्यों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए आगे की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्हें मनोज नाम के एक व्यक्ति का मैसेज मिला, जिसने दावा किया कि उसके परिवार का एक सदस्य अस्पताल में भर्ती है और वह अस्पताल का बिल भरने में व्यस्त है। उसी समय शिकायतकर्ता को बैंक का एक एसएमएस भी मिला जिसमें पुष्टि की गई कि उनके बैंक खाते में कुछ पैसे जमा हुए हैं। इसके बाद धोखाधड़ी करने वाले ने कहा कि गलती से शिकायतकर्ता के खाते में पैसे ट्रांसफर हो गए हैं और उनसे पैसे वापस करने का अनुरोध किया। चूंकि शिकायतकर्ता मनोज नाम के एक व्यक्ति को जानते थे, इसलिए उन्होंने इस कहानी पर भरोसा किया और धोखाधड़ी करने वाले द्वारा शेयर किए गए क्यू आर कोड का इस्तेमाल करके पैसे वापस ट्रांसफर कर दिए। बाद में पता चला कि पूरी कहानी मनगढ़ंत थी और यह ट्रांजेक्शन साइबर धोखाधड़ी का हिस्सा था, जिससे शिकायतकर्ता को 1,14,000 का चूना लगाया गया था। तकनीकी निगरानी के बाद टीम ने 22 जुलाई को मेवात के फिरोजपुर झिरका से दोनों आरोपियों को ढूंढ निकाला और गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी मनोज ने बताया कि उसने पैसे कमाने के लिए अपने नाम पर रजिस्टर्ड सिम कार्ड यश सैनी को बेचे थे। उसने साइबर अपराधों में इस्तेमाल के लिए लगभग 10-15 सिम कार्ड सप्लाई करने की बात कबूल की। जांच में यह भी पता चला कि यश सैनी स्थानीय स्तर पर सिम कार्ड खरीदता था और पकड़े जाने से बचने के लिए सब्सक्राइबर की जानकारी में हेरफेर करके उन्हें मेवात से चल रहे साइबर क्राइम सिंडिकेट को सप्लाई करता था।

## इंस्टाग्राम ज्वैलरी फ्रॉड केस का आरोपी चढ़ा साइबर पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट साइबर पुलिस ने इंस्टाग्राम पर ज्वेलरी धोखाधड़ी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम अंकित ठाकुर (26) बताया गया है। इस पर इंस्टाग्राम पर ज्वेलरी के फर्जी विज्ञापन और व्हाट्सएप चैट के जरिए पीड़ित के साथ 1 लाख 16,975 रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल किया गया एक मोबाइल फोन और एक एक्टिव सिम भी जब्त किया है। सह आरोपी शमीम को पकड़ने और साइबर धोखाधड़ी सिंडिकेट के अन्य सदस्यों की पहचान करने के लिए आगे की जांच जारी है।

पुलिस के अनुसार 15 फरवरी को साइबर पुलिस स्टेशन में इंस्टाग्राम आधारित ऑनलाइन ज्वेलरी खरीद धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने इंस्टाग्राम पर ज्वेलरी का एक विज्ञापन देखा और विज्ञापन में दिखाए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की। हालांकि कॉल कनेक्ट नहीं हुई, लेकिन जल्द ही उसे एक दूसरे मोबाइल नंबर से कॉल बैक आया। ज्वेलरी विक्रेता के प्रतिनिधि के तौर पर बात करने वाले व्यक्ति ने बाद में व्हाट्सएप के जरिए उससे संपर्क किया और



ज्वेलरी देने का झूठा भरोसा दिलाकर धोखे से पैसे ट्रांसफर करवाए। जब ज्वेलरी डिलीवर नहीं हुई, तो उसे ठगी का एहसास हुआ। जांच के दौरान पुलिस ने बारीकी से तकनीकी विश्लेषण किया और आरोपी से जुड़े वित्तीय लेनदेन का पता लगाया। जांच से पता चला कि ठगी की रकम में से 97,580 रुपये कोटक महिंद्रा बैंक के एक क्रेडिट कार्ड के बिल के भुगतान में इस्तेमाल किए गए थे, जबकि 19,395 रुपये गुजरात के जाफरू के नाम पर जारी कोटक महिंद्रा बैंक के दूसरे क्रेडिट कार्ड के भुगतान में इस्तेमाल हुए थे। आगे की पूछताछ में यह बात सामने आई कि एक क्रेडिट कार्ड अंकित ठाकुर इस्तेमाल कर रहा था। इसके बाद पुलिस ने होडल, जिला पलवल, हरियाणा में छापेमारी की और आरोपी को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। इस केस में एक महिला को भी बाउंड डाउन/कानूनी प्रक्रिया के तहत पाबंद किया गया है। महिला बल्लभगढ़, फरीदाबाद, हरियाणा की रहने वाली है।

## हत्या की कोशिश के मामले में 17 साल से फरार दो आरोपी दबोचे

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने हत्या की कोशिश के एक मामले में करीब 17 साल से फरार दो भगोड़े आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को उत्तर प्रदेश के रामपुर और दिल्ली के मयूर विहार में अलग अलग अभियान के तहत गिरफ्तार किया गया। इनके नाम इकबाल सिंह उर्फ पल्ला (46) और भूपेंद्र सिंह उर्फ लवली (47) बताये गये हैं। पुलिस के अनुसार दोनों को 2007 में पटेल नगर थाने में दर्ज हत्या की कोशिश से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया गया। उसी साल इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था और जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद वे फरार हो गए थे। बाद में दोनों को भगौड़ा घोषित किया गया था। पुलिस के अनुसार मामला पारिवारिक विवाद से उपजा था और भूपेंद्र ने अमरजीत सिंह की मर्जी के खिलाफ उसकी बहन से शादी कर ली थी, जिससे दोनों परिवारों के बीच लंबे समय तक दुश्मनी बनी रही। 11 अप्रैल 2007 को इकबाल, भूपेंद्र और उनके साथियों ने पटेल नगर इलाके में अमरजीत सिंह पर कथित तौर पर लकड़ी के तख्ते और लोहे की पाइप से हमला किया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई थी। पुलिस ने बताया कि फरार रहने के दौरान दोनों आरोपियों ने अपनी पहचान बदल ली और टैक्सी चलाने लगे। पुलिस ने बताया कि इकबाल दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में हत्या के प्रयास और वाहन चोरी सहित 15 आपराधिक मामलों में शामिल है। भूपेंद्र पर पहले से छह मामले दर्ज हैं।

31 जुलाई को आएगा फैसला

## पुलिस ने अंकित हत्याकांड में ताहिर हुसैन को मृत्युदंड देने का किया अनुरोध

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने सोमवार को आसूचना ब्यूरो (आईबी) के अधिकारी अंकित शर्मा की सनसनीखेज हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए आप के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन और चार अन्य लोगों को मृत्युदंड दिए जाने का आग्रह किया। अदालत ने सजा की अवधि पर फैसला 31 जुलाई तक के लिए सुरक्षित रख लिया। पुलिस ने कहा कि शर्मा पर लगातार हमला करते समय दोषी जानवरों जैसी हरकत पर उतर आए थे । पांचों दोषियों की सजा को लेकर दलीलें अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रवीण सिंह के सामने रखी गईं।

विशेष लोक अभियोजक मधुकर पांडे ने अदालत में कहा कि दोषियों ने शर्मा का अपहरण किया, बेरहमी से मारपीट की और उनकी हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि उनकी मौत के बाद भी वे उन पर वार करते रहे। उन्होंने कहा कि अंकित शर्मा का अपहरण किया गया और बेरहमी से पीटकर उनकी हत्या कर दी गई। उनके शरीर पर कुल 51 घाव पाए गए, जिनमें से 18 घाव धारदार हथियारों से किए गए थे। इस्तेमाल किए गए हथियारों से इस अपराध के पीछे की मंशा और अपराधियों की क्रूरता का पता चलता है। वे जानवरों जैसी हरकत पर उतर आए थे। शर्मा की मौत के बाद भी वे उन पर हमला करते रहे। पांडे ने कहा कि अपराध जघन्य और क्रूर था तथा दोषियों को मृत्युदंड दिया जाना चाहिए।

हुसैन की ओर से पेश हुए वकील राजीव मोहन और तारा नरूला ने पुलिस के तर्क का विरोध किया और कहा कि उनके मुवक्किल की कोई खास भूमिका नहीं बताई गई है। उन्होंने कहा कि साथ ही, इस बात पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि 11 आरोपियों में से छह को इस मामले में बरी किया जा चुका है। वकील मोहन ने कहा कि हर दोषी व्यक्ति को मौत की सज़ा नहीं दी जानी चाहिए। पहले अपराध की गंभीरता बढ़ाने वाली परिस्थितियों पर विचार किया जाना चाहिए और उसके बाद सज़ा कम करने वाली परिस्थितियों पर। दोषी ठहराए जाने के मामले में, 11 आरोपियों में से छह को बरी किया जा चुका है। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सजा के संबंध में फैसला 31 जुलाई तक सुरक्षित रख लिया। गत 13 जुलाई को अदालत ने हुसैन और चार अन्य लोगों को शर्मा की हत्या का दोषी ठहराया था। 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान भीड़ ने शर्मा पर हमला किया था, जिनका शव बाद में एक नाले में मिला था।

## बकाया भुगतान को लेकर पेड़ पर चढ़ा शख्स, किया हाई वोल्टेज ड्रामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मध्य दिल्ली में एक व्यक्ति दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) द्वारा संचालित आश्रय गृहों का प्रबंध करने वाली एक एनजीओ से बकाया भुगतान नहीं मिलने का दावा करते हुए खुदकुशी करने के लिए सोमवार को एक पेड़ पर चढ़ गया। हालांकि, पुलिस ने उसे समझा-बुझा कर पेड़ से सुरक्षित नीचे उतार लिया। काउंसलिंग के बाद उसे घर छोड़ा गया। पुलिस के अनुसार सुबह करीब 11 बजे 51 वर्षीय राम सबद पेड़ पर चढ़ गया और इसके बाद आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी की तथा पेड़ पर चढ़े शख्स को ऐसा कदम नहीं उठाने के लिए समझाया। इस बीच दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस के अनुसार दमकल कर्मियों के संयुक्त प्रयासों से व्यक्ति को सुरक्षित रूप से पेड़ से नीचे लाया गया। उनके मुताबिक पूछताछ के दौरान राम सबद ने आरोप लगाया कि डूसिब के लिए आश्रय गृहों का प्रबंध देखने वाले एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) से उसे बकाया पैसा नहीं मिला है और इस वजह से वह अपनी जान देने के लिए पेड़ पर चढ़ गया था। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद एनजीओ के प्रतिनिधियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन वे उपलब्ध नहीं हुए। पुलिस ने यह भी बताया कि मौके पर ही व्यक्ति को परामर्श (काउंसलिंग) दिया गया और उसे आश्वस्त किया गया कि उसकी शिकायत पर गौर किया जाएगा और कानून के तहत उचित कार्रवाई की जाएगी।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **सलमान उर्फ कालिया पुत्रः** असगर, **पताः** मकान नंबर – 298, गली नंबर – 02, ई–ब्लॉक, श्री राम कॉलोनी खजूरी खास दिल्ली, ने **FIR No. 741/2020 U/s 25 A. Act थानाः खजूरी खास दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सलमान उर्फ कालिया** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सलमान उर्फ कालिया** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 741/2020 U/s 25 A. Act थानाः खजूरी खास दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **सलमान उर्फ कालिया** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री श्रुति सारस्वत
जेएमएफसी– 03, कमरा नंबर 22, पहली मंजिल
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**DP/10318/NE/2026**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **गुफ़रियन, पुत्रः** मो. जहाँगीर, **पताः** सी–1104, जेजे कॉलोनी, बवाना, दिल्ली, ने **FIR No. 668/22 U/s 356/379/411/34 IPC थानाः बवाना, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गुफ़रियन** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गुफ़रियन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 668/22 U/s 356/379/411/34 IPC थानाः बवाना, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गुफ़रियन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.09.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री भारती बेनीवाल
जेएमएफसी–05, कमरा नंबर 114
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/10090/ON/2026**
**(Court Matter)**


## डीटीसी की सलाह : बिना कार्ड वाली महिलाओं के साथ शालीनता से व्यवहार करें कंडक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने एक सकुर्लर जारी कर सभी डिपो और क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देश दिया है कि वे बस कंडक्टरों को नए नियमों के प्रति जागरूक करें। कंडक्टरों से कहा गया है कि वे बिना कार्ड वाली महिलाओं के साथ शालीनता से व्यवहार करें और उन्हें कार्ड बनवाने हेतु प्रेरित करें, जबकि कार्ड धारक पात्र महिलाओं को सुविधापूर्वक यात्रा कराएं। दिल्ली परिवहन निगम के परिचालन विभाग द्वारा जारी सकुर्लर के अनुसार आगामी 1 अगस्त 2026 से बसों में सालों से चली आ रही कागजी गुलाबी (पिंक) टिकट व्यवस्था को पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। अब केवल वही महिला यात्री मुफ्त सफर कर सकेंगी, जिनके पास वैध 'गुलाबी सहेली स्मार्ट कार्ड' उपलब्ध होगा। जारी सकुर्लर के अनुसार यह फैसला स्मार्ट कार्ड आधारित इलेक्ट्रॉनिक व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए लिया गया है। यह सकुर्लर उप मुख्य महाप्रबंधक (ऑपरेशंस) आलोक कुमार ने जारी किया है। सकुर्लर में यह स्पष्ट किया गया है कि 31 जुलाई 2026 तक पुरानी व्यवस्था पूर्ववत जारी रहेगी। तब तक सभी बस कंडक्टर महिलाओं को कागजी गुलाबी टिकट जारी करेंगे। 1 अगस्त 2026 से डीटीसी व क्लस्टर बसों में चढ़ते समय महिला यात्रियों को अपना 'पिंक साहेली स्मार्ट कार्ड' (कंडक्टर की ईटीएम मशीन पर टैप कराना होगा। कार्ड टैप होते ही डिजिटल माध्यम से टिकट मान्य हो जाएगा। जारी सकुर्लर के अनुसार यदि किसी महिला यात्री के पास 1 अगस्त के बाद स्मार्ट कार्ड नहीं होगा, तो उन्हें बस में मुफ्त यात्रा हेतु गुलाबी टिकट जारी नहीं किया जाएगा। ऐसी स्थिति में महिलाओं को आम यात्रियों की तरह निर्धारित किराया देकर सामान्य टिकट खरीदना होगा। इस सकुर्लर की प्रतिलिपि दिल्ली सरकार के परिवहन आयुक्त, प्रबंध निदेशक कार्यालय, तथा आईटी, यातायात, जनसंपर्क और प्रशासन विभाग के उप महाप्रबंधकों को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी गई है।

## होटल अग्निकांड: अदालत ने गिरफ्तार रसोइये को जमानत दी

एजेंसीःनई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने पिछले महीने मालवीय नगर के एक होटल में लगी आग के सिलसिले में गिरफ्तार एक रसोइये को सोमवार को जमानत दे दी। इस हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समर विशाल ने तीन जून को आग लगने की घटना में कथित तौर पर लापरवाही बरतने के आरोप में गिरफ्तार केशर नेगी की जमानत अर्जी पर सुनवाई की। मालवीय नगर के हौज रानी इलाके में 'फ्लोरिश स्टेज बेड एंड ब्रेकफ़ास्ट' में लगी आग की जांच के सिलसिले में कई अन्य लोगों को हिरासत में लिया गया और उनसे पूछताछ की गई। होटल के मालिक लवकेश बजाज को भी गिरफ्तार किया गया और उसके खिलाफ गैर-इरादतन हत्या समेत कई सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारियों ने बताया कि इमारत को अग्निशमन सेवा विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं था।

## बाबा लखी शाह बंजारा ने समाज के कल्याण के लिए किया काम : यादव



- कांग्रेस पार्टी को मौका मिलेगा तो दिल्ली में बंजारा समाज के लोगों के अधिकारों के लिए प्राथमिकता से काम केरगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बाबा लखी शाह बंजारा ने बंजारा समाज के लोगों को एकजुट बनाकर जोड़ने और उनके कल्याण के लिए काम किया। मैं विश्वास दिलाता हूं कि जब कभी भी मौका मिलेगा तो कांग्रेस पार्टी दिल्ली में बंजारा समाज के साथ मिलकर प्राथमिकता से उनके अधिकारों और परेशानियों को दूर करने के लिए काम केरगी। यह बात सोमवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव दिल्ली में बाबा लखी शाह बंजारा और बाबा माखन शाह लुबाना की जंयती पर बंजारा एकता संकल्प यात्रा के समापन समारोह के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आज बंजारा समाज छोटे-छोटे दलों में बंट गया है। लेकिन चाहे मोदी सरकार हो या कांग्रेस, कोई बंजारा समाज के इस बलिदान को नजरअंदाज नहीं कर सकता क्योंकि लखी बंजारा वह शख्सियत थी जिसने अंग्रेजी शासन में गुरु तेगबहादुर के शरीर को बचाकर उनका दाह संस्कार किया था। ऐसा करने के लिए उन्होंने एक-एक करके अपने घरों को जलाया ताकि अंग्रेजी हूकूमत को दुर्घटना लगे। उनके इस बलिदान का खामियाजा आज तक बंजारा समाज के लोगों को चुकाना पड़ रहा है। यादव ने कहा कि हमने हमेशा सभी समाज और वर्गो के लोगों के साथ मिलकर आगे बढ़ने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि देश तभी आगे बढ़ता है जब हर समाज को उसका अधिकार मिले और एकजुटता के साथ हम सब देश की तरक्की में योगदान करें। यादव ने कहा कि बंजारा एकता संकल्प यात्रा के समापन समारोह का आयोजन बंजारा समाज की संत सेवालाल महाराज चेरिटेबल ट्रस्ट ने किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष जगननाथ राव और धर्माधिकारी मुख्य पुजारी श्रीश्री महाराज का यादव ने अभिनन्दन किया। यादव ने कहा कि दिल्ली में बंजारा समाज की संख्या हजारों में है, जिन्हें अपने अधिकारों के जिए एकजुट रहने की जरुरत है। सरकारों की संवेदनहीनता और उनको समान अवसर न देने के कारण यह वर्ग पिछड़ा हुआ, क्योंकि यह दिल्ली सहित देश में छोटे-छोटे दलों में बंटे हुए हैं। बंजारा समाज के लोगों को एकजुट होने की जरुरत है। अगर बंजारा समाज के लोग एकजुट रहेंगे तो कोई भी राजनीतिक दल, सरकार आपको आपका हक और अधिकार देने के लिए आपके दरवाजे पर खुद आएगी।

## चार अगस्त को संसद तक 'ई-20' विरोधी मार्च निकालेंगी परिवहन यूनियन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के परिवहन क्षेत्र से जुड़े संगठनों ने एथनॉल मिश्रित पेट्रोल नीति को वापस लेने की मांग को लेकर चार अगस्त को संसद तक विरोध मार्च निकालने की घोषणा की। दिल्ली टैक्सी एंड टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर्स एंड टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन' और अन्य संगठनों ने यह आह्वान किया। दिल्ली टैक्सी एंड टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर्स एंड टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन' के अध्यक्ष संजय सम्राट ने कहा कि हम एथनॉल मिश्रित पेट्रोल नीति को वापस लेने की मांग को लेकर चार अगस्त को संसद तक विरोध मार्च निकालने की योजना बना रहे हैं। हम इस मुद्दे पर अब तक चुप बैठे सांसदों को जागने का संदेश देना चाहते हैं, क्योंकि एथनॉल मिश्रण के कारण देशभर में वाहनों में समस्याएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा,ऱ्हम इसे राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाना चाहते और न ही हमारा किसी 'ई-20 जनता पार्टी' या कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा)या किसी अन्य राजनीतिक दल से कोई संबंध है। वह ई-20 ईंधन के खिलाफ जारी ऑनलाइन आंदोलन का जिक्र कर रहे थे। इसमें 20 प्रतिशत एथनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल का मिश्रण होता है। 'ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस' के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीश सभरवाल ने कहा कि वह ई-20 ईंधन को उपभोक्ताओं के लिए एकमात्र विकल्प बनाने के सरकार के फैसले के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ऱ्हमने कहा है कि एथनॉल मिश्रित पेट्रोल यात्रियों पर जबरदस्ती नहीं थोपा जाना चाहिए। लोगों के पास विकल्प होना चाहिए, लेकिन फिलहाल कोई विकल्प नहीं दिया जा रहा है। हम संसद तक होने वाले विरोध मार्च का समर्थन कर रहे हैं। एसोसिएशन की ओर से अभी तक किसी हड़ताल का आह्वान नहीं किया गया है।


**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज अम्बाला | एमपीएलएडी– रामनगर डेरा गांव धीन, ब्लॉक बराड़ा, जिला अम्बाला में बस शैड (बस क्यू शेल्टर) का निर्माण। | 24.07.2026 30.07.2026 | 3.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | जलबेहरा – गांव जलबेहरा ब्लॉक इस्माइलाबाद में तालाब का निर्माण / पुनरोद्धार + 2 कार्य। | 24.07.2026 30.07.2026 | 133.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 3 | मोती लाल नेहरू खेल विद्यालय, राई, सोनीपत | लैंडस्केपिंग सेवाएं। | 25.07.2026 14.08.2026 | 35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8708859410 mnssrai@rediffmail.com |
| 4 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीच चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार में एचवीएसी सेवाओं के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के प्रावधान हेतु निविदा। | 27.08.2026 10.08.2026 | 120 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 126700282 dirshkmnuh.med-hry@nic.in |
| 5 | सिविल सर्जन नारनौल | सिविल सर्जन नारनौल के जिला प्रशिक्षण केन्द्र कार्यालय में प्रशिक्षक और प्रशिक्षु के लिए भोजन की व्यवस्था। | 25.07.2026 05.08.2026 | ईएमडी 10500/- | https://etenders.hry.nic.in | 9355471955 dcstrg.mhn@gmail.com |
| 6 | वन विभाग, सिरसा | राज्य, कैम्पा और एनएचएआई स्कीम के तहत सिरसा, रानियां, डबवाली और कालांवाली रैंज में नया पौधारोपण और कार्यो का रखरखाव। | 24.07.2026 29.07.2026 | 1513.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416067122 forest_srisa@yahoo.com |
| 7 | वन विभाग, सिरसा | राज्य और कैम्पा स्कीम के तहत सिरसा, रानियां, डबवाली और कालांवाली रैंज में प्लांटेशन रखरखाव और नर्सरी और कार्य। | 24.07.2026 30.07.2026 | 418.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416067122 forest_srisa@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2027/140/47566/I/88/7 दि. 27.07.26

## खबर संक्षेप



### सीएम ने 22वीं कॉमनवेल्थ टेबल टेनिस चैंपियनशिप का किया शुभारंभ

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 22वीं कॉमनवेल्थ टेबल टेनिस चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर दिल्ली के शिक्षा एवं खेल मंत्री आशीष सूद के साथ-साथ आयोजन समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं विभिन्न देशों से आए खिलाड़ी भी उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह में दिल्ली के शिक्षा एवं खेल मंत्री आशीष सूद ने 22वीं कॉमनवेल्थ टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2026 के खिलाड़ियों, अधिकारियों एवं विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि खेल एक ऐसी सार्वभौमिक भाषा है जो भाषा, संस्कृति और सीमाओं से ऊपर उठकर लोगों को जोड़ती है। शिक्षा मंत्री ने कॉमनवेल्थ टेबल टेनिस फेडरेशन, टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया, आयोजन समिति, स्वयंसेवकों, अधिकारियों तथा इस आयोजन को सफल बनाने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### भारत की सनातन संस्कृति की आत्मा है गौमाताः आदेश गुप्ता

नई दिल्ली। गौमाता भारत की सनातन संस्कृति, आस्था, कृषि परंपरा और ग्राम्य जीवन की आत्मा हैं। करोड़ों देशवासियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए अब समय आ गया है कि गौ संरक्षण को राष्ट्रीय संकल्प का विषय बनाया जाए। दिल्ली भाजपा प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर आदेश गुप्ता ने सोमवार को तालकटोरा स्टेडियम के निकट मध्य दिल्ली जिलाधिकारी कार्यालय को राष्ट्रपति के नाम साढ़े पाँच लाख नागरिकों के हस्ताक्षरों से युक्त ज्ञापन सौंपने के बाद यह जानकारी दी। आदेश गुप्ता ने कहा कि साढ़े पाँच लाख नागरिकों के हस्ताक्षर इस बात का प्रमाण हैं कि गौमाता के सम्मान और संरक्षण की मांग किसी एक संगठन की नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की जनभावना है। भाजपा नेता आदेश गुप्ता ने कहा कि हम केंद्र सरकार से आग्रह करते हैं कि गौ हत्या पर पूरे देश में प्रभावी केंद्रीय कानून बनाया जाए तथा गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान प्रदान कर देश की सांस्कृतिक विरासत का गौरव बढ़ाया जाए।

### झमाझम बारिश से नई दिल्ली फंसी जाम में

नई दिल्ली। शाम के समय हुई झमाझम बारिश के चलते सोमवार को नई व पुरानी दिल्ली के कई क्षेत्रों में लंबा जाम लग गया। जिसकी वजह से सड़कों पर वाहनों को रेंगने को मजबूर हो गए। इनमें सबसे ज्यादा बुरे हालात आईटीओ चौक, राजघाट के आस पास,डीडीयू मार्ग, सिविक सेंटर के करीब से आसफ अली रोड और तुर्कमान गेट के नजदीक का इलाका, पहाड़गंज जाने वाली सड़क, मिंटो रोड़ से कनॉट प्लेस आदि शामिल रहे। जबकि रिंग रोड पर राजघाट से मजनू का टिल्ला तक भी जाम जैसे हालात देखे गए। बारिश से लोगों को उमस व गर्मी से राहत मिली, जबकि इससे पहले पूरे दिन पसीना पसीना करने वाली उमस ने लोगों को बेहाल कर रखा था। मौसम विभाग ने पहले ही बारिश का अलर्ट जारी किया था। विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक आसमान में बादल छाए रहेंगे और 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चलने की संभावना है।

### जलभराव की स्थिति होने पर परिवर्तित रहेगा डीटीसी बस रूट

नई दिल्ली। दिल्ली के मिंटो ब्रिज, प्रहलादपुर अंडरपास, जखीरा अंडरपास और आजादपुर अंडरपास के पास बारिश के दौरान अगर जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है और उससे बसों के परिचालन में बाधा आने पर दिल्ली परिवहन निगम ने बस रूटों में वैकल्पिक बदलाव संबंधी जानकारी सोमवार को दी है। डीटीसी के उप मुख्य महाप्रबंधक (परिचालन) के आदेश के संबंध में डीटीसी ने सोमवार को बताया कि मिंटो ब्रिज के नीचे जलभराव होने पर कनॉट सर्कल से मिंटो ब्रिज से दीनदयाल उपाध्याय मार्ग की ओर जाने वाली बसें सुपर बाजार, बाराखंबा रोड, से वायें मुड़कर महाराजा रणजीत सिंह फ्लाईओवर से रामलीला मैदान की ओर से अपने गंतव्य की ओर जायेंगी। वहीं विवेकानंद मार्ग, मिंटो ब्रिज और दीनदयाल मार्ग की तरफ से कनॉट सर्कल की ओर जाने वाली बसें कमला मार्किट, बहादुर शाह जफर मार्ग, महाराजा रणजीत सिंह फ्लाईओवर और बाराखंभा होते हुए अपने गंतव्य की ओर जायेंगी।

---

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और महंगाई को देखते हुए लिया सहायता राशि बढ़ाने का फैसला

# बड़े कांवड़ शिविरों को दिल्ली सरकार देगी 15 लाख की सहायताः सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि दिल्ली सरकार कांवड़ यात्रा-2026 को अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से बड़ा निर्णय ले रही है। सरकार ने कांवड़ समितियों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता में उल्लेखनीय वृद्धि करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर वर्ष कांवड़ यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। वहीं, महंगाई के कारण कांवड़ शिविरों के संचालन, भोजन, पेयजल, चिकित्सा, स्वच्छता और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर होने वाला खर्च भी बढ़ा है। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार ने बड़े कांवड़ शिविरों का संचालन करने वाली समितियों को 15 लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से कांवड़ समितियां श्रद्धालुओं के लिए पहले से अधिक बेहतर और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध करा सकेंगी। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और उन्हें सुरक्षित, स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण मिले। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार श्रद्धालुओं की सेवा और उनकी सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है तथा कांवड़ यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देना सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे बड़ा बदलाव बड़े कांवड़ शिविरों के लिए किया गया है। अब 20 हजार वर्गफुट से अधिक क्षेत्र में 6 से 12 दिन तक संचालित होने वाले कांवड़ शिविरों को मिलने वाली सहायता 11 लाख रुपये से बढ़ाकर 15 लाख रुपये कर दी जाएगी। इसी प्रकार, 20 हजार वर्गफुट से अधिक क्षेत्र वाले 3 से 5 दिन के शिविरों के लिए सहायता राशि 6 लाख रुपये से बढ़ाकर 9 लाख रुपये की जाएगी। यह निर्णय कांवड़ समितियों पर बढ़ते आर्थिक बोझ को कम करने और श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अन्य सभी श्रेणियों के कांवड़ शिविरों की सहायता राशि में भी वृद्धि की जाएगी। 15 हजार 1 से 20 हजार वर्गफुट तक के शिविरों के लिए 3 से 5 दिन की अवधि में सहायता 4 लाख रुपये से बढ़ाकर 8 लाख रुपये और 6 से 12 दिन की अवधि में 7 लाख रुपये से बढ़ाकर 9 लाख रुपये की जाएगी। 10 हजार 1 से 15 हजार वर्गफुट तक के शिविरों के लिए सहायता 4 लाख रुपये से बढ़ाकर 6 लाख रुपये और 7 लाख रुपये से बढ़ाकर 8 लाख रुपये की जाएगी। 5 हजार 1 से 10 हजार वर्गफुट तक के शिविरों के लिए सहायता 2 लाख 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 3 लाख रुपये और 4 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये की जाएगी। वहीं 5 हजार वर्गफुट तक के छोटे शिविरों के लिए सहायता 1 लाख 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 2 लाख रुपये और 2 लाख रुपये से बढ़ाकर 3 लाख रुपये की जाएगी।

#### सभी विभागों के बीच समन्वय की व्यवस्था रहेगी जारी

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछले वर्षों की तरह इस बार भी सिंगल विंडो सिस्टम और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की व्यवस्था जारी रहेगी। सभी विभाग मिलकर बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2024 में जहां 170 कांवड़ शिविर लगाए गए थे, वहीं वर्ष 2025 में इनकी संख्या बढ़कर 308 हो गई। पहले की तरह कांवड़ समितियों को 1,200 यूनिट तक मुफ्त बिजली की सुविधा मिलती रहेगी। उन्होंने कहा कि कांवड़ समितियों को अनुदान मिलने में देरी न हो, इसके लिए प्रक्रिया को भी सरल बनाया जाएगा। अब अनुदान की अग्रिम और अंतिम दोनों किस्तें सीधे संबंधित जिलाधिकारी (डीएम) कार्यालय से जारी की जाएंगी।

---

## दिल्ली विश्वविद्यालय ने आईटीईपी प्रवेश के लिए खोला पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- शिक्षक बनने के लिए 2 अगस्त तक करें आवेदन
- लंबे समय से इंतजार कर रहे हजारों अभ्यर्थियों को मिली राहत

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने आखिरकार शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए चार वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (आईटीईपी- बीए-बीएड/बीएससी-बीएड) में प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा कर दी है। लंबे समय से अधिसूचना का इंतजार कर रहे हजारों अभ्यर्थियों के लिए यह बड़ी राहत की खबर है। विश्वविद्यालय ने सोमवार को सार्वजनिक सूचना जारी करते हुए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू करने का ऐलान किया। डीयू के अनुसार आईटीईपी में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी 27 जुलाई 2026 शाम 5 बजे से 2 अगस्त 2026 रात 11:59 बजे तक विश्वविद्यालय के पोर्टल https://itep.uod.ac.in/ पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बता दें कि 'राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए)' द्वारा आयोजित 'एनसीईटी-2026' का परिणाम 4 जून को घोषित कर दिया गया था। इसके बाद से अभ्यर्थी लगातार दिल्ली विश्वविद्यालय से प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने की मांग कर रहे थे। इसी दौरान विश्वविद्यालय ने सीयूईटी के माध्यम से स्नातक पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू कर दी थी, लेकिन आईटीईपी का नोटिफिकेशन जारी नहीं होने से छात्रों में असमंजस और चिंता बनी हुई थी। कई अभ्यर्थियों ने इसे लेकर अपनी नाराजगी भी जताई थी।

अब डीयू द्वारा पंजीकरण शुरू किए जाने के बाद अभ्यर्थियों ने राहत व्यक्त की है। हालांकि, सीट आवंटन (एलोकेशन) की तिथि अभी घोषित नहीं की गई है। डीयू ने स्पष्ट किया है कि 'अलॉटमेंट का विस्तृत कार्यक्रम बाद में जारी किया जाएगा। डीयू की प्रवेश शाखा ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि आवेदन करने से पहले 'आईटीईपी बुलेटिन ऑफ इंफॉर्मेशन' को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा प्रवेश से संबंधित सभी अपडेट के लिए नियमित रूप से विश्वविद्यालय की प्रवेश वेबसाइट देखते रहें। बता दें कि सोमवार शाम डीयू प्रशासन द्वारा की यह घोषणा उन हजारों अभ्यर्थियों के लिए राहत लेकर आई है जो पिछले कई सप्ताह से दिल्ली विश्वविद्यालय में आईटीईपी प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब उनके लिए शिक्षक बनने की दिशा में अगला महत्वपूर्ण चरण शुरू हो गया है।

---

# इंसानियत की मिसाल बने डीटीसी बस चालक और संवाहक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- बस में बेहोश हुई महिला यात्री को बिना देरी अस्पताल पहुंचाकर बचाई जान
- ड्यूटी से बढ़कर निभाया मानवता का फर्ज, कीमती सामान रखा सुरक्षित
- ठीक होने के बाद महिला ने डिपो पहुंचकर किया सम्मानित

दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के एक बस चालक और संवाहक ने मानवता की ऐसी मिसाल पेश की है, जिसकी हर ओर सराहना हो रही है। इन दोनों कर्मियों ने अपनी ड्यूटी के साथ-साथ इंसानियत का परिचय देते हुए बस में बेहोश हुई एक महिला यात्री को समय रहते अस्पताल पहुंचाया, उनका सामान सुरक्षित रखा और इलाज शुरू होने तक पूरी जिम्मेदारी निभाई। बाद में स्वस्थ होने पर सुमन हुड्डा दोनों कर्मियों का धन्यवाद करने के लिए स्वयं कैर डिपो पहुंचीं। उन्होंने पूरे स्टाफ की मौजूदगी में चालक अजय और संवाहक कुलदीप का सम्मान करते हुए कहा कि यदि उस समय उन्हें समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जाता तो स्थिति गंभीर हो सकती थी। उन्होंने बताया कि उनके बैग में नकदी, मोबाइल फोन और अन्य जरूरी सामान था, जिसे दोनों कर्मियों ने पूरी ईमानदारी के साथ सुरक्षित रखा और वापस दिलाया।

#### डॉक्टरों के सुपुर्द करने के बाद ही अपनी ड्यूटी पर लौटे

मिली जानकारी के अनुसार, 16 जुलाई 2026 को नजफगढ़ क्षेत्र के कैर डिपो की रूट संख्या 824 की डीटीसी बस में यात्रा के दौरान सुमन हुड्डा की अचानक तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गईं। बस चालक अजय और संवाहक कुलदीप ने बिना देर किए उन्हें नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया। वहां उनका सामान सुरक्षित जमा कराया और डॉक्टरों के सुपुर्द करने के बाद ही अपनी ड्यूटी पर लौटे। भावुक होते हुए महिला यात्री सुमन हुड्डा कहा कि इस मदद को वह जीवनभर नहीं भूलेंगी। महिला ने बताया कि उनके पिता आर्मी से सेवानिवृत हैं।

#### दोनों कर्मियों की ईमानदारी की हुई सराहना

कैर डिपो में महिला ने दोनों कर्मियों और उस समय मौजूद डीटीसी कर्मियों के बीच कहा कि वह एक प्रमाणित करियर काउंसलर हैं और भविष्य में यदि उन्हें या उनके परिवार के किसी सदस्य को करियर संबंधी मार्गदर्शन की आवश्यकता होगी तो वह निशुल्क सहायता उपलब्ध कराएंगी। इस अवसर पर मौजूद अन्य डीटीसी कर्मियों ने भी चालक और संवाहक की संवेदनशीलता और ईमानदारी की सराहना की। डीटीसी के इन दोनों कर्मियों की सूझबूझ, जिम्मेदारी और मानवीय संवेदनाओं ने न केवल एक महिला की जान बचाई, बल्कि यह भी दिखाया कि सार्वजनिक सेवा में कार्यरत कर्मचारी अपने कर्तव्य के साथ मानवता का धर्म भी पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं।

---

### डीयूः स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग में एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू

दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) ने चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (एफवाईयूपी) पूरा करने वाले विद्यार्थियों के लिए मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा (ओडीएल) माध्यम से एक वर्षीय स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रम शुरू कर दिए हैं। एसओएल की निदेशक प्रो. पायल मागो ने सोमवार को जानकारी देते हुए कहा कि ये पाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2026-27 (जुलाई-अगस्त 2026) से उपलब्ध होंगे। एसओएल इस सत्र से वाणिज्य, राजनीति विज्ञान, इतिहास, हिंदी और संस्कृत विषयों में एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित करेगा। मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा माध्यम से शुरू किए गए इस नए एक वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम में वही विद्यार्थी प्रवेश ले सकेंगे जिन्होंने चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम पूरा किया है तथा निर्धारित पात्रता शर्तों और नियामकीय प्रावधानों को पूरा करते हैं। एसओएल ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी। प्रो. पायल मागो ने कहा कि एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू होने से संस्थान के वर्तमान दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह पाठ्यक्रम पात्र विद्यार्थियों के लिए एक अतिरिक्त विकल्प के रूप में शुरू किया गया है। एक वर्षीय और दो वर्षीय दोनों स्नातकोत्तर कार्यक्रम समानांतर रूप से संचालित किए जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों को अधिक लचीलापन मिलेगा और गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने की एसओएल की प्रतिबद्धता भी बनी रहेगी।

---

### निगम की करोल बाग जोन में अनधिकृत निर्माण, संपत्तियों के दुरुपयोग के विरुद्ध कार्रवाई तेज

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम ने दावा किया है कि करोल बाग जोन में अनधिकृत निर्माण एवं आवासीय संपत्तियों के दुरुपयोग के विरुद्ध कार्रवाई को तेज कर दिया गया है। जिसमें सोमवार को करोल बाग जोन के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक ध्वस्तीकरण (डेमोलिशन) एवं सीलिंग अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई भवन विभाग द्वारा निगम अधिनियम तथा प्रचलित भवन उपविधियों (बिल्डिंग बायलॉज) के प्रावधानों के अनुरूप की गई। निगम के अनुसार इस अभियान के दौरान एमसीडी ने पंजाबी बाग क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की, जिसमें अवैध रूप से किए गए संरचनात्मक विस्तार को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान भूतल पर बनी अनधिकृत आरसीसी छत के पैनलों आदि को गैस कटर की सहायता से काटा गया। वहीं प्रथम तल पर निर्मित अनधिकृत दीवारों एवं स्तंभों को भी ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई स्थानीय पुलिस एवं एमसीडी के ध्वस्तीकरण दस्ते के सहयोग से शांतिपूर्वक संपन्न हुई। निगम की माने तो इसी क्रम में एमसीडी ने ईस्ट पटेल नगर, वेस्ट पटेल नगर, साउथ पटेल नगर तथा रंजीत नगर क्षेत्रों में आवासीय संपत्तियों के दुरुपयोग के विरुद्ध व्यापक सीलिंग अभियान भी चलाया गया। इस अभियान के दौरान भूमि उपयोग एवं भवन संबंधी नियमों के उल्लंघन के मामलों में 11 संपत्तियों को विभिन्न प्रवेश एवं निकास बिंदुओं से सील किया गया। एमसीडी ने सभी संपत्ति स्वामियों एवं निवासियों से अपील की है कि वे निर्धारित भवन एवं भूमि उपयोग संबंधी नियमों का पूर्ण पालन करें। इसकी अनदेखी करने पर अधिनियम एवं अन्य लागू नियमों के किसी भी उल्लंघन पर आवश्यकतानुसार ध्वस्तीकरण, सीलिंग तथा अन्य कठोर प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी।

---

# नए सपनों के साथ आज से गुलजार होगा डीयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- पहले दिन उम्मीदों की नई उड़ान भरेंगे कॉलेज में आने वाले विद्यार्थी

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में आज मंगलवार से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत होने जा रही है। पहले दिन देश के विभिन्न राज्यों से आए हजारों नए विद्यार्थी अपने सपनों को साकार करने की उम्मीद लेकर विश्वविद्यालय परिसर में कदम रखेंगे। कॉलेज परिसरों में नए चेहरों, नई मित्रताओं और नई उम्मीदों के साथ उत्साह और उमंग का विशेष माहौल देखने को मिलेगा। पहले दिन छात्र-छात्राएं ओरिएंटेशन कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे, जहां उन्हें कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था, पाठ्यक्रम, पुस्तकालय, विभिन्न छात्र गतिविधियों, सोसायटी, खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। वरिष्ठ छात्र भी नए विद्यार्थियों का स्वागत करेंगे, जिससे वे विश्वविद्यालय के माहौल से सहजता से जुड़ सकें। दिल्ली विश्वविद्यालय के द्वारा आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आधिकारिक कैलेंडर जारी कर दिया गया है। यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, सभी स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए नए सत्र की शुरुआत 28 जुलाई 2026 से होगी।

#### नई शुरुआत को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह

बता दें कि नई शुरुआत को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह है। कई छात्र पहली बार अपने घर से दूर उच्च शिक्षा की ओर कदम बढ़ा रहे हैं, जबकि बड़ी संख्या में छात्र दिल्ली विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान का हिस्सा बनने के अपने लंबे समय से देखे गए सपने को साकार होते देख उत्साहित हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने नए सत्र के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। कॉलेज परिसरों में सुरक्षा, स्वच्छता, सहायता केंद्र, हेल्प डेस्क और एंटी-रैगिंग व्यवस्था को सक्रिय रखा गया है, ताकि नए विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

#### नवाचार की सोच विकसित करने का भी महत्वपूर्ण मंच है कॉलेज

डीयू के श्री अरविंदों कॉलेज के हिंदी विभाग में वरिष्ठ प्रोफेसर हंसराज सुमन, अदिति कॉलेज से डॉ रजनी मान, स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज में डॉ. मुकेश राणा आदि का कहना है कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जिम्मेदारी और नवाचार की सोच विकसित करने का भी महत्वपूर्ण मंच है। ऐसे में नए विद्यार्थियों के लिए यह दिन उनके जीवन के एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक होगा। दिल्ली विश्वविद्यालय का नया शैक्षणिक सत्र न केवल हजारों विद्यार्थियों के लिए नई उम्मीदें लेकर आया है, बल्कि उनके भविष्य को नई दिशा देने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम भी माना जा रहा है।

---

# निगम स्थायी समिति के चुनाव में सत्या शर्मा अध्यक्ष, सत्यपाल सिंह उपाध्यक्ष हुए निर्विरोध विजयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम की सबसे शक्तिशाली स्थायी समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए सोमवार को हुए चुनाव में भाजपा की सत्या शर्मा ने अध्यक्ष व सत्यपाल सिंह ने उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध विजय प्राप्त की है। निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में संपन्न हुई चुनाव में प्रक्रिया के लिए नेता सदन जय भगवान यादव को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया। यादव ने बैठक शुरू होते ही घोषणा की कि अध्यक्ष पद के लिए केवल एक ही नाम आया था, इसलिए सत्या शर्मा को निर्विरोध विजयी घोषित किया जाता है। जिसके बाद स्थायी समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सत्या शर्मा ने उपाध्यक्ष पद के लिए सत्यपाल सिंह को निर्विरोध विजयी घोषित किया। क्योंकि मुख्य विपक्षी दल आम आदमी पार्टी ने अपना कोई उम्मीदवार ही खड़ा नहीं किया था। इस अवसर पर सत्या शर्मा व सत्यपाल सिंह ने जिम्मेदारी देने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा व सीएम रेखा गुप्ता का धन्यवाद किया। इस मौके पर सत्या शर्मा ने कहा कि आगामी कार्य योजना में स्वच्छ दिल्ली, स्वस्थ दिल्ली, शिक्षित दिल्ली, सुशासन एवं सशक्त निगम के पांच प्रमुख संकल्पों पर आधारित होगी। उन्होंने भरोसा दिया कि पक्ष और विपक्ष के सदस्यों को अपनी अपनी बात रखने का पूरा अवसर दिया जाएगा। इस मौके पर उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने कहा कि निगम में अगर मजबूत व सकारात्मक विपक्ष हो तो कार्य बेहतरीन तरीके से होता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के विकास को और अधिक बेहतरीन तरीके से आगे ले जाने में विपक्ष का सहयोग भी मिलना चाहिए। सत्यपाल ने कहा कि पीएम मोदी के सपनों की दिल्ली बनाने का कार्य दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता भली भांति कर रही है। सीएम के सहयोग से नगर निगम में हमने बेहतरीन कार्य किए है। भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार राजधानी को कूड़ा मुक्त बनाने के लिए दिन रात कार्य कर रही है, हम इस लक्ष्य को बहुत जल्द हासिल कर लेंगे। अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने कहा कि इस कार्यकाल की सबसे बड़ी प्राथमिकता वर्ष 2022 के एमसीडी चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिल्ली की जनता से किए गए वादों को धरातल पर उतारना तथा जनहित के विकास कार्यों को गति देना होगा। उन्होंने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में स्थायी समिति के बजट में घोषित जनहितकारी योजनाओं एवं विकास परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करना उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। सत्या शर्मा व सत्यपाल सिंह को विजयी होने पर महापौर प्रवेश वाही, नेता सदन जयभगवान यादव सहित अन्य समितियों के अध्यक्षों सहित आयुक्त संजीव खिरवार ने बधाई दी।

#### सत्या शर्मा को बधाई के साथ ही आप पार्षदों ने खोला मोर्चा, टोल टेंडर में 500 करोड़ के घोटाले के आरोप



नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की नवनिर्वाचित अध्यक्ष सत्या शर्मा व उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह को बैठक में आप पार्टी ने बधाई के साथ ही एमसीडी के टोल टेंडर में 500 करोड़ रूपए के घोटाले को लेकर जमकर घेरा। घोटाले पर आप के वरिष्ठ नेता और एमसीडी में सहप्रभारी प्रवीण कुमार व प्रीति डोगरा तथा सदस्य प्रवीण कुमार राजपूत ने कई सवाल खड़े किए। प्रवीण कुमार ने पहले दोनों को बधाई दी और तुरंत ही भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए आरोप लगाए कि टोल टेंडर में 500 करोड़ रूपए के घोटाले के चलते यह टेंडर रद्द किए जाए। समिति में मौजूद अन्य आप पार्षदों ने बैठक में ही पोस्टर लहराते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा। हांलाकि इस दौरान नेता सदन जय भगवान यादव आप पार्षदों से कहते रहे कि आज तो चुनाव हुए है बधाई देने का दिन है अगली बैठक में अपनी बात रखना। लेकिन प्रवीण कुमार ने आरोप जारी रखते हुए कहा कि इस टेंडर के लिए आए सात में से 1100 करोड़ समेत चार सबसे बड़ी बिड को जानबूझ कर स्वीकार नहीं किया गया। प्रवीण कुमार ने आगे कहा कि नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने इस मुद्दे पर पहले ही कमिश्नर को चिट्ठी लिख दी है, लेकिन भाजपा की जिद लगातार बनी हुई है। वे अपने सगे-संबंधियों को फायदा पहुंचाने के लिए इस बिड और टेंडर को लगातार जारी रख रहे हैं। हम मांग करते हैं कि इस टेंडर को तुरंत खारिज किया जाए और उसमें से 122 लेन का जो क्लॉज है, उसे हटाया जाए। एक ओपन टेंडर किया जाए जिससे एमसीडी को ज्यादा से ज्यादा रेवेन्यू मिल सके। प्रीति डोगरा का आरोप है कि एमसीडी को 1100 करोड़ मिल सकते थे लेकिन भाजपा के लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए टेंडर 936 करोड पर ही रोका गया। वहीं प्रवीण कुमार राजपूत ने घेरते हुए कहा कि टोल टैक्स का टेंडर स्टैंडिंग कमेटी के जरिए आना चाहिए था, लेकिन भ्रष्टाचार करने के लिए टेंडर सीधे लाया गया।

---

### गांवों, अनधिकृत कॉलोनियों में 50 फीसद लोगों तक नहीं पहुंचे एसआईआर एन्यूमरेशन फॉर्मः आप



नई दिल्ली। दिल्ली में चल रही एसआईआर प्रक्रिया पर आम आदमी पार्टी (आप) ने गंभीर प्रश्न खड़े किए है। सोमवार का प्रेसवार्ता के दौरान आप के दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि दिल्ली के अधिकांश गांवों और अनधिकृत कॉलोनियों में 50 फीसद लोगों तक भी एसआईआर का एन्यूमरेशन फॉर्म नहीं पहुंचे है। जबकि दूसरी तरफ चुनाव आयोग दावा कर रहा है कि बीएलओ ने अब 99 फीसद से ज्यादा एन्यूमरेशन फॉर्म लोगों में बांट दिए है, जो कि जमीनी हकीकत से कोसों दूर है। उन्होंने सवाल पूछा कि जब लोगों को एन्यूमरेशन फॉर्म ही नहीं मिलेगा, तो वे भरकर वापस कैसे देंगे और उनका एसआईआर होगा कैसे। भारद्वाज ने आरोप लगाया कि बीएलओ बड़ी मात्रा में फॉर्म अपने पास रखकर बैठे हैं और उन्हें बांट नहीं रहे हैं। कोठियों और डीडीए फ्लैट्स में फॉर्म घर-घर पहुंचे हैं, लेकिन गांव और अनधिकृत कॉलोनियों में, जिनकी आबादी दिल्ली में लगभग 70 फीसद है, वहां एन्यूमरेशन फॉर्म नहीं बांटे गए हैं। प्रेसवार्ता में मौजूद विधायक संजीव झा ने आरोप में कहा कि ज्यादातर बूथों पर 30 से 35 फीसद फार्म ही जमा हुए हैं। जबकि बीएलओ शिफ्टेड दिखाकर बाकी लोगों के वोट काट रहे है। चुनाव आयोग इस प्रक्रिया की समयावधि बढ़ाए या प्री-एसआईआर में काटे गए वोटों को लेकर कोई उचित समाधान निकाले। संजीव झा ने कहा कि मेरे अपने क्षेत्र बुराड़ी के बूथ नंबर 64 पर कुल 1670 वोट हैं, लेकिन अभी तक केवल 510 फॉर्म ही जमा हुए हैं। इसी प्रकार बूथ नंबर 158 पर 1460 वोटों में से केवल 427 फॉर्म और बूथ नंबर 160 पर 1041 वोटों में से केवल 280 फॉर्म ही जमा हुए है। उन्होंने बताया कि हर बूथ पर केवल 30 से 35 फीसद फॉर्म ही जमा हुए हैं। बीएलओ से आगे की प्रक्रिया के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि ऊपर से आदेश है कि बाकी सबको शिफ्टेड दिखा दिया जाए। जिसका सीधा मतलब है कि शिफ्टेड के नाम पर उन सबके वोट काट दिए जाएंगे। वहीं दुर्गेश पाठक ने कहा कि दिल्ली में एसआईआर को भाजपा ने अपने कब्जे में ले लिया है और बड़े स्तर पर घपलेबाजी चल रही है।



## खबर संक्षेप

### वीकेंड अभियान में 3 दिन में 185 आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त फरीदाबाद सतेंद्र कुमार गुप्ता के निर्देशन में अपराधियों पर शिकंजा कसने और कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से फरीदाबाद पुलिस द्वारा 24 से 26 जुलाई 2026 तक विशेष वीकेंड अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जिलेभर में अपराधियों, नशा तस्करों, अवैध शराब तस्करों, जुआ तथा उद्घोषित अपराधियों के विरुद्ध व्यापक स्तर पर कार्रवाई की गई।

### टीम ने दो वाहन चोरों को काबू किया



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा उंचा गांव की टीम ने कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी के एक मामले में 2 आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक स्कूटी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आनंद व विशाल निवासी मुजेसर फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया 21 अप्रैल 2026 को उसकी स्कूटी को स्थित उसकी दुकान के बाहर से कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया।

### ठगी के मामले में 2 आरोपी धराए



**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने टेलीग्राम पर टास्क पूरा कर अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देकर 3,22,000 की साइबर ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए बैंक खाताधारक सहित दो आरोपियों को गांव जमाराखिया पंजाब से 26 जुलाई को काबू किया है। टेलीग्राम पर विभिन्न टास्क पूरे कर मोटी कमाई कराने का लालच दिया।

## गो-सम्मान यात्रा निकालकर की गोहत्या पर रोक और राष्ट्र-माता के दर्जे की मांग

# जेल से बाहर आने के बाद मोनू मानेसर की अगुवाई में निकली गौ सम्मान आह्वान यात्रा, सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने और देशभर में पूर्ण गौहत्या बंदी की मांग को लेकर रविवार को गुरुग्राम में विशाल गौ सम्मान आह्वान यात्रा निकाली गई। बजरंग दल से जुड़े गौरक्षक मोनू मानेसर की अगुवाई में आयोजित इस यात्रा में सैकड़ों की संख्या में गौरक्षक, हिंदू संगठनों के पदाधिकारी, साधु-संत और गौ-समर्थक शामिल हुए। हाल ही में नियमित जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद यह मोनू मानेसर का पहला बड़ा सार्वजनिक कार्यक्रम रहा।

यात्रा की शुरुआत कमान सराय ग्राउंड से हुई, जहां आयोजित सभा में गौ-संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इसके बाद यात्रा अग्रसेन चौक, डाकखाना चौक, सदर बाजार, सोहना चौक और राजीव चौक से होते हुए लघु सचिवालय पहुंची। गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दो और देश में पूर्ण गौहत्या बंदी लागू करो जैसे नारों के साथ गौ-संरक्षण के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया गया। लघु सचिवालय पहुंचकर प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से केंद्र सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने, पूरे देश में गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गोवंश संरक्षण के लिए 'गोसेवा मंत्रालय' के गठन तथा गौ-सुरक्षा के लिए एक समान और सख्त केंद्रीय कानून बनाए जाने की मांग की गई। साधु-संतों और महंतों ने गौ-संरक्षण को भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा से जुड़ा विषय बताते हुए समाज से इसके लिए एकजुट होने का आह्वान किया।



आयोजित सभा में गौ-संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे

## कॉलोनियों के सड़क व 18 गलियों के निर्माण कार्य का विधायक ने कराया शुभारंभ

# सीएम सैनी एवं कृष्णपाल के नेतृत्व में फरीदाबाद में विकास कार्य निरंतर तेजी से बढ़ रहा: विधायक शर्मा

सेक्टर 4 आर नियर जाट धर्मशाला स्थित हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की खाली पड़ी जमीन पर बनेगा शॉपिंग सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक एवं हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने नाहर सिंह कॉलोनी की मुख्य सडक़ तथा भगत सिंह कॉलोनी और पूर्वी चावला कॉलोनी की 18 गलियों के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ कराया। इस अवसर पर विधायक ने स्थानीय निवासियों के हाथों नारियल फुड़वाकर निर्माण कार्य का मुहूर्त कराया।

इस विकास कार्य पर लगभग 80 लाख रुपये की लागत आएगी। परियोजना के तहत नाहर सिंह कॉलोनी की मुख्य सड़कका निर्माण किया जाएगा, जबकि भगत सिंह कॉलोनी एवं पूर्वी चावला कॉलोनी की कुल 18 गलियों का निर्माण कर क्षेत्रवासियों को बेहतर सडक़ सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय निवासियों ने विधायक पंडित मूलचंद शर्मा का फूल-मालाओं से स्वागत कर क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक पंडित मूलचंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के नेतृत्व में फरीदाबाद में विकास कार्य निरंतर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य प्रत्येक कॉलोनी और वार्ड तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है, ताकि लोगों को बेहतर सड़क, जल निकासी और अन्य नागरिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने विश्वास दिलाया कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य इसी गति से जारी रहेंगे और जनता की प्रत्येक समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने इस मौके पर कहा कि सेक्टर 4 आर नियर जाट धर्मशाला स्थित हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की खाली पड़ी जमीन पर जल्द शॉपिंग सेंटर का निर्माण कराया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, पार्षद महेश गोयल, पारस जैन, नवीन चेची, सतीश शर्मा, विजय तेवतिया, कर्मवीर, शिवानी दीक्षित, सचिन गर्ग सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।




## चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ

# रॉयल पब्लिक स्कूल वजीरपुर में नेटबॉल चैंपियनशिप का भव्य आगाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

रॉयल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, वजीरपुर में सोमवार को नेटबॉल चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ उत्साह और उल्लास के साथ हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर विद्यार्थियों में खेल के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व आईआईटीयन राजीव सोनी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा के राज्य धर्मगुरु एवं नाथ संप्रदाय के अध्यक्ष आचार्य अनूप योगी तथा गवर्नमेंट स्कूल हयातपुर की प्रधानाचार्या साधना यादव मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि के आगमन पर विद्यालय प्रबंधन समिति ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत एवं सम्मान किया।

विद्यालय के निदेशक डॉ. विजय सिंह चौहान, वरिष्ठ उप-प्रधानाचार्या कल्पना चौहान, उप-प्रधानाचार्य अंशुल कादियान तथा प्रबंधक आशीष चौहान ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ, शॉल और विद्यालय का स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद मुख्य अतिथि राजीव सोनी ने नेटबॉल चैंपियनशिप का विधिवत शुभारंभ किया। अपने संबोधन में राजीव सोनी ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा और खेल दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। खेल न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाते हैं, बल्कि मानसिक विकास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर आचार्य अनूप योगी ने भी विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, संस्कार और खेल भावना को अपनाने का संदेश दिया।

# यथार्थ हॉस्पिटल ने साइलेंट लिवर डिजीज के प्रति जागरूकता बढ़ाने का किया आह्वान

अनडायग्नोज्ड हेपेटाइटिस अब भी लिवर के लिए बड़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विश्व हेपेटाइटिस दिवस 2026 के अवसर पर यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल सेक्टर-20 फरीदाबाद के विशेषज्ञों ने वायरल हेपेटाइटिस से होने वाली गंभीर लिवर संबंधी बीमारियों की रोकथाम के लिए जन-जागरूकता बढ़ाने, उच्च जोखिम वाले लोगों की नियमित स्क्रीनिंग, समय पर टीकाकरण तथा शीघ्र उपचार पर विशेष बल दिया। विशेषज्ञों ने बताया कि रोकथाम और उपचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति होने के बावजूद हेपेटाइटिस आज भी क्रोनिक लिवर डिजीज के प्रमुख कारणों में से एक बना हुआ है, क्योंकि अधिकांश मामलों में लंबे समय तक कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते और बीमारी का पता काफी देर से चलता है। और अधिकांश मामलों में स्वतः ठीक हो जाते हैं, जबकि हेपेटाइटिस बी और सी वर्षों तक बिना किसी स्पष्ट लक्षण के लिवर को लगातार नुकसान पहुंचाते रहते हैं। यदि समय पर उपचार न मिले तो यह स्थिति लिवर फाइब्रोसिस, सिरोसिस, लिवर फेलियर और यहां तक कि लिवर कैंसर का कारण भी बन सकती है।

## संघर्षशील कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया

# संगठन की असली ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं: त्रिलोक त्यागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

राष्ट्रीय लोकदल महानगर इकाई गाजियाबाद का कार्यकर्ता सम्मेलन गोविन्दपुरम स्थित शुभ आशीर्वाद फ़ार्म हाउस में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि त्रिलोक त्यागी राष्ट्रीय महासचिव संगठन तथा विशिष्ट अतिथि प्रबुद्ध कुमार राष्ट्रीय सचिव रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी राजवीर सिंह जी ने की। मंच का संचालन महानगर अध्यक्ष डॉ रेखा चौधरी ने किया।

सम्मेलन में बूथ स्तर तक सशक्त बनाना, कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना तथा उनकी समस्याओं का समाधान कर उन्हें आगामी 2027 चुनावों के लिए तैयार करना था कार्यक्रम में जुझारू एवं संघर्षशील कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया गया मोमेंटो और अंग वस्त्र देकर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री त्रिलोक त्यागी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की असली ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं और प्रत्येक वार्ड में संगठन की मजबूत इकाई का गठन आवश्यक है। 3 प्रतिशत के स्थान पर 50 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने का समर्थन किया तथा कहा कि राष्ट्रीय लोकदल सभी वर्गों को समान सम्मान देने में विश्वास रखता है और धर्म एवं जाति की राजनीति नहीं करती।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनवीर चौधरी और तेजपाल चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रभारी मेरठ मंडल अर्बन कमेटी उत्तर प्रदेश इन्द्रजीत सिंह टीटू ,प्रदेश महासचिव रविन्द्र चौहान अमित त्यागी सरना पूर्व जिलाध्यक्ष युवा महानगर अध्यक्ष तुषार कौशिक इंद्राणी त्यागी छेत्रीय अध्यक्ष महिला प्रदीप त्यागी विवेक शर्मा वासु सिंघल शतांशु कंसल प्रदीप त्यागी संजीव अरोड़ा दिनेश शर्मा प्रदेश महासचिव मधु शर्मा,प्रदेश उपाध्यक्ष दीपमाला सुनील नवीपुर,करण एडवोकेट हरेंद्र चौधरी शेर सिंह मौर्य,किशन राघव सूची त्यागी सुचित्त त्रिपाठी संगीता बामल आदि अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। राजीव तालान रॉकी प्रवीण यश उज्जवल विभु लक्ष्मण बाबा जी रोहन शर्मा मुकेश तेवटिया प्रवीण मड्डैया अशोक सहरावत मनजीत अमित जवाहर सिंह सतेंद्र तेवटिया आदि उपस्थित रहे ।



## अवैध कालोनी को जीडीए ने किया ध्वस्त

# शाहपुर रोड, राधा गार्डन में चला जीडीए का पीला पंजा, अवैध कालोनी ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जीडीए का बुलडोजर सोमवार को शाहपुर रोड, राधा गार्डन में चला। जहां एक अवैध कालोनी को भारी विरोध के बीच ध्वस्त कर दिया गया। जीडीए उपाध्यक्ष नंदकिशोर कलाल के निर्देशों के अनुपालन में अवैध निर्माण/अवैध कालोनियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के क्रम में प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 के नेतृत्व में चेतन यादव द्वारा ग्राम-शाहपुर रोड, राधा गार्डन, मुरादनगर पर प्रश्नगत निर्माण लगभग 4000 वर्ग मी. भूमि पर चिनाई एवं सड़क पर मिट्टी डालकर अवैध प्लाटिंग की गई है। स्थल पर कोई स्वीकृति/भू-अभिलेख नहीं दिखाये गये। उपरोक्त के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गई।

अवैध कालोनी में कालोनाईजर द्वारा बनायी गई सड़क, बाउन्ड्रीवॉल, साईट ऑफिस, आदि को ध्वस्त कर दिया गया ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान कोलोनाईजर/निर्माणकर्ता द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गयी। स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता एवं प्रवर्तन जोन-2 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई।



## कार्यक्रम का उद्देश्य सभी छात्रों के भविष्य को उज्ज्वल करना

# 12 मेधावी विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-9 में भानु प्रताप सिंह के जन्मदिन के अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 12 छात्रों को साइकिलें वितरित की गईं। इस अवसर पर वार्ड-37 के पार्षद मुकेश अग्रवाल, सेक्टर-9 आरडब्ल्यूए के प्रधान रणबीर चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट सतवीर शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र नागर, विद्यालय के प्राचार्य मुकेश चंद सहित अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षकगण एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। साइकिल प्राप्त करने के बाद विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दे रहा था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्षद मुकेश अग्रवाल ने कहा कि अपनी-अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित एवं प्रोत्साहित करने के लिए साइकिलें प्रदान की गई है।



### गैंगरेप के 4 दोषियों को 20-20 साल की सजा

**फरीदाबाद।** वर्ष 2022 में थाना आदर्श नगर में दर्ज एक गैंगरेप के मामले में चार वर्ष बाद अदालत ने चारों आरोपियों को दोषी करार देते हुए 20-20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। पुलिस की साक्ष्य आधारित विवेचना और अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के चलते अदालत ने यह फैसला सुनाया।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी नूर इस्लाम उर्फ राजू, पुत्रः** शाहिद उर्फ सईद, **पताः** आर–114, गली नंबर 23, अब्दुल्ला मस्जिद के पास, ब्रह्मपुरी, शास्त्री पार्क, दिल्ली; **एवं** ए–4, पहली मंजिल, नूर चिकन, पहला पुस्ता सर्विस रोड, न्यू उस्मानपुर, दिल्ली; **एवंः** गाँव इस्लामपुर, जिला उत्तर दिनाजपुर, पश्चिम बंगाल **SC No. 1095/24, FIR No. 446/2024, U/s: 328/354/ 379/506 IPC थानाः उस्मानपुर, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नूर इस्लाम उर्फ राजू,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नूर इस्लाम उर्फ राजू,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **नूर इस्लाम उर्फ राजू, SC No. 1095/24, FIR No. 446/2024, U/s: 328/354/ 379/506 IPC थानाः उस्मानपुर, दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.08.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
स्निग्धा सरवरिया
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एससी–आरसी)–01 (पूर्व)
कमरा नंबर 69
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/9489/NE/2026
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी (1) विनोद भारद्वाज, पुत्रः** राम लाल भारद्वाज, **पताः** मकान नं. 301, ग्राउंड फ्लोर महावीर एन्क्लेव उत्तम नगर, दिल्ली **(2) सोनल दास उर्फ सोनाली दास पत्नीः** संजय कुमार, **पताः** सी–77 रामा पार्क ब्लॉक–सी उत्तम नगर, दिल्ली, **(3) बीएस भारद्वाज पुत्रः** राम लाल भारद्वाज **पताः** ए–414, 415, नवीन प्लेस नजफगढ़, दिल्ली **(4) मीना भारद्वाज पत्नीः** विनोद भारद्वाज, **पताः** मकान नं. 301 ग्राउंड फ्लोर महावीर एन्क्लेव, उत्तम नगर, दिल्ली, **(5) अंजू बाला पत्नीः** सुशील कुमार, **पताः** 166 ईएफ, ब्लॉक–ए, पॉकेट–4 सेक्टर–17 रोहिणी, दिल्ली, **FIR No. 730/25, U/s: 318(4)338,336,340(2),61, 3(5) भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थानाः रनहौला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है), और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) विनोद भारद्वाज, (2) सोनल दास उर्फ सोनाली दास (3) बीएस भारद्वाज (4) मीना भारद्वाज, (5) अंजू बाला,** मिल नही रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) विनोद भारद्वाज, (2) सोनल दास उर्फ सोनाली दास (3) बीएस भारद्वाज (4) मीना भारद्वाज, (5) अंजू बाला,** फरार हो गए है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **(1) विनोद भारद्वाज, (2) सोनल दास उर्फ सोनाली दास (3) बीएस भारद्वाज (4) मीना भारद्वाज, (5) अंजू बाला, FIR No. 730/25, U/s: 318(4)338,336,340(2), 61,3(5) भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थानाः रनहौला, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.09.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अंकित करण सिंह
महानगर दण्डाधिकारी–08 (पश्चिम)
कमरा नंबर 30
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/10107/OD/2026
(Court Matter)


## उद्देश्य समाज की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाना

# प्रोजेक्ट समर्थ ने बदली जिंदगी: बधिर समाज के सशक्त प्रहरी बने मनीष पवार

पवार बने प्रेरणा, संघर्ष और आत्मनिर्भरता का सशक्त उदाहरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जन्म से श्रवण बाधित होने के बावजूद जीवन की कठिन परिस्थितियों को अपनी कमजोरी नहीं, बल्कि ताकत बनाने वाले गाजियाबाद निवासी मनीष पवार आज बधिर एवं दिव्यांग समाज के लिए प्रेरणा, संघर्ष और आत्मनिर्भरता का सशक्त उदाहरण बन चुके हैं। उन्होंने न केवल स्वयं को आत्मनिर्भर बनाया, बल्कि हजारों बधिर एवं दिव्यांग व्यक्तियों को उनके अधिकार दिलाने, सरकारी योजनाओं से जोड़ने तथा सम्मानजनक जीवन जीने के लिए प्रेरित करने का कार्य भी किया है। मनीष पवार की पत्नी भी श्रवण एवं वाणी बाधित हैं। दोनों ने संचार संबंधी कठिनाइयों, सामाजिक उपेक्षा और अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए यह साबित किया है कि यदि अवसर, सहयोग और दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो दिव्यांगता कभी भी सफलता के मार्ग में बाधा नहीं बन सकती। बधिर व्यक्तियों को सामान्य जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों, बैंकों, विद्यालयों एवं अन्य सार्वजनिक संस्थानों में सांकेतिक भाषा जानने वाले व्यक्तियों की कमी के कारण उन्हें अपनी बात समझाने और आवश्यक जानकारी प्राप्त करने में परेशानी होती है। शिक्षा, रोजगार, सरकारी योजनाओं एवं सामाजिक सहभागिता तक समान पहुंच का अभाव भी उनके सामने बड़ी चुनौती है। इन्हीं चुनौतियों को समझते हुए मनीष पवार वर्षों से बधिर समाज के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। वे नेशनल एसोसिएशन ऑफ द डेफ, नई दिल्ली के सदस्य, अखिल भारतीय बधिर संघ, नई दिल्ली के कार्यकारिणी सदस्य तथा उत्तर प्रदेश बधिर फेडरेशन, लखनऊ सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े रहे हैं। उनके प्रयासों से अनेक दिव्यांगजन यूडीआईडी कार्ड, दिव्यांग पेंशन, छात्रवृत्ति, ड्राइविंग लाइसेंस, शिक्षा एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हैं।

वर्तमान में शल मनीष पवार नींव शक्ति संस्था के सहयोग से संचालित प्रोजेक्ट समर्थ – सामर्थ्य ही पहचान के अंतर्गत बधिर एवं दिव्यांग व्यक्तियों की शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, स्वरोजगार, सामाजिक जागरूकता और सशक्तिकरण के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।



## श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया

# अब्दुल कलाम के सपनों का भारत शिक्षा, विज्ञान और युवाओं की शक्ति से ही बनेगा : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

भारत रत्न, देश के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक एवं मिसाइल मैन के नाम से विख्यात डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय, सेंटर मार्केट में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम भारतीय विज्ञान, शिक्षा, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण की ऐसी महान विभूति थे, जिन्होंने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि साधारण परिस्थितियों में जन्म लेने वाला व्यक्ति भी अपने ज्ञान, मेहनत और ईमानदारी के बल पर देश के सर्वोच्च पद तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम ने भारत के रक्षा एवं अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई दिशा प्रदान की।



**खबर संक्षेप**

### शिबू सोरेन की प्रथम पुण्यतिथि पर होंगे कार्यक्रम



**जमशेदपुर।** कदमा के उलियान स्थित शहीद निर्मल महतो सामुदायिक भवन में रविवार को झामुमो पूर्वी सिंहभूम जिला समिति की बैठक हुई. जिलाध्यक्ष विक्टर सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक में 4 अगस्त को दिशोम गुरु शिबू सोरेन की प्रथम पुण्यतिथि, 8 अगस्त को शहीद निर्मल महतो की शहादत दिवस और 15 अगस्त को पूर्व मंत्री रामदास सोरेन की प्रथम पुण्यतिथि पर होनेवाले कार्यक्रम की चर्चा की गई।

### आंदोलन पर एके 47 से गोली चलाने वाला सस्पेंड



**सीवान।** बिहार बंद के दौरान सीवान जिले में एके 47 से गोलियां बरसा कर सनसनी फैलाने वाले पुलिसकर्मी पर अब गाज गिरी है। सीवान के पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने कहा है कि छात्रों के आंदोलन के दौरान एके 47 से गोली चलाने वाले पुलिसकर्मी पर कार्रवाई हुई है। पुलिसकर्मी की पहचान अभिषेक पटेल के रूप में हुई है। वीडियो के सामने आने के बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सवाल उठाए थे।

### छात्रा ने कोचिंग टीचर पर जमकर बरसाए चप्पल



**कुशीनगर।** जिले की छात्रा ने कोचिंग टीचर पर जमकर चप्पल बरसाए। इस काम में उसके परिवारवालों ने भी उसका साथ दिया। यहां सेवरही कस्बे के कोचिंग सेंटर की छात्रा ने आरोप लगाया कि शिक्षक उसके साथ छेड़छाड़ कर रहा था। शिक्षक की कथित गंदी हरकतों पर छात्रा के जुबान खोलते ही बवाल मच गया। उसकी जूते-चप्पलों से पिटाई कर दी गई।

## गुरु पूर्णिमा पर शिष्य और गुरु, दोनों भूमिका में दिखेंगे सीएम योगी

# शिष्य बन योगी अपने ब्रह्मलीन गुरुदेव की करेंगे पूजन-स्तुति गुरु के रूप में गोरक्षपीठ के अनुयायियों को आशीर्वाद देंगे

गुरु पूर्णिमा पर्व और नाथपंथ का संबंध कितना अटूट और गहरा है, इसका अंदाजा इस पर्व पर गोरखनाथ मंदिर में होने वाले भव्य आनुष्ठानिक आयोजन को देखकर आसानी से लगाया जा सकता है। सभी नाथ योगियों ने इस परंपरा की गरिमा और प्रतिष्ठा को पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ कायम रखा है।

टी एन मिश्र ▶▶ लखनऊ

सनातन विचार दर्शन एवं संस्कृति में गुरु-शिष्य के रिश्ते को प्रतिष्ठित करने वाले पावन पर्व गुरु पूर्णिमा गोरक्षपीठ के लिए विशेष होती है। गुरु पूर्णिमा महोत्सव वह अवसर होता है जब गोरक्षपीठाधीश्वर, शिवावतार एवं नाथपंथ के आदिगुरु महायोगी गोरखनाथ सहित पीठ के अपने पूर्ववर्ती गुरुजन की पूजन-स्तुति करते हैं और तदुपरांत अपने शिष्यों और गोरक्षपीठ के श्रद्धालुओं को स्नेहाशीष से अभिसिंचित करते हैं। गोरक्षपीठ की इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए वर्तमान पीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरु पूर्णिमा पर शिष्य और गुरु दोनों भूमिकाओं में दिखेंगे।गुरु पूर्णिमा पर्व और नाथपंथ का संबंध कितना अटूट और गहरा है, इसका अंदाजा इस पर्व पर गोरखनाथ मंदिर में होने वाले भव्य आनुष्ठानिक आयोजन को देखकर आसानी से लगाया जा सकता है।

**29 जुलाई को गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार होगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन**



**गुरू प्रतिष्ठा के प्रति किया प्रेरित**

सभी नाथ योगियों ने इस परंपरा की गरिमा और प्रतिष्ठा को पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ कायम रखा है। महायोगी गुरु गोरखनाथ से लेकर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ तक ने न केवल इस परंपरा को समृद्ध किया है, बल्कि गुरु प्रतिष्ठा के प्रति लोगों को प्रेरित भी किया है।

**विशिष्ट पूजन कर नाथपंथ के गुरुजन के प्रति श्रद्धा निवेदित करेंगे**

नाथपंथ के प्रादुर्भाव से ही गुरु-शिष्य परंपरा उससे अनिवार्य रूप से जुड़ी रही और अनवरत आगे बढ़ रही है। नाथपंथ में गुरु और ईश्वर में कोई फर्क नहीं माना जाता है। नाथ परंपरा में गुरु ही ईश्वर है और ईश्वर ही गुरु है। यही वजह है कि गोरखनाथ मंदिर के लिए गुरु पूर्णिमा महोत्सव का विशेष महत्व है। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ बुधवार (29 जुलाई) को महायोगी गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन कर नाथपंथ के गुरुजन के प्रति श्रद्धा निवेदित करेंगे। इस पर्व पर शिवावतार गुरु गोरक्षनाथ को रोट अर्पित करने की भी परंपरा है। आनुष्ठानिक कार्यक्रमों को पूर्ण करने के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर अपने शिष्यों और गोरक्षपीठ के अनुयायियों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

## योगी सरकार का सख्त फैसला

# शिक्षा विभाग की ऑनलाइन बैठकों में अब नहीं चलेगी लापरवाही, आदेश जारी

*योगी सरकार ने बेसिक शिक्षा विभाग की ऑनलाइन बैठकों के लिए सख्त जवाबदेही तय की है। अब मंडल और जनपद स्तर के अधिकारियों की अनिवार्य सहभागिता सुनिश्चित होगी, और अनुपस्थिति में वरिष्ठ अधिकारी को अधिकृत करना होगा...*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जवाबदेह, अनुशासित और परिणामोन्मुख प्रशासन की दिशा में बेसिक शिक्षा विभाग ने ऑनलाइन समीक्षा व्यवस्था को और अधिक सख्त बना दिया है।अब निदेशालय स्तर पर आयोजित प्रत्येक ऑनलाइन समीक्षा बैठक में मंडल स्तर से सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) तथा जनपद स्तर से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की अनिवार्य सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी।अनुपस्थिति या अनधिकृत प्रतिनिधित्व की गुंजाइश नहीं होगी। इस संबंध में शिक्षा निदेशक (बेसिक) अनिल भूषण चतुर्वेदी ने सभी सहायक शिक्षा निदेशकों (बेसिक) और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि समय-समय पर आयोजित महत्वपूर्ण ऑनलाइन समीक्षा बैठकों में कई जनपदों से अपेक्षित स्तर की सहभागिता नहीं हो रही थी।

### समीक्षा बैठक अधिक पारदर्शी बनेगी



कई मामलों में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी स्वयं बैठक में शामिल नहीं होते थे और न ही किसी अधिकृत वरिष्ठ अधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित होती थी। इसे प्रशासनिक जवाबदेही के अनुरूप नहीं मानते हुए अब स्पष्ट व्यवस्था लागू की गई है। सभी अधिकारी केवल अपनी आधिकारिक ई-मेल आईडी के माध्यम से ही बैठक में शामिल होंगे, जिससे प्रतिभागियों की पहचान सुनिश्चित होगी और समीक्षा प्रक्रिया अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनेगी।

### अधिकारी स्वयं होंगे बैठक में शामिल

नए निर्देशों के अनुसार प्रत्येक ऑनलाइन समीक्षा बैठक में मंडल स्तर से सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) तथा जनपद स्तर से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी स्वयं प्रतिभाग करेंगे।

**जल संरक्षण बना जन आंदोलन**

### यूपी ने हासिल किया संयुक्त राष्ट्र का छठवां सतत विकास लक्ष्य



**हरिभूमि न्यूज, लखनऊ।** कभी गिरते भूजल स्तर की चुनौती से जूझने वाला यूपी जल संरक्षण के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में जल संरक्षण को केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि जनभागीदारी का व्यापक अभियान बनाया गया। यूपी, संयुक्त राष्ट्र के छठवें सतत विकास लक्ष्य को हासिल कर चुका है। यूपी में जल दोहन की दर 2017 के 71.26 प्रतिशत से घटकर 70 प्रतिशत हो गई है, जो कि संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य का मानक है। यह उपलब्धि जल संरक्षण के लिए सम्मलित प्रयासों से मिली है।

## दुग्ध मूल्य का नियमित भुगतान किया जाए

# लम्पी डिजीज की सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि विभागीय योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि माह नवंबर, 2026 तक विभागीय बजट का कम से कम 75 प्रतिशत व्यय हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।

**नवंबर तक बजट का 75 % तक व्यय कर लिया जाए**

### हरे चारे की व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया

पशुधन मंत्री ने संचारी रोग नियंत्रण/एफएमडी/निराश्रित गोवंश के वर्षा से बचाव तथा उनके लिए हरे चारे की व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया कि लम्पी स्किन डिजीज की कोई भी सूचना प्राप्त होने पर तत्काल कार्यवाही की जाए। एलएसडी (लम्पी स्किन डिसीज) की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्व से ही पूरी कर ली जाएं। वर्षा ऋतु को देखते हुए मंत्री ने गोआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी गोआश्रय स्थल पर जलभराव की स्थिति नहीं होनी चाहिए।

### 11 जिलों में 14 नवनिर्मित वृहद गोसंरक्षण केन्द्र

मंत्री धर्मपाल सिंह ने एक कार्यक्रम में निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए प्रदेश के 11 जनपदों के 14 नवनिर्मित वृहद गो संरक्षण केन्द्रों का वर्चुअल लोकार्पण किया। इसके तहत जनपद अमेठी में 4 तथा चन्दौली, गाजीपुर, कन्नौज, कानपुरनगर, लखीमपुर, प्रयागराज, अलीगढ़, प्रतापगढ़, बाराबंकी एवं शाहजहांपुर में एक-एक वृहद गो संरक्षण का शत-प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।

## पेज एक का शेष

### पीएम मोदी ने किया ...

के लोगों के जीवन, संस्कृति, चुनौतियों और विकास की संभावनाओं से परिचित कराना है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम को युवाओं का जबरदस्त समर्थन मिला। इसमें लगभग तीन लाख युवाओं ने भाग लिया, जिनमें से 400 से अधिक प्रतिभागियों का चयन किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सीमावर्ती गांवों के लोगों ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद हमेशा अद्भुत देशभक्ति का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सीमावर्ती गांवों को अब 'देश के पहले गांव' के रूप में देखने की नई सोच अपनाई है। इसी दृष्टिकोण के कारण इन गांवों में तेज़ी से विकास कार्य हो रहे हैं। आजादी के दशकों बाद पहली बार अनेक गांवों तक सड़क, बिजली और नल से जल जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंची हैं। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपरा में सामूहिक भागीदारी हमेशा शक्ति का स्रोत रही है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां लोग मिलकर काम करते हुए गीत गाते थे, जिससे आपसी एकता बढ़ती थी और कठिन कार्य भी सहज एवं आनंददायक बन जाते थे। उन्होंने कहा कि सरकार उन लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है, जो लंबे समय तक इससे वंचित रहे। प्रधानमंत्री ने सोलो ट्रैवल के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में कई युवा अकेले यात्रा पर निकले थे, लेकिन वापस लौटते समय वे एक परिवार की भावना के साथ लौटे। उन्होंने इसे माय भारत की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक बताते हुए कहा कि इस पहल ने व्यक्तिगत अनुभवों को राष्ट्रीय एकता और अपनत्व की भावना में बदल दिया है। प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से उन युवा महिलाओं की सराहना की, जिन्होंने अकेले इस यात्रा में भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह भारत की बेटियों के बढ़ते आत्मविश्वास, साहस और संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार हर युवा, विशेषकर देश की प्रत्येक बेटी को आत्मविश्वास और स्वावलंबन के साथ आगे बढ़ने के लिए हर संभव अवसर और सहयोग उपलब्ध कराती रहेगी। विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत युवाओं को देश के सीमावर्ती क्षेत्रों की सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों, सांस्कृतिक विरासत और विकास संबंधी आकांक्षाओं से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराया जाता है। साथ ही यह कार्यक्रम सामुदायिक भागीदारी, राष्ट्रीय एकता और सीमावर्ती गांवों के सामरिक महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी माध्यम है।

### संसद का गतिरोध...

चर्चा में भाग लेने की अपील की है, वहीं विपक्ष ने अपने राजनीतिक मुद्दों को उठाने पर जोर दिया है। लगातार स्थगन के बाद अब दोनों पक्षों के बीच बनी समझ को संसद की कार्यवाही सामान्य होने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### छात्रों पर एक...

ने पीएम मोदी से इस बर्बरता पर माफी मांगने और दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग की। बिहार के सिवान जिले में छात्रों के प्रदर्शन के दौरान एसआईटी मेंबर अभिषेक पटेल का एक वीडियो जारी हुआ था, जिसमें वह प्रदर्शनकारियों की दिशा में एके-47 फायर करते हुए दिख रहे थे। वीडियो वायरल होने के बाद इसकी पुष्टि करते हुए पुलिस प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है और अब अभिषेक पटेल को सस्पेंड कर दिया गया है।

### उधर, गुजरात व ....

विश्वविद्यालय के प्रभारी परीक्षा नियंत्रक एचपी झाला ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कुलपति के निर्देश पर विशेष जांच समिति का गठन कर दिया है, जो निष्पक्ष जांच करेगी। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) के पूर्व अध्यक्ष तमन सिंह सोनवानी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य सेवा परीक्षाओं में भ्रष्टाचार और पेपर लीक मामले में गिरफ्तार किया है। सोनवानी ने गैर-कानूनी फायदे के बदले प्रश्न-पत्र लीक करवाए और चयन प्रक्रिया में धांधली कर अपने रिश्तेदारों व पसंदीदा उम्मीदवारों को उच्च पदों पर नियुक्त कराया।

### आंदोलन खत्म...

जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि केंद्रीय कैबिनेट मंत्री उस वादे का सम्मान करेंगे और किसी भी प्रदर्शनकारी को प्रताड़ित नहीं किया जाएगा। आगे चेताते हुए उन्होंने कहा कि यदि मंगलवार तक लिखित समझौता नहीं मिलता और गिरफ्तार लोगों को रिहा नहीं किया जाता, तो पार्टी दोबारा आंदोलन छेड़ेगी।

**आंदोलन को सांप्रदायिक रंग देने की हो रही कोशिश : सिब्बल:** उन्होंने आशंका जताई कि दिल्ली पुलिस चेहरे की पहचान (फेशियल रिकग्निशन) तकनीक के जरिए प्रदर्शनकारियों की पहचान कर उन्हें निशाना बना सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे मामले में सांप्रदायिक रंग जोड़ने की कोशिश भी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आंदोलन में शामिल छात्रों को किसी भी तरह से प्रताड़ित या लक्षित न किया जाए।

### सोनम वांगचुक...

शांतिपूर्ण व लोकतांत्रिक तरीके अपनाने की अपील की।सोनम वांगचुक ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों और युवाओं का समर्थन करते हुए कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और इसका सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। हाल के छात्र आंदोलन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह सफलता हिंसा या ताकत से नहीं, बल्कि शांति, संयम और त्याग से मिली। पिछले 5-6 साल से वह लद्दाख में अहिंसक मार्ग पर चल रहे हैं और सकारात्मक परिणाम मिला है। गौरतलब है कि हाल ही में हुए कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन के दौरान वांगचुक ने 26 दिन तक अनशन किया था। शिक्षा प्रणाली में सुधार की दिशा में कदम उठाए जाने पर उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को शुरुआत बताते हुए कहा कि केवल इस्तीफा काफी नहीं, परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए व्यापक सुधार जरूरी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार और संबंधित पक्षों के बीच सकारात्मक बातचीत के जरिए बेहतर व्यवस्था तैयार की जाएगी। संसद में पेश सार्वजनिक परीक्षा संशोधन विधेयक पर गंभीर चर्चा की जानी चाहिए, ताकि छात्रों और देश के हित में सोच-समझकर फैसले हो सकें। राजघाट पर श्रद्धांजलि देने के बाद उन्होंने अपने विचार साझा किए। वांगचुक ने कहा कि वह सबसे पहले महात्मा गांधी को याद करना चाहते थे। उन्होंने गांधी जी के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। उन्होंने देश को यह बताया कि गांधी जी का दिखाया रास्ता आज भी उतना ही सही और प्रासंगिक है जितना सौ साल पहले था। पिछले पांच-छह साल से वे लद्दाख में गांधीजी के इस तरीके को अपना रहे हैं। उन्होंने पाया कि यह तरीका बहुत सही और प्रासंगिक है। उन्हें पहले यकीन नहीं था कि यह राष्ट्रीय स्तर पर काम करेगा या नहीं। सार्वजनिक परीक्षा संशोधन विधेयक पर प्रतिक्रिया देते हुए वांगचुक ने कहा कि इस विषय पर व्यापक चर्चा और गंभीर विचार-विमर्श होना चाहिए। उनके अनुसार, किसी भी बड़े सुधार से पहले सभी पक्षों की राय लेकर उचित निर्णय लिया जाना आवश्यक है।

### शिवराज ने समीक्षा...

की सराहना करते हुए कहा कि राज्य ने पीएम आरकेवीवाई के तहत 75 प्रतिशत से अधिक राशि, और कई घटकों में 80 प्रतिशत से ज्यादा राशि का समय पर उपयोग किया है, जो अत्यंत सराहनीय है। अन्य योजनाओं की चर्चा के दौरान, कृषि उन्नति योजना के घटक, मिशन फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर में लगभग 81.73% व्यय को उन्होंने उत्कृष्ट बताया और इसके लिए राज्य को बधाई दी। महाराष्ट्र को इस प्रदर्शन के आधार पर अग्रणी राज्यों में शामिल करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने इसकी खुलकर सराहना की, जिसने प्रभावी खर्च सुनिश्चित किया है। हालांकि, समीक्षा के दौरान डिजिटल एग्रीकल्चर सेक्टर सहित कुछ क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता भी रेखांकित की गई और केंद्रीय मंत्री चौहान ने इसे अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए तत्काल खर्च बढ़ाने के निर्देश दिए और लंबित राशि को शीघ्र उपयोग में लाने को कहा।

### राहुल गांधी ने ...

परियोजना के कारण उनकी जमीन अधिग्रहित की गई है, लेकिन उनके पुनर्वास और आजीविका के संबंध में सरकार ने न्याय नहीं किया। कांग्रेस नेता ने अपने संदेश में कहा कि आदिवासी इस देश के पहले मालिक हैं। जल, जंगल और जमीन पर सबसे पहला अधिकार उन्हीं का है। आज वही अधिकार उनसे छीना जा रहा है।₹ उन्होंने कहा कि आंदोलनकारी केवल इतना चाहते हैं कि उन्हें जीवनयापन के लिए उचित सहारा मिले, लेकिन सरकार उनकी मांग सुनने के बजाय पुलिस बल के माध्यम से शांतिपूर्ण आंदोलन को दबाने का प्रयास कर रही है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि आदिवासियों के शांतिपूर्ण विरोध को कुचलना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी आदिवासी समुदाय के साथ खड़ी है और उन्हें न्याय दिलाने के लिए संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा और सम्मानजनक पुनर्वास देना ही होगा।

### क्या है पूरा ...

तरीकों से विरोध दर्ज कराया। उनकी प्रमुख मांग है कि विस्थापित परिवारों को उचित मुआवजा, पारदर्शी पुनर्वास और परियोजना से जुड़े मामलों में न्याय सुनिश्चित किया जाए। हाल ही में पुलिस और प्रशासन ने आंदोलन स्थल को खाली कराया। प्रशासन का कहना है कि प्रदर्शन स्थल पर नदी का जलस्तर बढ़ने से आंदोलनकारियों की सुरक्षा को खतरा था, इसलिए उन्हें वहां से हटाया गया। वहीं आंदोलनकारियों और विपक्ष का आरोप है कि सरकार ने उनकी आवाज दबाने के लिए पुलिस कार्रवाई की। प्रशासन का यह भी कहना है कि केन-बेतवा लिंक परियोजना राष्ट्रीय महत्व की परियोजना है, जिससे बुंदेलखंड क्षेत्र में सिंचाई, पेयजल और विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस घटनाक्रम के बाद केन-बेतवा परियोजना को लेकर राजनीतिक बहस और तेज हो गई है। एक ओर विपक्ष प्रभावित परिवारों के अधिकारों, मुआवजे और पुनर्वास का मुद्दा उठा रहा है, जबकि सरकार परियोजना को बुंदेलखंड के विकास और जल संकट के समाधान के लिए महत्वपूर्ण बता रही है।

### कहा- एसआईटी में...

एसआईटी अपना काम करे, अभी हमारा ध्यान अच्छी जांच पर है। बाकी विषयों पर बाद में विचार किया जाएगा। अदालत ने निर्देश दिया कि विस्तारित एसआईटी अपनी जांच आगे बढ़ाए और निर्धारित समय में अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करे। हम एसआईटी को दो हफ्ते में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दे रहे हैं। बाकी का फैसला हम बाद में करेंगे। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ ने इन याचिकाओं पर सुनवाई की।

### सुप्रीम कोर्ट ने ...

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया था कि उसके पहले के निर्देशों का पालन करते हुए सीलबंद लिफाफे में प्रगति रिपोर्ट दाखिल कर दी गई है।

## 5 साल में 50 लाख का टारगेट

# युवाओं को हुनरमंद बनाएंगे सम्राट सरकार के 16 विभाग



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार सरकार के युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग ने पांच साल में 50 लाख युवाओं का कौशल विकास कर उन्हें हुनरमंद बनाने का रोडमैप तैयार कर लिया है। इसके लिए 16 सरकारी विभाग अलग-अलग ट्रेड में युवाओं को प्रशिक्षित करेंगे। इसमें सरकार नामी-गिरामी कंपनियों का भी साथ लेगी। मुख्य जोर उद्योगों और बाजार की जरूरतों के अनुसार रोजगार के लिए युवाओं को तैयार करने पर होगा। स्किल प्राप्त होने पर ये युवा अपनी पसंद से नौकरी या स्वरोजगार का विकल्प चुन सकते हैं।

विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हाल ही में बिहार कौशल विकास मिशन के शासी पर्षद की 21वीं बैठक में इसका खाका तैयार किया गया है। युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग ने वर्षवार लक्ष्य तय किया है। इसी के अनुसार युवाओं को प्रशिक्षित किया जायेगा। वर्तमान वित्तीय वर्ष ( 2026-27) में चार लाख 65 हजार 740 युवाओं का कौशल विकास होगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का कहना है कि राज्य के अंदर युवाओं को रोजी देने के लिए सरकार स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम चला रही है।

### योजनावार होगा युवाओं का प्रशिक्षण

युवाओं का कौशल विकास केंद्र व राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के तहत होगा। लक्ष्य में से आधे युवाओं को पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत प्रशिक्षत किया जाएगा। इस योजना में 25 लाख युवाओं को हुनरमंद बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। वहीं टाटा टेक सीओआई के माध्यम से 81 हजार 520 युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। इन प्रतिष्ठानों में ट्रेंड युवाओं का वहीं चयन भी हो सकता है।

## फाफामऊ में दिया 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत'

# 2027 बनेगी भाजपा सरकार कार्यकर्ता को मिलेगी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ प्रयागराज

यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज की फाफामऊ विधानसभा क्षेत्र - 254 में आयोजित कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ जन संवाद कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को ₹मेरा बूथ, सबसे मजबूत₹ का नारा दिया और कहा कि संगठन की असली ताकत बूथ स्तर का कार्यकर्ता है। यदि बूथ मजबूत होगा तो भाजपा को कोई हरा नहीं सकता। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता मन लगाकर, पूरी निष्ठा के साथ संगठन के कार्य में जुट जाएं। 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में पुनः प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनना तय है और सरकार बनने पर बूथ स्तर तक के प्रत्येक समर्पित कार्यकर्ता को सम्मान और जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने वरिष्ठ जनों से आशीर्वाद लिया और उनके अनुभवों का लाभ संगठन को दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ जन हमारे मार्गदर्शक हैं और कार्यकर्ता हमारी पूंजी हैं, दोनों के समन्वय से ही फाफामऊ ही नहीं पूरे प्रयागराज में भाजपा और अधिक

हरिभूमि

# सहेली

स्पेशल
फ्रेंडशिप-डे, 2 अगस्त



# साझी खिलखिलाहटों का प्यारा रिश्ता

जिंदगी की डगर में अगर सहेलियां साथ हों तो रास्ता आसान हो जाता है। लड़खड़ाने पर वे हमें संभालती हैं, भटकने पर सही राह दिखाती हैं। ये सहेलियां ही होती हैं, जिनसे हर बात बेहिचक साझा की जा सकती है, सलाह ली जा सकती है। हमें असली खुशी सहेलियों के बीच ही मिलती है। सहेलियां हैं तो जिंदगी में बहार है।

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

महिलाओं के लिए सहेलियों से जुड़ा भाव-चाव बहुत आत्मीय होता है। ऐसा स्नेहपूर्ण संबंध, जो सुख-दुःख में साथ देने वाला ही नहीं, बिना औपचारिकता के मन की सुनने का कोना भी बनता है। जो अपनों से भी नहीं कहा जाता, वह सखियों से कहा जाता है। पीड़ा की जो पोटली सगे-संबंधियों के समक्ष नहीं खोली जाती, वह किसी सहेली के आगे सहजता से खुल जाती है। सुखद यह भी है, कभी सहेलियों से सही सलाह मिलती है तो कभी भावनात्मक सहारा, दोनों ही बातें मानवीय जीवन को मजबूती देने वाली बुनियाद बनती हैं।

## हर सुख-दुख सखियों के साथ साझा

स्त्रियां मायका हो या ससुराल, वे मन की बात खुलकर नहीं कह पातीं। एक तयशुदा शिष्टाचार कुछ कहने ही नहीं देता। कह दें तो ग्लानि और अपराधबोध आ घेरता है। उनकी क्या छवि बनेगी। यह सोचकर ही पछतावा होने लगता है। फ्रेंड्स के सामने महिलाओं को इस अनकहे से प्रोटोकॉल से नहीं जूझना पड़ता। तभी तो सखियों के सामने दुःख आंखों से बह निकलता है। सुख की मुस्कुराहटें सहजता से साझी हंसी बन जाती हैं। बिना किसी मलाल के सच्ची भावनाएं साझा करने से ही समय के साथ यह रिश्ता और गहरा होता है। आपसी विश्वास बढ़ता है। असल में देखा जाए तो भावनाओं का खुला आदान-प्रदान ही मित्रता की सच्ची पूंजी है। महिलाओं के लिए तो फ्रेंडशिप का यह संचित धन और भी महत्वपूर्ण है। यह स्त्रीमन की संवेदनाओं को साझा करने का ऐसा सुरक्षित कोना है, जहां बिना अपराधबोध के अनुभूतियों का सच बताया जा सके।



## संकट से जूझने की शक्ति

हर संकट में साथ देने वाली सहेलियां टूटते-बिखरते मन को संभाल लेती हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन में पाया कि जिन महिलाओं को तनावपूर्ण हालातों में सखियों का साथ मिलता है, उनका जीवन अकेले चुनौतियों से जूझने वाली महिलाओं की तुलना लंबा होता है। सखियों का साथ हर परिस्थिति में मनोबल मजबूत करता है। देखने में आता है कि घर-परिवार में संकट के समय भी महिलाओं को आरोप-प्रत्यारोप झेलने पड़ते हैं। किसी सुखद अवसर पर भी मीनमेख निकालने की प्रवृत्ति दिखती है। कुछ नया करने पर अजीब-सी सलाहें दी जाती हैं, सफलता को लेकर आशंका जताई जाती है। जबकि सहेलियां इमोशनल फ्रंट पर हालातों को समझती हैं। सखियां बस चुपचाप साथ देती हैं। हर हाल में अपनी मौजूदगी का एहसास कराती हैं। साइकोसोमेटिक मेडिसिन मैगजीन में छपे अध्ययन के मुताबिक स्त्रियां बिना कोई सलाह दिए एक-दूसरे की बातें सुनती हैं। सकारात्मक भावों से भरा यह व्यवहार तकलीफदेह हालातों से जूझ रही स्त्री को बहुत संबल देता है। समझना मुश्किल नहीं, जब कोई महिला मित्र यूं साथ देती है तो जिंदगी के हर पहलू पर सकारात्मक असर पड़ता है।

जिंदादिल जिंदगी की संगी-सखियों के साथ अपनी कमजोरियां स्वीकार करने में भी संकोच नहीं होता। सामाजिक-पारिवारिक जीवन में बहुत सी भूमिकाएं निभाती स्त्रियों को 'जैसी हूं वैसी हूं और खुश हूं' के भाव को जीने का मौका केवल सहेलियों के साथ ही मिलता है। यह स्वीकार्यता मनोभावों को जीवंत बनाती है। बिना किसी दबाव के सहज रूप से एक-दूसरे की परवाह करने के चलते ही इस रिश्ते की बॉन्डिंग मजबूत होती है। इसी कनेक्ट से बहुत सकारात्मक और सुरक्षित महसूस होता है। हर परिस्थिति में खिलखिलाहट बिखेरने वाली सहेलियां एक-दूसरे की सबसे बड़ी चीयरलीडर कही जाती हैं। हंसी-खुशी और ऊर्जा से भरा सखियों का साथ जीवन को नीरस होने से बचाता है। हालिया बरसों में महिलाएं अब सहेलियों के साथ ग्रुप ट्रैवल भी करने लगी हैं। अपना शहर हो या कोई दूर-दराज का पर्यटन स्थल, ऐसी आउटिंग उन्हें हौसला देती है। सखियों के साथ के भरोसे पर ही महिलाएं आम जीवन की जद्दोजहद से दूर यूं जिंदादिली के साथ जीवन जीने की राह चुनने लगी हैं।



## आत्म-सम्मान का आधार

सहेलियों का साथ केवल हंसी-मजाक या घूमने-फिरने तक ही सीमित नहीं होता। एक-दूसरे के मन को मजबूती देने वाली सखियां सही मायने में स्त्री सशक्तिकरण को भी बल देती हैं। डर या आशंका के बजाय आत्मसम्मान के भाव को पोसती हैं। गलती होने पर फिर उठ खड़े होने के लिए सहारा देने को हाथ आगे बढ़ाती हैं। सहेली की सफलता पर सच्ची प्रशंसक बनती हैं। यह जुड़ाव सचमुच असाधारण है, जो स्त्रियों को अपने अस्तित्व से प्रेम करना सिखाता है। अपने भीतर छिपी योग्यता को निखारने की राह सुझाता है। बिना किसी स्वार्थ के एक-दूसरे का समर्थन करते हुए खुद अपने जीवन-अपने सपनों का मोल समझने की भावना को पोसता है। सबसे अहम यह है कि ऐसी हर बात स्त्रियों के आत्म-सम्मान और आत्मविश्वास का पक्का आधार बनाती है। उनके जीवन में खुशियां बिखेरती हैं। ❁

# महिलाओं की फ्रेंडशिप को व्हाट्सएप ग्रुप दे रहा नई पहचान

तकनीक का इस्तेमाल केवल जीवनशैली को ही नहीं हमारे आपसी संबंधों को भी प्रभावित कर रहा है, उसे नई दिशा दे रहा है। व्हाट्सएप ग्रुप ऐसी ही सुविधा है, जो महिलाओं की दोस्ती को प्रगाढ़ बना रही है, उसे नए आयाम दे रही है।

टेक्नो लाइफ
नम्रता नदीम



महिलाओं की फ्रेंडशिप को एक समय तक गली-मुहल्ले की बैठकों, रिश्तेदारों से मिलने या किट्टी पार्टियों-त्योहारों पर होने वाले मेल-मिलाप तक ही सीमित माना जाता था। लेकिन अब सिनेरियो बिल्कुल बदल गया है। आज के दौर में टीनएज, यंगएज से लेकर मिडएज तक की महिलाओं की आपसी दोस्ती नए रूप में सामने आ रही है। इसे आगे बढ़ाने और हाईटेक बनाने में व्हाट्सएप ग्रुप का बड़ा और महत्वपूर्ण योगदान है।

**शेयरिंग का नया अंदाज:** व्हाट्सएप ग्रुप में महिलाएं आपस में भावनात्मक अनुभवों को साझा करती हैं। एक-दूसरे से सलाह लेती-देती हैं। अपनी रेसिपी दूसरों को बताती हैं और दूसरों द्वारा बताई गई रेसिपी को आजमाने की कोशिश करती हैं। रेसिपी बनाने या अपने किसी नए अनुभव को साझा भी करती हैं। अपनी व्यक्तिगत उपलब्धियां, स्वास्थ्य संबंधी जानकरियां, ये सब व्हाट्सएप ग्रुप में उनके द्वारा खूब शेयर किए जाते हैं। कहने का मतलब है कि व्हाट्सएप ग्रुप ने हर उम्र की महिलाओं के लिए एक नई दुनिया रच दी है।



**बदला दोस्ती का स्वरूप:** आज के डिजिटल दौर में दोस्ती केवल मिलने-जुलने तक सीमित नहीं होती है। सोशल मीडिया, उसमें भी सबसे ज्यादा व्हाट्सएप ग्रुप में सुबह की शुभकामना से लेकर रात की बातचीत तक दिन भर कोई न कोई इंगेजमेंट बनी ही रहती है। फैमिली, ओल्ड फ्रेंड्स, कॉलोनी या सोसाइटी, ऑफिस कुलीग्स, योगा क्लासमेट्स, किट्टी ग्रुप या बुक क्लब, अपनी सहूलियत के हिसाब से महिलाएं भी अलग-अलग व्हाट्सएप ग्रुप में एक्टिव रहती हैं। इन ग्रुप्स ने महिलाओं की दोस्ती का दायरा ही नहीं बढ़ाया बल्कि उनके स्वरूप को भी बदला है।

**कम हुआ है अकेलापन:** संबंध विशेषज्ञों के मुताबिक व्हाट्सएप ग्रुप में डिजिटल संवाद काफी हद तक महिलाओं में अकेलेपन की भावना को कम करने में अहम भूमिका निभा रहा है। हालांकि देखने में यह भी आया है कि डिजिटल इंगेजमेंट ने एक-दूसरे से मिलने की संभावना को कम किया है। लेकिन इसके जरिए अपनी तरह की सोच-समझ रखने वाली महिलाओं के बीच जरूर महिलाओं की पहुंच बढ़ी है। क्योंकि व्हाट्सएप ग्रुप्स में लगभग सभी सदस्य एक-दूसरे को जानने वाले दोस्त होते हैं, इसलिए यह पूरी तरह से अभासी या अवास्तविक नहीं है।

**सोशल लाइफ का महत्वपूर्ण हिस्सा:** व्हाट्सएप ग्रुप्स की सबसे बड़ी उपयोगिता तो यह है कि इसके जरिए अपनी व्यस्त दिनचर्या के बावजूद, महिलाएं अपने दोस्तों से संपर्क बनाए रख पाती हैं। महिलाएं अपने ग्रुप से जुड़ी दूसरी महिलाओं को अपना नजदीकी ही समझती हैं। इसलिए छोटी से छोटी सूचनाएं भी साझा करती हैं और अपने लिए तथा दूसरों के लिए एक ऐसा सपोर्ट सिस्टम विकसित करती हैं, जिससे बीमारी, तनाव, बच्चों की पढ़ाई, रिश्तों की समस्याएं या किसी खास उपलब्धि की खुशी को आपस में बांटने का भरपूर सुख हासिल कर पाती हैं। महिलाओं की सोशल लाइफ के लिए व्हाट्सएप ग्रुप की फ्रेंडशिप महत्वपूर्ण रोल निभा रहे हैं।

**तीज-त्योहारों का सेलिब्रेशन:** त्योहारों और विशेष अवसरों में तो व्हाट्सएप ग्रुप की भूमिका और भी बढ़ जाती है। करवा चौथ, तीज जैसे त्योहारों में महिलाएं अपनी सखी-सहेलियों को डिजिटल शुभकामनाएं देने के साथ-साथ आपस में मिलकर सजावट करके, फैशन, मेहंदी डिजाइन और रेसिपी को एक-दूसरे से साझा करके सेलिब्रेशन का आनंद उठाती हैं। इससे आपस में केवल दोस्ती ही मजबूत नहीं होती बल्कि इससे सांस्कृतिक जुड़ाव भी मजबूत होता है। ❁

# अपनी बेस्ट फ्रेंड के लिए लवली गिफ्ट आइडियाज

आने वाले फ्रेंडशिप डे के मौके पर आप जरूर अपनी बेस्ट फ्रेंड को प्यारा सा, कोई यूनीक गिफ्ट देना चाहेंगी। इसीलिए हम यहां पर आपको कुछ डिफरेंट टाइप के गिफ्ट आइडियाज सजेस्ट कर रहे हैं। इनमें से कोई भी आप सेलेक्ट कर सकती हैं।

सजेशन
प्रतिभा अग्निहोत्री



बहुत प्यारा और सबसे अलग होता है दोस्ती का रिश्ता। इस खूबसूरत रिश्ते को सेलिब्रेट करने के लिए आप जरूर फ्रेंडशिप डे पर अपनी दोस्त को यूनीक गिफ्ट देकर स्पेशल फील कराना चाहेंगी। अगर आप डिसाइड नहीं कर पा रही हैं कि अपनी बेस्ट फ्रेंड को क्या गिफ्ट दें तो आपकी हेल्प के लिए दे रहे हैं कुछ गिफ्टिंग आइडियाज-

**फीलिंग्स से भरे गिफ्ट्स:** खुद के साथ अपनी दोस्त की अब तक की जर्नी की खूबसूरत यादों के सुंदर-सुंदर फोटो का कोलाज बनवाकर उसको गिफ्ट कर सकती हैं। हाथ से बनी स्क्रैप बुक भी गिफ्ट करने के लिए एक बहुत बेहतरीन आइडिया है। इसके अलावा आप अपने दोस्तों के साथ की फोटोज को कस्टमाइज करके कुशन कवर, की-चेन, ब्रेसलेट, बेडशीट, कप और टी-शर्ट भी गिफ्ट कर सकतीं हैं। कस्टमाइज करवाते समय आप अपनी फोटो के साथ किसी यादगार पल की कोई खास डेट भी लिखवा सकतीं हैं, जिससे आप दोनों की यादें तरोताजा हो जाएंगी। आप अपनी दोस्त को एक खूबसूरत से पेज पर पत्र लिखकर दे सकती हैं, जिसमें आप उनके प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के साथ-साथ वे आपके लिए क्या महत्व रखतीं हैं इसे भी लिखें। यह तोहफा बाजार से खरीदे गए तोहफों की अपेक्षा उनके लिए बहुत कीमती होगा।



**यूजफुल गिफ्ट्स:** अगर आपके दोस्त को लिखने, नोट्स बनाने का शौक है तो एक बहुत अच्छी क्वालिटी की लेदर डायरी या फिर स्मार्ट नोटबुक भी अच्छा विकल्प हो सकता है। पढ़ने की शौकीन दोस्त के लिए विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के सब्सक्रिप्शन भी उपहार में दिए जा सकते हैं, इससे वे एक दिन ही नहीं पूरे वर्ष अपनी दोस्ती को याद करती रहेंगी। प्रीमियम पेन सेट या उनकी पसंद की कुछ बुक्स भी गिफ्ट कर सकती हैं। यदि वह मूवीज की शौकीन हैं तो आप उन्हें डिजिटल प्लेटफार्म सब्सक्रिप्शन भी उपहार में दे सकतीं हैं।




**डेकोरेटिव गिफ्ट्स:** एगलोनिमा, एरिका पाम, क्रोटन जैसे पौधों को बहुत सुंदर से गमले में रखकर गिफ्ट दे सकती हैं। इस डिफरेंट गिफ्ट से उनका मन खुश हो जाएगा। पौधे घर में पॉजिटिविटी तो लाते ही हैं, साथ ही घर की खूबसूरती में भी चार चांद लगा देते हैं। टी कॉफी गिफ्ट हैंपर, सेंटेड कैंडल्स भी गिफ्ट करने के लिए बहुत अच्छे विकल्प हैं। यूं तो इस अवसर पर बाजार में कई तरह के फ्रेंडशिप बैंड्स भी मिलते हैं पर आप अपने हाथ से बैंगल्स पर रेशमी धागा लपेटकर या फिर क्रोशिए और सितारों से सजाकर फ्रेंडशिप बैंड बनाकर अपनी फ्रेंड को गिफ्ट कर सकती हैं, यकीन मानिए उनका दिल खुश हो जाएगा।

चॉकलेट गिफ्ट हैंपर या अपनी फ्रेंड की फेवरेट डिश के ऑनलाइन गिफ्ट से आप उन्हें सरप्राइज दे सकतीं हैं।

**रखें ध्यान:** अपनी फ्रेंड के लिए गिफ्ट लेते समय दोस्त की पसंद के साथ कुछ बातों का ध्यान रखना अत्यधिक आवश्यक है।

- गिफ्ट को बहुत सुंदर से गिफ्ट पेपर में रैप करके गिफ्ट करें इससे गिफ्ट की खूबसूरती और अधिक बढ़ जाती है।
- गिफ्ट चुनते समय अपनी दोस्त की भावनाओं का ध्यान रखें।
- यदि आप ऑनलाइन कोई उपहार मंगवा रही हैं तो उसका टैग न निकालें ताकि यदि वे एक्सचेंज करना चाहें तो आराम से किया जा सके। ❁

# ऑयली स्किन के लिए अपनाएं ईजी होम रेमिडीज

स्किन केयर
ललिता गोयल

मानसून के मौसम के साथ आने वाली उमस के कारण स्किन ऑयली हो जाती है, जिससे चेहरे पर बार-बार पसीना और गंदगी जमा होने लगती है। इसका नतीजा पिंपल्स, डल स्किन, खुजली जैसे समस्याएं होने लगती हैं और चेहरे का नेचुरल ग्लो कही खो जाता है। ऐसे में समझ नहीं आता कि चेहरे को ऑयल-फ्री और ग्लोइंग रखने के लिए क्या किया जाए? यहां कुछ ऐसे असरदार तरीकों के बारे में जानते हैं, जिनकी मदद से स्किन को मानसून में भी फ्रेश और ग्लोइंग रखा जा सकता है।

**कच्चा दूध:** मानसून की चिपचिपाहट और टैनिंग से निपटने के लिए कच्चा दूध सबसे सुरक्षित घरेलू उपाय है। हाथों और चेहरे को अच्छी तरह साफ करके ताजे कच्चे दूध में एक साफ कॉटन पैड को डुबोएं और हल्के हाथों से सर्कुलर मोशन में चेहरे की मसाज करते हुए लगाएं। इसे 10 से 15 मिनट के लिए चेहरे पर लगाकर छोड़ दें और फिर गुनगुने पानी से धो लें। इसके बाद रेगुलर मॉयश्चराइजर लगा लें। इससे त्वचा को गहराई से नमी मिलती है और त्वचा की रंगत भी साफ होती है।



**खीरे का रस:** मानसून में खीरे का रस स्किन पर लगाने से न सिर्फ स्किन ठंडी और हाइड्रेट रहती है बल्कि यह एक्ने और पिंपल्स की समस्या को भी कम करता है। दिन में एक बार खीरे का रस कॉटन की मदद से चेहरे पर लगाएं और उसे 10 मिनट बाद ठंडे पानी से धो लें।

**एलोवेरा जैल:** एलोवेरा जैल के कूलिंग और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण स्किन को हाइड्रेट करने और सूजन को कम करने में भी मदद करते हैं।

**मुल्तानी मिट्टी:** मुल्तानी मिट्टी में थोड़ा-सा गुलाब जल मिलाकर हफ्ते में दो बार चेहरे पर लगाने से स्किन पर जमी गंदगी साफ होती है। यह स्किन से एक्स्ट्रा ऑयल को सोख कर स्किन को टाइट और ब्राइट करता है।



**पपीता:** मानसून में पपीते का पेस्ट चेहरे पर लगाने से स्किन की डेड सेल्स हटती है, हाइड्रेशन भी बना रहता है और रंगत भी निखरती है।

**रखें ध्यान:** इन बातों का भी ध्यान रखें-

- मानसून में भी चेहरे पर हल्का मॉयश्चराइजर और जैल बेस्ड क्रीम का इस्तेमाल करें ताकि स्किन हाइड्रेट रहे।
- चेहरा धोने के बाद एक कॉटन पैड में थोड़ा-सा गुलाब जल लें और हल्के हाथों से चेहरे पर लगाएं। यह त्वचा के पीएच लेवल को बैलेंस करता है। ❁

**(ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी से बातचीत पर आधारित)**

स्पेशल: वर्ल्ड ब्रेस्ट फीडिंग वीक, 1-7 अगस्त

मां का दूध नवजात शिशु के लिए सर्वोत्तम आहार होता है। लैक्टेशन पीरियड यानी ब्रेस्ट फीड कराने की अवधि मां और बच्चे दोनों के लिए महत्वपूर्ण होती हैं। इस दौरान कैसी हो मांओं की डाइट, यह जानना बहुत जरूरी है।

# फीडिंग पीरियड में मांएं डाइट का रखें पूरा ध्यान

मेडिकल एडवाइस
विनीता


जन्म के बाद शिशु को मां के दूध से पर्याप्त पोषण मिले, इसके लिए यह बहुत जरूरी है कि मां खुद भी स्वस्थ रहें और अपनी डाइट पर पूरा ध्यान दें। जब मां का शरीर स्वस्थ रहता है तो इससे उसके ब्रेस्ट में पर्याप्त मात्रा में दूध की मात्रा भी बढ़ती है और इससे शिशु का विकास सही ढंग से होता है। शिशु को फीड कराने वाली महिलाओं को प्रतिदिन 5000 अतिरिक्त कैलोरी की जरूरत होती है। आमतौर पर इस दौरान उनका वजन थोड़ा बढ़ जाता है, लेकिन यह सामान्य है। इस दौरान अच्छी सेहत और फिटनेस के लिए संतुलित आहार अपनाएं, नियमित वॉक करें और एक्सपर्ट की सलाह पर हल्की-फुल्की एक्सरसाइज भी करें।

**क्या खाएं:** फीड कराने वाली मांओं को अपनी डाइट में इन्हें शामिल करना चाहिए।

- अपनी डाइट में तरल पदार्थों की मात्रा बढ़ाएं। रोज लगभग 8-10 ग्लास पानी, शिकंजी, सूप और छाछ आदि पिएं।
- अपनी डाइट में प्रोटीन की मात्रा भी बढ़ाएं। इसके लिए हर तरह की दालें, पनीर, सोयाबीन स्प्राउट्स, नट्स जैसे-पिस्ता, अखरोट और बादाम आदि का संतुलित मात्रा में सेवन करें। अगर नॉन-वेजिटेरियन हैं तो अंडा, चिकन और ताजे पानी की मछली का सेवन करें।



- लैक्टेशन पीरियड के दौरान इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए विटमिन-सी युक्त फलों का पर्याप्त मात्रा में सेवन करें। इसके लिए आप संतरा, सेब, आंवला, नीबू के अलावा सभी मौसमी फलों का सेवन कर सकती हैं।
- डिलीवरी के बाद पहले महीने में महिलाओं को ज्यादा कैलोरी की जरूरत होती है, जिसकी पूर्ति के लिए अधिकतर परिवारों में पारंपरिक रूप से नई मां के लिए घर पर हल्दी-सोंठ का हलवा और ड्राई फ्रूट्स मिलाकर पंजीरी के लड्डू बनाए-खिलाए जाते हैं। हल्दी में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट तत्व मां को इंफेक्शन से बचाने में मददगार साबित होते हैं। अन्य पौष्टिक तत्वों की वजह से रिकवरी तेजी से होती है और दूध की मात्रा भी बढ़ती है।



**क्या न खाएं:** लैक्टेशन पीरियड में मांओं को कुछ फूड्स से परहेज रखना चाहिए।

- ज्यादा मैदा, घी-तेल और मिर्च-मसाले से दूर रहें।
- डिब्बाबंद प्रोसेस्ड फूड मां और शिशु दोनों के लिए नुकसानदेह हो सकते हैं।
- खुले में बिकने वाली चाट-पकौड़ी, समोसा, चाउमीन, मोमोज जैसी चीजों से स्टमक इंफेक्शन का खतरा बढ़ता है।
- फ्रूट्स जूस न पिएं क्योंकि इससे फलों में मौजूद फाइबर नष्ट हो जाते हैं, जो पाचनतंत्र के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं, इसलिए बेहतर यही होगा जूस लेने के बजाय फलों का सेवन करें।
- अगर प्रेग्नेंसी के दौरान डायबिटीज रही हो, तो चीनी के बजाय गुड़ से बनी चीजों का सेवन करें और खानपान के मामले में डॉक्टर के सभी निर्देशों का पालन करें। ❁

**(मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम की सीनियर डाइटीशियन डॉ. संध्या पांडे से बातचीत पर आधारित)**

# कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष की कांग्रेस में ही पूछ-परख नहीं, ये केवल भ्रम फैलाना जानते हैं

## केंद्रीय मंत्री चौहान ने दतिया विधानसभा के बसई में प्रत्याशी तिवारी के समर्थन में की जनसभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं पार्टी को धन्यवाद देता हूं कि आज बसईवासियों से मिलने का मौका मुझे दिया। आज आप सबको देख कर, आपके उत्साह को देख कर मेरा मन संतोष से भरा हुआ है।

भारतीय जनता पार्टी के लिए राजनीति न तो कोई शौक है, और न ही कोई धंधा, बल्कि यह जनता की सेवा का माध्यम है। हम भाजपा के कार्यकर्ता राष्ट्र के पुनर्निर्माण, जनता के कल्याण, दरिद्र नारायण की सेवा एवं एक विकसित देश और मप्र बनाने के लिए राजनीति करते हैं। केंद्रीय मंत्री चौहान ने रविवार को दतिया विधानसभा के बसई में पार्टी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित किया।



उन्होंने कहा कि एक वैभवशाली, गौरवशाली, संपन्न, समृद्ध, आत्मनिर्भर विकसित भारत के निर्माण के लिए हम काम कर रहे हैं। पार्टी जो काम देती है, हम निष्ठा के साथ करते हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष की ही कांग्रेस पार्टी में कोई पूछ-परख नहीं है, ऐसी पार्टी जनता का भला नहीं कर सकती। जनसभा को मप्र शासन के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने भी संबोधित किया।

### मोदी-मोहन के नेतृत्व में मप्र के विकास को मिली नई रफ्तार

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश को न अच्छी शिक्षा, न सड़कें, न पानी और न ही लोगों को सम्मान दिया। सीएम के नेतृत्व में मप्र भी लगातार विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। ग्रामीण विकास के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण काम हुए। कांग्रेस ने कभी ऐसे विकास कार्यों के बारे में नहीं सोचा, जबकि भाजपा सरकार ने उन्हें जमीन पर उतारा। अब सिर्फ लाड़ली बहना नहीं, लखपति दीदी बनाना लक्ष्य- केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मप्र के गरीब परिवारों के लिए लगभग 15 लाख मकान स्वीकृत किए गए हैं।

दतिया का दम

## भाजपा सरकार और संगठन सभी समाजों के कल्याण, उत्थान और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध

**भोपाल।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने रविवार को दतिया उपचुनाव कार्यालय में परिहार समाज के प्रबुद्धजनों व समाज के गणमान्य व्यक्तियों की बैठक को संबोधित किया। परिहार समाज के प्रबुद्धजनों, समाज के प्रमुखों व गणमान्य व्यक्यिों ने पूरे समाज की ओर से भाजपा को अपना समर्थन व्यक्त किया। परिहार समाज ने दतिया उपचुनाव में भाजपा को अपना पूरा समर्थन देते हुए समाज के सभी लोगों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने का संकल्प लिया। प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा सभी समाज वर्ग को साथ लेकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का कार्य कर रही है।



### कांग्रेस सिर्फ एक परिवार तक सीमित

खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित है, वहीं कांग्रेस पार्टी केवल तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति करती है। गुटों में बटी कांग्रेस में आंतरिक लोकतंत्र पूरी तरह खत्म हो चुका है, जबकि भाजपा में लोकतंत्र और सर्वसमावेशी प्रतिनिधित्व सबसे मजबूत स्तंभ हैं।

### भाजपा सरकार का ध्येय सबका साथ, सबका विश्वास

खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा सरकार और संगठन सभी समाज वर्गों के हितों, कल्याण, आर्थिक सशक्तिकरण और उन्हें समाज में मान-सम्मान दिलाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। भाजपा सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र पर चल रही है। भाजपा सरकारों का मुख्य ध्येय केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है।

---

## तीन साल में 10 वंदे भारत, 14 अमृत भारत की सौगात



**भोपाल।** ट्रेन के सफर में जब बात वीआईपी सहूलियत और रफ्तार की आती है तो 'वंदे भारत' का नाम सबसे आगे रखा जाता है, लेकिन आम यात्रियों की दैनिक जरूरतों और किफायती सफर का असली सहारा अमृत भारत ट्रेनें बन रही हैं। दरअसल राज्यसभा में कांग्रेस सांसद अशोक सिंह के सवाल के जवाब में रेल मंत्रालय द्वारा जानकारी दी गई। रेलवे द्वारा कहा गया कि मध्य प्रदेश के यात्रियों को तीन सालों में प्रीमियम सफर देने वाली 10 वंदे भारत ट्रेनें मिली हैं, वहीं आम नागरिकों की जेब और सुगम सफर का ध्यान रखते हुए 14 अमृत भारत' ट्रेनों की सौगात भी मिली है। वंदे भारत एक्सप्रेस पूरी तरह से वातानुकूलित ट्रेन है, जिसे उच्च गति, आधुनिक सुख-सुविधाओं और प्रीमियम सफर चाहने वाले यात्रियों के लिए तैयार किया गया है। यह ट्रेन सेल्फ-प्रोपेल्ड इंजन तकनीक पर काम करती है, जिससे यह बहुत कम समय में तेज रफ्तार पकड़ लेती है। सुरक्षा के लिए इसमें ऑटोमैटिक स्लाइडिंग दरवाजे, सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस आधारित यात्री सूचना प्रणाली और 'कवच' एंटी-कोलिजन तकनीक मौजूद है। इसकी बोगियों में 180-डिग्री घूमने वाली गद्देदार सीटें, ऑन-बोर्ड वाई-फाई और प्रीमियम कैटरिंग जैसी सुविधाएं मिलती हैं। इसका किराया सामान्य ट्रेनों की तुलना में अधिक होता है।

## उझाना में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री

# संत समाज को सत्य, सेवा व राष्ट्रभक्ति की राह दिखाते हैं

सामुदायिक केंद्र के निर्माण के लिए एक करोड़ और अन्य विकास कार्यों के लिए 51 लाख देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि संत-महापुरुषों का जीवन समाज को सत्य, सेवा, समरसता और राष्ट्रभक्ति की राह दिखाता है। उनके आदर्शों को वर्तमान पीढ़ी तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है, ताकि समाज में संस्कार और सद्भाव की भावना मजबूत हो सके। मुख्यमंत्री सोमवार को जींद जिले के गांव उझाना स्थित श्रीश्री 1008 सिद्ध बाबा खाकनाथ जी महाराज के नवनिर्मित समाधि स्थल पर आयोजित मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर उझाना में सामुदायिक केंद्र के निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये तथा अन्य विकास कार्यों के लिए 51 लाख रुपये देने की घोषणा की। साथ ही गांव में सड़क निर्माण, कुंड-तालाब के जीर्णोद्धार, जल निकासी की स्थायी व्यवस्था और स्कूल में विज्ञान संकाय शुरू कराने का भी आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री ने मंदिर में माथा टेका, यज्ञ में पूर्णाहुति दी और ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि किसी महापुरुष की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन में श्रद्धा, सत्य, करुणा और सेवा के मूल्यों को स्थापित करने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि लगभग 600 वर्ष पुराना उझाना मठ करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है और भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी आध्यात्मिक परंपरा है।



### गोसेवा भारतीय संस्कृति की करुणा और संवेदना का प्रतीक

मठ की गोशाला की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गोसेवा भारतीय संस्कृति की करुणा और संवेदना का प्रतीक है। प्रकृति और गौमाता के संरक्षण की संस्कृति ही भारत को विश्वगुरु बनाने में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के माध्यम से संतों के विचारों को जन-जन तक पहुंचा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अपनी सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान दे रहा है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम और महाकाल लोक जैसे कार्य भारत की सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान किए गए 217 संकल्पों में से 66 संकल्प डेढ़ वर्ष में पूरे किए जा चुके हैं तथा शेष पर कार्य जारी है। समारोह में कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा, अस्थल बोहर मठ के महंत एवं तिजारा विधायक महंत बालकनाथ, उझाना मठ के महंत राजनाथ, महंत पूर्णनाथ सहित अन्य मौजूद रहे।

## बड़ौली ने हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो चेयरमैन का कार्यभार संभाला

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के नवनियुक्त चेयरमैन मोहन लाल बडौली को उनके पद का कार्यभार ग्रहण कराया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बडौली को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और कार्यकुशलता के बल पर हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के कार्यों को अधिक प्रभावी बनाएंगे तथा जनहित और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। कार्यभार ग्रहण समारोह में कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, डॉ. अरविंद शर्मा, श्याम सिंह राणा, विधायक कृष्णा गहलावत, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली, मीडिया सचिव प्रवीण आत्रे सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## सीएम पैक्स की महिलाओं को दूध पर 10 रुपये प्रति लीटर प्रोत्साहन मिलेगा

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डेयरी क्षेत्र को गति देने, किसानों की आय बढ़ाने और महिला स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए पांच महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि वीटा को दूध उपलब्ध कराने वाले महिला स्वयं सहायता समूहों और महिला सीएम पैक्स से जुड़ी महिलाओं को 10 रुपये प्रति लीटर की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इससे अधिक महिलाओं को डेयरी व्यवसाय से जुड़ने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

■ मुख्यमंत्री ने डेयरी क्षेत्र के लिए की पांच बड़ी घोषणाएं

### पंचायती भूमि पर सांझी डेयरी स्थापित होगी

उन्होंने गांवों की पंचायती भूमि पर 'सांझी डेयरी' स्थापित करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा डेयरी विकास सहकारी प्रसंघ (एचडीडीसीएफ) महिला स्वयं सहायता समूहों और महिला सीएम पैक्स की सदस्य महिलाओं को दुग्ध पशु खरीदने के लिए रियायती ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराने में सहयोग करेगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक प्रोत्साहन योजना के तहत एचडीडीसीएफ को दूध आपूर्ति करने वाले उत्पादकों के लिए प्रोत्साहन राशि बढ़ा दी गई है। अब ग्रीष्मकाल में यह राशि 5 से बढ़ाकर 7 रुपये प्रति लीटर तथा शीतकाल में 3 से बढ़ाकर 5 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है।

## जलसंसाधन विभाग में रोकी प्रमोशन सूची

# कम्प्यूटर दक्षता का हवाला देकर लिपिकों की पदोन्नतियों पर विराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जल संसाधन विभाग में लिपिक कर्मचारियों की प्रमोशन सूची रोक दी गई है। यह सभी कर्मी सहायक ग्रेड तीन पर हैं। इनकी संख्या 300 से ज्यादा है। जिन्हें सहायक ग्रेड 2 पर प्रमोशन पाना है। अफसरों ने तर्क दिया है कि जब तक पदोन्नति पाने वाले सेवकों के पास सीपीसीटी यानी कंप्यूटर दक्षता का प्रमाण पत्र नहीं होगा। तब तक उन्हें प्रमोशन नहीं दिए जायेंगे। इस मामले को लेकर अफसरों से उन कर्मचारियों को विवाद हुआ। ग्रेड 3 से सहायक ग्रेड 2 पर पहुंचने वाले कर्मचारियों ने सवाल किया कि जब डीपीसी हो चुकी है तो आदेश जारी करने में क्या दिक्कत है। सवाल यह भी उठाया है कि हाल ही में 19 सहायक ग्रेड 2 को ग्रेड-1 बनाया गया है। जबकि 13 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी सहायक ग्रेड 3 पर प्रमोशन दिया गया है। ।

### सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण कर्मचारी की सूची करें सार्वजनिकः पांडेय

कर्मचारी नेता सुशील कुमार पांडेय का कहना है कि उपरोक्त दोनों आदेशों के तहत जितने कर्मचारियों को पदोन्नति किया गया है। इनमें से कितने लोगों द्वारा सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण की गई है?। जानकारी को सार्वजनिक की जानी चाहिए। इन कर्मचारियों को प्रमोशन दिये जाने पर अगर सीपीसीटी परीक्षा की शर्त को अनिवार्य नहीं किया गया है। तो फिर ऐसी स्थिति में सहायक ग्रेड 3 से सहायक ग्रेड 2 की पदोन्नति सूची को मात्र इसलिए क्यों रोका गया है कि इन्होंने सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है।

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस से पहले रेडक्लिफ लैब्स की जांच मुहिम

**नई दिल्ली।** एक अनुमान के अनुसार, भारत में लगभग 4 करोड़ लोग क्रॉनिक हेपेटाइटिस-बी और अन्य 60 लाख से 1.2 करोड़ लोग क्रॉनिक हेपेटाइटिस-सी से जूझ रहे हैं। गंभीर चिंता की बात यह है कि वायरल हेपेटाइटिस अक्सर लंबे समय तक बिना किसी स्पष्ट लक्षण के शरीर में बढ़ता रहता है और अधिकांश मामलों में तब सामने आता है, जब लीवर को काफी नुकसान पहुंच चुका होता है। ऐसे में विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर रेडक्लिफ लैब्स 27 से 29 जुलाई के बीच दिल्ली एनसीआर में हेपेटाइटिस स्क्रीनिंग शिविर आयोजित कर रहा है, जो पूरे भारत में 400 से अधिक सामुदायिक स्क्रीनिंग शिविरों वाली उसकी राष्ट्रव्यापी पहल का हिस्सा है।तिलक नगर, रोहिणी, गुरुग्राम, ग्रेटर नोएडा, दक्षिण दिल्ली, नोएडा और फरीदाबाद में कुल मिलाकर 30 शिविर आयोजित किए जाएंगे। रेडक्लिफ लैब्स की डायरेक्टर लैब ऑपरेशंस डॉ. सोनल सक्सेना ने कहा वायरल हेपेटाइटिस की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि यह बीमारी कई वर्षों तक बिना किसी स्पष्ट लक्षण के बनी रहती है, जिससे लीवर को होने वाला नुकसान अक्सर लोगों की जानकारी के बिना बढ़ता रहता है। समय पर बीमारी की पहचान होने पर उपचार के बेहतर परिणाम मिल सकते हैं, लेकिन स्वस्थ महसूस करने के कारण कई लोग जांच नहीं कराते। हेपेटाइटिस जांच को सीधे समुदायों तक पहुंचाकर हमारा उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को अपनी स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी प्राप्त करने, समय रहते चिकित्सकीय सलाह लेने और लीवर से जुड़ी गंभीर जटिलताओं से बचने के लिए प्रेरित करना है।

---

सूरजपुर जिला मुख्यालय स्थित नेहरू पार्क की घटना

# धारदार हथियार से गला रेंतकर युवती की निर्मम हत्या, आरोपियों की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिला मुख्यालय स्थित नेहरू पार्क क्षेत्र में रविवार देर शाम एक 19 वर्षीय युवती की धारदार हथियार से गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई। गंभीर रूप से घायल युवती को तत्काल जिला अस्पताल सूरजपुर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर रैफर किया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

मृतका की पहचान लटोरी निवासी राधिका राजवाड़े (19) के रूप में हुई है। उपचार के दौरान उसने अपना मोबाइल फोन अनलॉक कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस अब मोबाइल में मौजूद जानकारी के आधार पर वारदात के कारणों और संदिग्धों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

### बाइक पर सवार होकर फरार हुआ आरोपी

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गया।



हालांकि पुलिस ने अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। बताया जा रहा है कि घटना के समय युवती नेहरू पार्क के आसपास मौजूद थी, तभी अज्ञात हमलावर ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस हत्या के कारणों, आरोपी की पहचान और वारदात से जुड़े सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मुर्चरी में रखवाया गया है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और सनसनी का माहौल है।

लंबे समय से कर रहा था ब्लैकमेल, दे रहा था धमकियां

# विवाहिता को बदनाम करने और पांच लाख रुपए की अड़ीबाजी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

एआई का दुरुपयोग कर महिला की फोटो एडिट करने और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाले आरोपी को छावनी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से पीड़िता को ब्लैकमेल कर रहा था।

इतना ही नहीं वह रुपये नहीं देने पर पीड़िता के पति की हत्या करने और उससे जबरन तलाक दिलाने की धमकी भी दे रहा था। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार भिलाई के छावनी थाना क्षेत्र निवासी




पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी रविन्द्र भारती उससे पांच लाख रुपये की मांग कर रहा था। आरोपी ने धमकी दी थी कि यदि रकम नहीं दी गई तो वह एआई के जरिए उसकी फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। साथ ही उसके पति की हत्या करने और जबरन तलाक दिलाने की धमकी भी दे रहा था।

### एक ही कंपनी में दोनों करते थे काम

शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी रविन्द्र भारती को धमधा से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पीड़िता से एकतरफा प्रेम करता था। दोनों पहले एक ही फाइनेंस कंपनी में साथ काम करते थे, जहां उनकी पहचान हुई थी। बाद में युवती ने किसी अन्य व्यक्ति से विवाह कर लिया। इसके बाद आरोपी लगातार उसे परेशान करने लगा और एआई तकनीक से फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते हुए पांच लाख रुपये की मांग की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेज

---

## पारिवारिक विवाद के चलते महिला ने दिया खौफनाक वारदात को अंजाम

# 24 घंटों में पुलिस ने सुलझाई हत्या की गुत्थी मृतक की पत्नी, उसका चचेरा भाई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कबीरधाम

जिले के सहसपुर लोहारा थाना क्षेत्र में हुए अंधे कत्ल की गुत्थी पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सुलझा ली। पुलिस ने हत्या के आरोप में मृतक की पत्नी और उसके चचेरे भाई को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि पति के अत्यधिक शराब सेवन और आए दिन होने वाले घरेलू विवाद से तंग आकर उन्होंने मिलकर हत्या की साजिश रची और पत्थर से सिर पर वार कर उसकी



हत्या कर दी। सहसपुर लोहारा थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि 26 जुलाई की सुबह करीब 7:30 बजे ग्राम बासिनझोरी निवासी महेश साहू का शव लोहारा के बानो रोड स्थित एक दुकान के पास मिला था। मृतक के चेहरे, सिर, हाथ और पैरों पर गंभीर चोट के निशान थे।

### महत्वपूर्ण साक्ष्यों के आधार पर तेज की जांच

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। एफएसएल टीम ने घटनास्थल का वैज्ञानिक परीक्षण किया और रक्तरंजित पत्थर सहित अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य जब्त किए। तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई।

## आगामी चार दिनों तक ऐसे मौसम की संभावना, सावधानी बरतने की अपील

# छत्तीसगढ़ में मौसम मेहरबान, बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, महासमुंद सहित अन्य शहरों में यलो अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में मौसम मेहरबान है। मानसून पूरी तरह से सक्रिय है। ऐसे में प्रदेश में आगामी चार दिनों तक मानसूनी गतिविधियां और तेज गति से बढ़ेंगी। मौसम विभाग ने प्रदेश के सात जिलों को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। लोगों से सावधान रहने की अपील की गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक, जिन सात जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। उनमें बिलासपुर, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार, महासमुंद, राजनांदगांव और कोरबा जिला शामिल हैं। इन जगहों पर हल्की बारिश और बिजली गिरने की संभावना जताई गई है।

### तेज हवाएं और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना

इसके साथ ही सुकमा, बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, उत्तर बस्तर कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाजार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सुरगुजा, सूरजपुर, कोरिया और बलरामपुर में भी बादल गरजने-चमकने, आकाशीय बिजली, 30-40 किलोमीटर की रफ्तार से हवायें चलने और बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने इन क्षेत्रों को लेकर भी भी यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने सोमवार को अधिकांश हिस्सों में मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है। वहीं कुछ स्थानों पर जोरदार बारिश हो सकती है। रायपुर और आस-पास के क्षेत्रों में आज सोमवार को बादल गरने के साथ ही बूंदाबांदी की संभावना है।




### बीते दिनों कहीं हल्की तो कहीं भारी बारिश हुई

बात रविवार की मौसम की करें, तो कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। एक-दो स्थानों पर भारी बारिश भी हुई। अब तक सामान्य से 20 प्रतिशत कम पानी गिरा है। राजधानी रायपुर का तापमान शनिवार को 33 डिग्री सेल्सियस तक रहा, लेकिन रविवार को हल्की बारिश के कारण मौसम सुहावना हो गया। बारिश के बाद तापमान में करीब तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखी गई, जिससे लोगों ने उमस और गर्मी से राहत की सांस ली। रायपुर के अलावा बसना, सरायपाली, सोनाखान, पिथौरा, बिलाईगढ़, सारंगढ़, बगीचा और कोरबा सहित अन्य क्षेत्रों में भी बारिश होने से तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की कमी आई है।

## चिंतन

# अड़ियल रवैया छोड़कर शिक्षा पर चर्चा करे विपक्ष

देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसद केवल आरोप-प्रत्यारोप का मंच नहीं, बल्कि जनहित के मुद्दों पर गंभीर विमर्श और बेहतर कानून बनाने का सर्वोच्च संस्थान है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा शुरू होने से पहले ही सदन हंगामे की भेंट चढ़ गया। विपक्ष का यह कहना कि नीट पेपर लीक प्रकरण में गृह मंत्री अमित शाह सदन में बयान दें, अपनी जगह एक राजनीतिक मांग हो सकती है, लेकिन करोड़ों छात्रों के भविष्य से जुड़े कानून पर बहस को बाधित करना लोकतांत्रिक दायित्वों के अनुरूप नहीं कहा जा सकता। इसलिए विपक्ष अड़ियल रवैया छोड़कर शिक्षा व्यवस्था में सुधार वाले इस बिल पर चर्चा करे और इसमें सुधार के लिए अपने सुझाव दे, ताकि इस कानून को और मजबूत किया जा सके। प्रस्तावित संशोधन में पेपर लीक के आरोपियों के लिए अधिक कठोर सजा, भारी आर्थिक दंड और विशेष फास्ट ट्रैक अदालतों की व्यवस्था जैसे प्रावधान किए गए हैं। इससे मामलों की रोजाना सुनवाई संभव होगी और दोषियों को वर्षों तक कानूनी प्रक्रिया का लाभ लेकर बच निकलने का अवसर कम मिलेगा। साथ ही यह कानून यूपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग, एनटीए तथा अन्य केंद्रीय परीक्षाओं पर लागू होगा, जिससे इसकी व्यापकता और प्रभाव दोनों बढ़ेंगे। हालांकि केवल कठोर कानून बना देना पर्याप्त नहीं है। विपक्ष की यह भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है कि वह विधेयक का सूक्ष्म अध्ययन करे और आवश्यक सुधारों के सुझाव दे। उदाहरण के लिए, परीक्षा एजेंसियों की जवाबदेही, साइबर सुरक्षा, प्रश्नपत्रों की डिजिटल सुरक्षा, व्हिसलब्लोअर संरक्षण, परीक्षा केंद्रों की निगरानी और समयबद्ध जांच जैसी व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाने पर सार्थक चर्चा हो सकती है। यही रचनात्मक विपक्ष की पहचान होती है। संसद में बहस का उद्देश्य सरकार को घेरना भर नहीं, बल्कि कानून को अधिक प्रभावी और जनहितकारी बनाना भी होता है। यह भी ध्यान रखना होगा कि पेपर लीक केवल कानूनी नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक चुनौती है। जब तक भ्रष्ट नेटवर्क, तकनीकी कमजोरियां और प्रशासनिक लापरवाही समाप्त नहीं होगी, तब तक केवल दंड के डर से समस्या पूरी तरह खत्म नहीं होगी। इसके लिए पारदर्शी परीक्षा प्रणाली, आधुनिक तकनीक, मजबूत निगरानी और जवाबदेह संस्थागत ढांचे की समानांतर आवश्यकता है। प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा सुधारों के लिए उच्चस्तरीय टास्क फोर्स का गठन इसी दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा सकता है, लेकिन उसकी सिफारिशों को भी शीघ्र लागू करना होगा। संसद में टकराव लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन जनहित के मुद्दों पर संवाद उससे कहीं अधिक आवश्यक है। सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी है कि वह विपक्ष की सार्थक बातों को स्वीकार करे और विपक्ष का दायित्व है कि वह हंगामे से आगे बढ़कर ठोस सुझाव दे। कुल मिलाकर शिक्षा और युवाओं का भविष्य किसी भी दल की राजनीति से बड़ा विषय है। यदि सरकार और विपक्ष इस मुद्दे पर सहमति बनाकर एक मजबूत, पारदर्शी और भरोसेमंद परीक्षा व्यवस्था तैयार कर पाते हैं, तो यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी जीत होगी। संसद की गरिमा भी तभी बढ़ेगी, जब बहस का केंद्र राजनीति नहीं, बल्कि देश के विद्यार्थियों का भविष्य बने। यही समय की सबसे बड़ी मांग है।



राजनीति
ओमकार चौधरी

# पंजाब में बड़ी चुनावी चुनौतियां


पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 केवल सत्ता परिवर्तन का चुनाव नहीं, बल्कि राज्य की राजनीतिक दिशा और शासन मॉडल पर जनमत का महत्वपूर्ण फैसला होगा। 2022 में प्रचंड बहुमत से सत्ता में आई आम आदमी पार्टी पहली बार अपने पांच वर्षों के कामकाज के आधार पर जनता के बीच जाएगी, जबकि कांग्रेस, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल वापसी और विस्तार की रणनीति के साथ मैदान में होंगे। नशा, बेरोजगारी, कृषि संकट, कानून-व्यवस्था, बढ़ता कर्ज, उद्योग, निवेश और युवाओं का पलायन जैसे मुद्दे चुनावी बहस के केंद्र में रहेंगे। ऐसे में मुकाबला केवल दलों का नहीं, बल्कि प्रदर्शन, विश्वसनीयता, नेतृत्व और भविष्य के विजन का भी होगा।

पंजाब का अगला विधानसभा चुनाव केवल सरकार बदलने या बचाने का चुनाव नहीं होगा, बल्कि यह राज्य की राजनीतिक दिशा तय करने वाला चुनाव साबित हो सकता है। 2022 में 117 में से 92 सीटें जीतकर सत्ता में आई आम आदमी पार्टी (आप) अब पहली बार अपने शासन के आधार पर जनता के सामने होगी। दूसरी ओर कांग्रेस, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल तीनों सत्ता में आने की लड़ाई लड़ रहे हैं। 2022 में आप को अभूतपूर्व जनादेश मिला था। अब मतदाता वादों के बजाय प्रदर्शन का मूल्यांकन करेगा। जो मुख्य चुनौतियां उसके सामने हैं, उनमें नशे की समस्या पर नियंत्रण कर पाई या नहीं कानून-व्यवस्था को लेकर विपक्ष के लगातार हमले जारी हैं। राज्य ऋण बढ़ने और वित्तीय स्थिति पर सवाल उठ रहे हैं। कृषि संकट का स्थायी समाधान न निकलने पर प्रश्न उठ रहे हैं। उद्योग एवं निवेश आकर्षित करने की चुनौती जस की तस बनी है। युवाओं को रोजगार के सपने दिखाए गए थे। उस दिशा में कोई ठोस स्टेप नहीं लिए गए। आप अपनी उपलब्धियों के रूप में सरकारी नौकरियों, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और भर्ती प्रक्रियाओं में सुधार जैसे मुद्दों को सामने रख रही है, जबकि विपक्ष आर्थिक प्रबंधन और प्रशासनिक प्रदर्शन पर प्रश्न उठा रहा है।

लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहतर रहा, लेकिन विधानसभा चुनाव अलग प्रकृति के होते हैं। उसकी प्रमुख चुनौतियों की बात करें तो मुख्यमंत्री का चेहरा कौन रहे, इसे लेकर आपस में ही लीडरशिप खींचातानी में उलझ गई है। सवाल यह है कि ऐसे में क्या पार्टी एक स्पष्ट नेतृत्व घोषित करेगी या चुनाव सामूहिक नेतृत्व में लड़ेगी? पंजाब कांग्रेस लंबे समय से विभिन्न नेताओं के बीच शक्ति-संघर्ष से प्रभावित रही है। यदि चुनाव तक संगठन पूरी तरह एकजुट नहीं हुआ तो इसका सीधा लाभ प्रतिद्वंद्वियों को मिल सकता है।

क्या भाजपा चौंका सकती है? यही सबसे रोचक प्रश्न है। भाजपा के पक्ष में जो बातें जाती हैं, उनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यक्तिगत लोकप्रियता। केंद्र सरकार की योजनाएं। राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा। सीमा राज्य होने के कारण सुरक्षा विमर्। शहरी हिंदू मतदाता में अपेक्षाकृत मजबूत आधार। हाल के महीनों में भाजपा ने पंजाब में अभियान तेज किया है और स्वयं को आप का प्रमुख विकल्प बताने की कोशिश की है लेकिन उसके सामने चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। ग्रामीण सिख क्षेत्रों में उसके पास सीमित संगठन है। किसान आंदोलन के बाद जो दूरी बनी थी, उसे पाटने के लिए गंभीर पहल नहीं हो सकी है। स्वतंत्र रूप से 117 सीटों पर मजबूत स्थानीय नेतृत्व विकसित करना बड़ी चुनौती है। अकाली दल से अलग होने के बाद पारंपरिक वोटों का बिखराव भी एक बड़ी चुनौती है परंतु हरियाणा, बंगाल सहित कई जगह उसके अकेले मैदान में उतरने के फैसले काफी सकारात्मक रहे हैं। उसे फायदा भी मिला है।

क्या भाजपा बंगाल जैसा प्रदर्शन कर सकती है? इस प्रश्न का उत्तर सरल हां या नहीं में नहीं है। समानताएं क्या हैं? मजबूत केंद्रीय नेतृत्व। संसाधनों की उपलब्धता। संगठन विस्तार की रणनीति। विपक्ष की कमजोरी का लाभ लेने का प्रयास लेकिन पंजाब बंगाल नहीं है। पंजाब की राजनीति तीन विशिष्ट आधारों पर चलती है।



सिख धार्मिक-सामाजिक संस्थाएं। कृषि आधारित अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय अस्मिता। यहां राष्ट्रीय मुद्दों के साथ स्थानीय नेतृत्व और सामाजिक समीकरण अधिक निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इसलिए भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ सकता है, सीटें भी बढ़ सकती हैं, लेकिन बंगाल जैसी छलांग लगाना अभी भी कठिन चुनौती माना जाएगा। क्या शिरोमणि अकाली दल वापसी कर सकता है? अकाली दल पंजाब की सबसे पुरानी क्षेत्रीय राजनीतिक शक्ति है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में किसान आंदोलन, भाजपा से अलगाव, संगठनात्मक कमजोरी, नेतृत्व पर प्रश्नऔर नए पंथिक समूहों को उभार ने उसके सामने कठिन चुनौतियां पेश कर दी हैं। इन सबने उसके आधार को कमजोर किया है। यदि अकाली दल अपनी पारंपरिक ग्रामीण-सिख राजनीति को पुनर्जीवित करता है और संगठनात्मक एकता स्थापित करता है, तो वह किंगमेकर की भूमिका में लौट सकता है। लेकिन पूर्ण बहुमत तक पहुंचना फिलहाल कठिन दिखाई देता है। हाल के समय में पंथिक राजनीति के भीतर नए धड़ों और गठबंधनों की गतिविधियां भी चुनावी समीकरणों को प्रभावित कर सकती हैं।

**पंजाब के वास्तविक चुनावी मुद्दे :** इस बार भावनात्मक मुद्दों से अधिक शासन और अर्थव्यवस्था पर ध्यान रहने की संभावना है। प्रमुख मुद्दों में नशा और ड्रग तस्करी, बेरोजगारी, कृषि संकट, एमएसपी और किसानों की आय, उद्योगों का पलायन, राज्य का बढ़ता कर्ज, कानून-व्यवस्था, गैंगस्टर नेटवर्क, सीमा सुरक्षा, युवाओं का विदेश पलायन, शिक्षा और स्वास्थ्य, भ्रष्टाचार एवं प्रशासनिक पारदर्शिता, पानी और भूजल संकट और नहर एवं सिंचाई व्यवस्था माने जा रहे हैं।

**संभावित चुनावी नैरेटिव :** आम आदमी पार्टी दावा करेगी कि हमने व्यवस्था बदली। भ्रष्टाचार कम किया। शिक्षा और स्वास्थ्य को सुधारा। पुरानी पार्टियों से बेहतर शासन दिया। कांग्रेस कहेगी कि आप ने उम्मीदों पर खरा उतरने वाले प्रदर्शन नहीं किया। पंजाब को अनुभवी सरकार चाहिए। भाजपा का कहना होगा कि डबल इंजन से ही विकास संभव है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए इस सीमाब प्रांत में भी उसकी सरकार जरूरी है। वह निवेश और उद्योग लेकर आएगी। रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराएगी मजबूत प्रशासन देगी। अकाली दल कहेगा कि पंजाब को उसकी पहचान और संघीय अधिकार दिलाएगी। किसानों और सिख हितों की राजनीति करेगी। क्षेत्रीय दल ही पंजाब के हितों की बेहतर रक्षा कर सकता है।

**2027 का चुनाव संभवतः** इन पांच सवालों पर केंद्रित होगा। क्या आप अपना जनादेश बचा पाएगी? क्या कांग्रेस फिर मुख्य विपक्ष से सरकार तक पहुंच पाएगी? क्या भाजपा पहली बार पंजाब में बड़ी शक्ति बन सकेगी? क्या अकाली दल अपनी ऐतिहासिक भूमिका पुनः प्राप्त करेगा? क्या चुनाव त्रिकोणीय रहेगा या चतुष्कोणीय? पंजाब का चुनाव इस बार केवल दलों के बीच नहीं, बल्कि विश्वसनीयता बनाम उम्मीद, स्थानीय नेतृत्व बनाम राष्ट्रीय नेतृत्व, और शासन बनाम पहचान की राजनीति के बीच भी होगा। आप के लिए यह अपने शासन का जनमत-संग्रह होगा। कांग्रेस के लिए संगठन और नेतृत्व की परीक्षा, भाजपा के लिए विस्तार की चुनौती, और शिरोमणि अकाली दल के लिए अस्तित्व एवं पुनरुत्थान का संघर्ष। यदि चुनाव तक किसी दल ने राज्य के वास्तविक आर्थिक, कृषि और युवा-संबंधी मुद्दों पर विश्वसनीय रोडमैप प्रस्तुत किया, तो वही निर्णायक बढ़त बना सकता है। अभी के राजनीतिक संकेतों के आधार पर मुकाबला खुला है, और किसी एक दल की स्पष्ट बढ़त मान लेना जल्दबाज़ी होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस

ऋषभ मिश्रा



# हेपेटाइटिस मुक्त भारत अब बने राष्ट्रीय संकल्प

भारत आज दुनिया के उन देशों में शामिल है जहां वायरल हेपेटाइटिस का बोझ अत्यधिक है। विडंबना यह है कि हेपेटाइटिस बी और सी जैसी बीमारियों की रोकथाम और उपचार दोनों संभव हैं, फिर भी लाखों लोग इनके संक्रमण से अनजान हैं। यही कारण है कि हेपेटाइटिस को साइलेंट किलर भी कहा जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में लगभग 4 करोड़ लोग हेपेटाइटिस-बी और 60 लाख से 1.2 करोड़ लोग हेपेटाइटिस-सी से दीर्घकालिक रूप से संक्रमित हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में हेपेटाइटिस-बी के लगभग 10 करोड़ और हेपेटाइटिस-सी के 3 करोड़ मरीज हैं। हेपेटाइटिस मूलतः यकृत (लीवर) की सूजन है, जो मुख्यतः वायरस के कारण होती है। हेपेटाइटिस-ए और ई प्रायः दूषित भोजन तथा पानी से फैलते हैं, जबकि हेपेटाइटिस-बी और सी संक्रमित रक्त, असुरक्षित इंजेक्शन, संक्रमित उपकरणों तथा मां से नवजात शिशु में फैल सकते हैं। हेपेटाइटिस-बी और सी का सबसे बड़ा खतरा यह है कि इनके लक्षण कई वर्षों तक दिखाई नहीं देते, लेकिन धीरे-धीरे ये लीवर सिरोसिस और लीवर कैंसर जैसी घातक बीमारियों का कारण बन सकते हैं। वैश्विक स्तर पर स्थिति चिंताजनक है। 'डब्ल्यूएचओ' के अनुसार वर्ष 2024 में दुनिया भर में लगभग 28.7 करोड़ लोग हेपेटाइटिस-बी या सी के साथ जीवन जी रहे थे और लगभग 13 लाख लोगों की मृत्यु इनसे संबंधित बीमारियों के कारण हुई। यह संख्या एचआईवी और मलेरिया जैसी कई अन्य संक्रामक बीमारियों के बराबर या उससे अधिक है। भारत में समस्या केवल संक्रमण तक सीमित नहीं है, बल्कि पहचान और उपचार की कमी भी बड़ी चुनौती है। अधिकांश संक्रमित व्यक्तियों को यह पता ही नहीं होता कि वे वायरस के वाहक हैं। जब तक बीमारी का पता चलता है, तब तक लीवर को गंभीर क्षति पहुंच चुकी होती है। विशेषज्ञों के अनुसार देश में करोड़ों लोग हेपेटाइटिस-बी से संक्रमित हैं, लेकिन बड़ी संख्या में लोग कभी जांच तक नहीं कराते। भारत की एक अन्य चुनौती स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता का अभाव है। ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी झुग्गियों में दूषित जल के कारण हेपेटाइटिस-ए और ई के प्रकोप समय-समय पर सामने आते रहते हैं। हाल के वर्षों में जलजनित रोगों के लाखों मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें हेपेटाइटिस-ए और ई भी शामिल हैं। इसके साथ ही असुरक्षित इंजेक्शन, अनियमित रक्त संक्रमण, टैटू बनवाने में अस्वच्छ उपकरणों का उपयोग तथा स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता की कमी भी संक्रमण के प्रसार में योगदान देती है। कई बार सामाजिक कलंक और भय के कारण लोग जांच कराने से भी बचते हैं। परिणामस्वरूप संक्रमण अनजाने में परिवार और समाज में फैलता रहता है। वस्तुतः हेपेटाइटिस उन्मूलन केवल स्वास्थ्य मंत्रालय की जिम्मेदारी नहीं है। इसके लिए बहुस्तरीय रणनीति की आवश्यकता है। सबसे पहले जन-जागरूकता अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाना होगा। स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए। दूसरी ओर, गर्भवती महिलाओं की अनिवार्य जांच और नवजात शिशुओं के समयबद्ध टीकाकरण पर विशेष ध्यान देना होगा। इसके अतिरिक्त रक्त बैंकों और स्वास्थ्य संस्थानों में संक्रमण नियंत्रण के मानकों का कठोर पालन सुनिश्चित करना होगा। हेपेटाइटिस-सी के लिए उपलब्ध प्रभावी दवाओं और हेपेटाइटिस-बी के दीर्घकालिक उपचार को अधिक सुलभ और किफायती बनाना भी आवश्यक है। डब्ल्यूएचओ का मानना है कि यदि वर्तमान वैज्ञानिक साधनों का व्यापक उपयोग किया जाए तो वर्ष 2030 तक हेपेटाइटिस को सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के रूप में समाप्त किया जा सकता है। विश्व हेपेटाइटिस दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि यह बीमारी केवल चिकित्सकीय समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक चुनौती भी है। इसलिए हेपेटाइटिस के विरुद्ध लड़ाई में सरकार, चिकित्सा समुदाय, नागरिक समाज और आम जनता सभी की समान भागीदारी आवश्यक है। वस्तुतः भारत यदि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का सपना देख रहा है, तो उसे अपने नागरिकों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। हेपेटाइटिस जैसी रोकी जा सकने वाली बीमारी से होने वाली मौतें किसी भी आधुनिक समाज के लिए स्वीकार्य नहीं हो सकतीं। समय की मांग है कि जागरूकता को जनांदोलन बनाया जाए, जांच को सामान्य स्वास्थ्य संस्कृति का हिस्सा बनाया जाए, टीकाकरण को हर व्यक्ति तक पहुंचाया जाए और हेपेटाइटिस मुक्त भारत को अब राष्ट्रीय संकल्प बनाना होगा। तभी हेपेटाइटिस मुक्त भारत का लक्ष्य वास्तविकता बन सकेगा।

(लेखिक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हड़बड़ी न करें, धैर्य का फल मीठा होता है



संकलित
दर्शन

किसी गुरुकुल में गुरुदेव बालकों को बाण चलाना सिखा रहे थे। एक अतिउत्साही शिष्य ने धनुष को इतनी जोर से खींचा कि उसके दो टुकड़े हो गए। गुरुदेव ने शिष्य को ज्ञान दिया कि अधीरता से योग्यता अपव्यय हो जाती है। लक्ष्य को भेदने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उससे अधिक या कम ऊर्जा का प्रयोग करने पर लक्ष्य को साधना असंभव है। हमारा जीवन भी एक धनुष के समान है। यदि धैर्यपूर्वक ऊर्जा को धीरे-धीरे संचित करने के बाद नियंत्रण के साथ इसे व्यय करने की कला सीख ली जाए तो लक्ष्य कितनी ही दूरी पर क्यों न हो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। धैर्य का अर्थ मूक रहकर मात्र प्रतीक्षा करना नहीं है। धैर्य का अर्थ है उत्तेजनारहित होकर अपने कार्य में निरंतर संलग्न रहना। किसी कार्य के प्रति अतिउत्साह अथवा असंयम उक्त कार्य के फल को परिपक्व नहीं होने देता। चाक पर चढ़े कच्चे घड़े को यदि आतुरता में समय से पहले उतार लिया जाए तो उसका आकार विकृत हो जाता है। हमें ऐसा भ्रम हो सकता है कि जीवन में प्रगति इतनी धीमी गति से हो रही है कि कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हम परिवर्तन की चाह में धैर्य खो बैठते हैं और शीघ्र सफलता की आकांक्षा में हड़बड़ी में ऐसे निर्णय ले बैठते हैं, जिनसे हमारा भविष्य बिगड़ सकता है। युवाओं में ऊर्जा का अधिक भंडार होता है। यह ऊर्जा उन्हें कार्य को जल्द से जल्द संपादित करके फल प्राप्ति के लिए लालायित करती है। उन्हें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना नहीं आता।

# क्या भगवान का अस्तित्व है?



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति नाई की दुकान पर अपने बाल कटवाने गया। नाई और उस व्यक्ति के बीच में ऐसे ही बातें शुरू हो गई और वे लोग बातें करते-करते भगवान के विषय पर बातें करने लगे। तभी नाई ने कहा- मैं भगवान के अस्तित्व को नहीं मानता और इसीलिए तुम मुझे नास्तिक भी कह सकते हो। तुम ऐसा क्यों कह रहे हो व्यक्ति ने पूछा। नाई ने कहा- बाहर जब तुम सड़क पर जाओगे तो तुम समझ जाओगे कि भगवान का अस्तित्व नहीं है। अगर भगवान होते, तो क्या इतने सारे लोग भूखे मरते? मैं ऐसे निर्दयी ईश्वर की कल्पना नहीं कर सकता जो इन सब की अनुमति दे। नाई ने अपना काम खत्म किया और वह व्यक्ति नाई को पैसे देकर दुकान से बाहर आ गया। वह जैसे ही नाई की दुकान से निकला, उसने सड़क पर एक लम्बे-घने बालों वाले एक व्यक्ति को देखा जिसकी दाढ़ी भी बढ़ी हुई थी और ऐसा लगता था शायद उसने कई महीनों तक अपने बाल नहीं कटवाए थे। वह व्यक्ति वापस मुड़कर नाई की दुकान में दुबारा घुसा और उसने नाई से कहा- क्या तुम्हें पता है? नाइयों का अस्तित्व नहीं होता। व्यक्ति ने कहा- नहीं! नाई नहीं होते हैं। अगर होते तो क्या बाहर उस व्यक्ति के जैसे कोई भी लम्बे बाल व बढ़ी हुई दाढ़ी वाला होता? नाई ने कहा- अगर वह व्यक्ति किसी नाई के पास बाल कटवाने जाएगा ही नहीं तो नाई कैसे उसके बाल काटेगा? व्यक्ति ने कहा- तुम बिल्कुल सही कह रहे हो, यही बात है। भगवान भी होते है लेकिन कुछ लोग भगवान पर विश्वास ही नहीं करते तो भगवान उनकी मदद कैसे करेंगे। विश्वास ही सत्य है!

## अंतर्मन




### आज की पाती


**इस्तीफा तो हो गया लेकिन क्या छात्रों को न्याय मिला?**

कई दिनों के धरना-प्रदर्शन के बाद आखिरकार केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। पहली नजर में इसे आंदोलन की बड़ी जीत और लोकतंत्र की सफलता के रूप में देखा जा रहा है। लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न वही है, जो हर छात्र और अभिभावक के मन में है- क्या शिक्षा मंत्री के इस्तीफे से छात्रों का भविष्य सुरक्षित हो गया? क्या इससे पेपर लीक की समस्या समाप्त हो जाएगी? क्या प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता लौट आएगी? क्या लाखों विद्यार्थियों की मेहनत अब बिना किसी भय के रंग लाएगी? इन सभी सवालों का उत्तर फिलहाल नकारात्मक दिखाई देता है। यही कारण है कि आंदोलन की सफलता का मूल्यांकन केवल एक मंत्री के इस्तीफे से नहीं बल्कि शिक्षा व्यवस्था में आने वाले वास्तविक सुधारों से किया जाना चाहिए। *- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# अमेरिका के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में भीषण गर्मी का कहर

अमेरिका के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में रविवार को लगातार दूसरे दिन भी भीषण गर्मी और उमस का प्रकोप जारी रहा। इस बीच, अमेरिका में चार करोड़ से अधिक लोग ऐसे क्षेत्रों में रह रहे हैं, जहां प्रशासन ने अत्यधिक गर्मी को लेकर चेतावनी जारी की हुई है। राष्ट्रीय मौसम सेवा (एनडब्ल्यूएस) के अनुसार, 'हीट इंडेक्स' (मानव शरीर को वास्तव में महसूस होने वाला तापमान) 38 डिग्री सेल्सियस से काफी ऊपर दर्ज किया गया। इसका प्रभाव मिनेसोटा से लेकर मिसिसिपी तक और पश्चिम में दक्षिणी कैलिफोर्निया तथा नेवादा तक रहा। दक्षिण-पश्चिमी अमेरिका के कुछ हिस्सों में तापमान 49 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की आशंका जताई गई।




मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि यह भीषण गर्मी 'हीट डोम' के कारण पड़ रही है। इस स्थिति में उच्च वायुदाब किसी बड़े क्षेत्र के ऊपर एक गुंबद की तरह बन जाता है और गर्म हवा को बाहर निकलने नहीं देता। इससे तापमान बढ़ता जाता है और कई दिनों तक भीषण गर्मी बनी रहती है। नेब्रास्का के ओमाहा में बेघर लोगों के लिए काम करने वाले संगठन 'थ्रेशहोल्ड सीओसी' के आउटरीच प्रबंधक पीट मिलर ने रविवार को पानी की बोतलें वितरित करते हुए कहा, ''गर्मी असाधारण रूप से ज्यादा है।

## ऑफ बीट

# क्या बॉस का गाली देना अच्छी 'लीडरशिप' की निशानी है ?

कुछ लोगों की बातचीत में गाली-गलौज आम बात होती है। कार्यस्थल पर भी ऐसे लोग मिल जाते हैं और कई बार वे नेतृत्व की भूमिका में होते हैं। क्या गाली देने वाला बॉस बेहतर 'टीम लीडर' हो सकता है? सुनने में यह अजीब लग सकता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि सामने वाला व्यक्ति और उसकी टीम उस भाषा को किस तरह लेती है। शायद आपने भी ऐसे 'टीम लीडर' या 'मैनेजर' के साथ काम किया हो, जो कर्मचारियों का हौसला बढ़ाते समय बीच-बीच में गाली-गलौज से परहेज नहीं करते हों या अपनी बात को सबसे स्पष्ट तरीके से रखने के लिए अक्सर अपशब्दों का सहारा लेते हैं। हालांकि, ऐसे व्यवहार पर सहकर्मियों की प्रतिक्रिया एक जैसी नहीं होती। कुछ लोगों को यह सहज और मजेदार लग सकता है, कुछ इसे नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि कई लोग इसे खराब नेतृत्व, गैर-पेशेवर रवैया और पूरी तरह अनावश्यक मानते हैं। अध्ययन से पता चलता है कि गाली देने वाले बॉस के प्रति लोगों की राय केवल इस बात पर निर्भर नहीं करती कि उन्होंने क्या कहा, बल्कि इसपर भी निर्भर करती है कि सुनने वाला कौन है और वह किस देश या सामाजिक परिवेश में रहता है। अध्ययन में यह भी सामने आया कि नेतृत्व करने का कोई एक ऐसा तरीका नहीं है, जिसे हर जगह ''सही'' माना जाए।



## ट्रेंड

### मेरा कोई रोल नहीं



पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने में मेरा कोई रोल नहीं है। ये दोनों प्रोजेक्ट केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के हैं। वायरल वीडियो में एथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल (ईबीपी) प्रोग्राम और ई-20 पहल से गलत तरीके से जोड़ा गया है। **-नितिन गडकरी,** केंद्रीय मंत्री

### क्या संदेश दे रही भाजपा



भाजपा को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या पेपर लीक, चरमराती शिक्षा व्यवस्था, छात्रों पर लाठीचार्ज और पैलेट गन चलाने के बावजूद प्रधान का काम सराहनीय था? अगर नहीं, तो यह सम्मान किसलिए है? और अगर हां, तो क्या भाजपा देश के युवाओं और छात्रों को यही संदेश देना चाहती है? **-जयराम रमेश,** कांग्रेस महासचिव

### सर्वोच्च बलिदान दिया



कैप्टन सौरभ कालिया, कैप्टन विक्रम बत्रा और कैप्टन मनोज कुमार पांडेय जैसे युवा अधिकारियों ने युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया। कई सैनिक ऐसे थे, जिनकी उम्र 25 वर्ष भी नहीं थी, लेकिन उन्होंने बहादुरी से लड़ाई लड़ी। इतिहास उन्हें कभी नहीं भूलेगा। **-देवेंद्र फडणवीस,** सीएम महाराष्ट्र

### श्रमिकों के परिवारों को मदद



आज हमने सिक्किम हादसे में जान गंवाने वाले श्रमिकों के परिवारों को आर्थिक मदद दी है। नौ परिवारों के सदस्यों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। इनमें से सात को होम गार्ड के तौर पर और दो को नागरिक स्वयंसेवक के तौर पर नियुक्त किया जाएगा। **-शुभेंदु अधिकारी,** सीएम, प. बंगाल

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# छात्रों के साथ हुई पुलिसिया ज्यादती के खिलाफ कांग्रेस सख्त, गृहमंत्री से कार्रवाई की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पेपर लीक के खिलाफ आंदोलन के दौरान छात्रों से किए गए वादों से मुकरने का आरोप लगाया है। पार्टी ने कहा है कि दिल्ली में बर्बरतापूर्ण कार्रवाई के बाद बिहार में एके-47 से छात्रों पर गोलियां चलाई गईं, गिरफ्तारियां हो रही हैं और एफआईआर दर्ज की जा रही हैं।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और कई अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने इस मुद्दे को लेकर सोमवार को संसद परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। 'मकर द्वार' के निकट आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में विपक्षी सांसद एक बड़े बैनर के पास खड़े थे, जिस पर 'लोकतंत्र - वोट चोरी, शिक्षा- पेपर चोरी, आस्था- चंदा चोरी' लिखा हुआ था।

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सुबह सदन में छात्रों पर हुए हमले को लोकतंत्र पर अब तक के सबसे गंभीर हमलों में से एक करार दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अपनी जायज मांगों के लिए आवाज उठा रहे छात्रों को सड़कों पर पीटा गया, घसीटा गया और उनके साथ अपराधियों जैसा सलूक किया गया। उन्होंने इसके लिए गृह मंत्री अमित शाह की सीधी जवाबदेही तय करने की मांग की। उन्होंने आगे कहा कि बिहार में प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ एके-47 के इस्तेमाल तक की खबरें आ रही हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर भाजपा शासित राज्यों में छात्रों को क्यों निशाना बनाया जा रहा है। शाम के सत्र में खरगे ने कहा कि विपक्ष चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन उससे पहले गृह मंत्री सदन में आकर यह बताएं कि छात्रों पर लाठीचार्ज क्यों किया गया? दोनों ही बार कांग्रेस अध्यक्ष के बोलते ही सत्ता पक्ष के शोर-शराबे के बीच सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

बाद में 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रदर्शन में भाग लेने वाले युवाओं को धमकियां मिल रही हैं। पश्चिम बंगाल और बिहार में युवाओं को जबरन हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा कि पहले युवाओं को लाठी-डंडे-पैलेट गन से मारा गया और अब जब प्रदर्शन खत्म हुआ है तो उनके सोशल मीडिया अकाउंटों तक की जांच-पड़ताल हो रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए इसे एक डरे हुए तानाशाह की निशानी बताया। उन्होंने पूछा कि 766 दिन पहले शिक्षा क्षेत्र और पेपर लीक रोकने के लिए बनी डॉ राधाकृष्णन कमेटी की सिफारिशों का क्या हुआ? 895 दिन पहले पेपर लीक रोकने के लिए बना कानून पास हुआ था, उसके बाद इतने पेपर लीक क्यों हुए? 647 दिन तक एनटीए को एक पूर्णकालिक निदेशक क्यों नहीं दिया गया? उन्होंने जोर देकर कहा कि अमित शाह को बयान देना होगा और प्रधानमंत्री मोदी को माफी मांगनी पड़ेगी।

दूसरी ओर, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि देश के छात्रों के खिलाफ पूरा का पूरा सिस्टम ही जानलेवा हो चुका है। उन्होंने कहा कि बिहार में एके-47 से छात्रों पर गोलियां चलाई गईं हैं और छात्रों को गिरफ्तार कर उन पर एफआईआर दर्ज की जा रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछा कि छात्रों पर कोई एफआईआर न करने और उन्हें रिहा करने के वादे का क्या हुआ? उन्होंने कहा कि हकीकत में उनपर बर्बर हमले किए जा रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और बिहार हर जगह- एक ही पैटर्न दिखाई दे रहा है; दिल्ली में छात्रों पर पैलेट गन चलीं और बिहार में एके-47 का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने पहले ही कहा था कि मोदी सरकार झूठी है और सुधार लाना इसके बस का नहीं है; यह अपनी बातों से मुकर जाएगी और छात्रों की आवाज को दबाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश के छात्रों से तुरंत माफी मांगें और छात्रों की बजाय उनपर हमला करने वालों पर कार्रवाई करें। वहीं संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि बिहार और पश्चिम बंगाल में अब भी छात्रों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही हैं, जबकि बात हुई थी कि ऐसा नहीं किया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि ये छात्र हैं, आतंकवादी नहीं।

## जंतर-मंतर पर पुलिस एक्शन को लेकर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

# केवल आंदोलन होने पर लाठीचार्ज सही नहीं ज्यादतियों के आरोपों की होगी 'स्वतंत्र जांच'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

> मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि संविधान के तहत शांतिपूर्ण और कानूनी विरोध का अधिकार पूरी तरह से सुरक्षित है। जब तक विरोध शांतिपूर्ण है, अत्यधिक बल का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता

सुप्रीम कोर्ट ने आज मौखिक रूप से कहा कि शांतिपूर्ण और कानूनी विरोध का अधिकार संवैधानिक रूप से सुरक्षित है और सिर्फ आंदोलन लाठीचार्ज को सही नहीं ठहरा सकता। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी मोहना की पीठ ने पेपर लीक के मुद्दे पर देश भर में विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों के खिलाफ पुलिस बल के उपयोग का आरोप लगाने वाली याचिकाओं के एक समूह का उल्लेख करते हुए ये टिप्पणियां कीं। न्यायालय ने आगे कहा कि पुलिस द्वारा की गई ज्यादतियों के आरोपों की स्वतंत्र रूप से जांच की जानी चाहिए। साथ ही कोर्ट ने देश भर में प्रदर्शनों से निपटने के लिए एक समान पुलिस प्रोटोकॉल की जरूरत पर जोर दिया। सभी याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई होगी।

**प्रदर्शनों से निपटने एक समान प्रोटोकॉल जरूरी**

लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए अनुशासन जरूरी



### शांतिपूर्ण विरोध करने का पूरा अधिकार

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि संविधान के तहत शांतिपूर्ण और कानूनी विरोध का अधिकार पूरी तरह से सुरक्षित है। जब तक विरोध शांतिपूर्ण है, सिर्फ इसलिए कि विरोध हो रहा है, अत्यधिक बल का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। अगर अत्यधिक बल का इस्तेमाल किया जाता है, तो इसकी स्वतंत्र रूप से जांच होनी चाहिए। यह सिर्फ दिल्ली का मामला नहीं है। प्रोटोकॉल में एकरूपता जरूरी है। सिर्फ विरोध होने का मतलब लाठी-चार्ज नहीं है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए अनुशासन जरूरी है।

**उनके पास हेलमेट होने चाहिए**

कोर्ट ने घटना में घायल पुलिसकर्मियों के परिवारों की ओर से पेश वकील की कार्यवाही में शामिल होने की अर्जी भी मंजूर कर ली। जस्टिस बागची ने मौखिक रूप से कहा कि किसी व्यक्ति को चोट पहुंचना, चाहे वह पुलिसकर्मी हो या छात्र, समान रूप से चिंता का विषय है। हम राज्य से यह पूछ सकते हैं कि ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए पुलिस को पर्याप्त उपकरण क्यों नहीं दिए गए। उनके पास हेलमेट होने चाहिए।

# छात्रों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई न करने के वादे से मुकर रही मोदी सरकार, जारी किया हेल्पलाइन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

एनएसयूआई और युवा कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार छात्रों के खिलाफ कोई भी कानूनी कार्रवाई न करने के अपने वादे से मुकर रही है और देशभर में छात्रों के खिलाफ ताबड़तोड़ दर्जनों एफआईआर दर्ज की जा रही हैं। कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने बताया कि पुलिस छात्रों के घरों पर दबिश देकर उनके परिजनों को प्रताड़ित कर रही है। इसके अलावा, पेपर लीक के खिलाफ आवाज उठाने वाले छात्रों, पत्रकारों और यूट्यूबर्स की आवाज दबाने के लिए सरकार द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को पत्र लिखकर उनके वीडियो हटवाए जा रहे हैं। पत्रकार वार्ता करते हुए एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने छात्रों को आश्वस्त किया कि कांग्रेस पार्टी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पूरी ताकत से उनके साथ खड़े हैं। पूरे देश में कांग्रेस, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई द्वारा पेपर लीक के खिलाफ और शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए 'छात्रों की गूंज' अभियान चलाया जा रहा है। संगठनों ने पीड़ित छात्रों की कानूनी व हर संभव मदद के लिए 'छात्रों की गूंज' अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 9811867474 और एक क्यूआर कोड जारी किया है। छात्र इस नंबर पर मिस्ड कॉल देकर या कोड स्कैन करके सीधे संगठन से संपर्क कर मदद प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान उनके साथ छात्र नेता ऋचा कुशवाहा और गुरमेहर कौर भी मौजूद थीं।

जाखड़ ने कहा कि दिल्ली में पैलेट गन और अब पटना में एके-47 जैसी घातक बंदूकों का इस्तेमाल निहत्थे छात्रों पर किया गया। उन्होंने बताया कि गोली लगने से घायल एक छात्र पटना के मेदांता अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि अपने अधिकारों की मांग कर रहे छात्रों पर गोलियां चलाने का आदेश किसके कहने पर दिया गया? उन्होंने कहा कि बिना उच्च स्तरीय आदेश के पुलिस ऐसा कदम नहीं उठा सकती। विनोद जाखड़ ने कहा कि दिल्ली और बिहार में हुई दमनपूर्ण कार्रवाई के विरोध में छात्र केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। युवा कांग्रेस व एनएसयूआई छात्रों के साथ खड़े हैं और इसके लिए पूरे देश में आंदोलन किया जाएगा।

वहीं, ऋचा कुशवाहा और गुरमेहर कौर ने देशभर में छात्रों पर की जा रही दमनकारी कार्रवाई की कड़ी निंदा की। ऋचा कुशवाहा ने बताया कि बिहार में प्रदर्शनकारी छात्रों के साथ बर्बरता की जा रही है; पटना यूनिवर्सिटी छात्र संघ के अध्यक्ष शांतनु शेखर समेत एनएसयूआई के कई नेताओं को हिरासत में लिया गया और उनके साथ मारपीट की गई। उन्होंने बताया कि कई छात्राओं के घरों पर पुलिस ने रात दो बजे दबिश देकर तलाशी ली। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदर्शन में जाने वाली छात्राओं को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है, उनके खिलाफ अभद्र टिप्पणियां की जा रही हैं।

## डीपफेक, एआई-जनित पोस्ट पर गडकरी मेटा, एक्स और अन्य पर कर सकेंगे मुकदमा

### बंबई उच्च न्यायालय के निर्देश

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को उनके खिलाफ अपलोड किए गए 'मानहानिकारक' डीपफेक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)-जनित पोस्ट को लेकर मेटा मंच, एक्स कॉर्प, गूगल एलएलसी और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ दीवानी वाद दायर करने की सोमवार को अनुमति दे दी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता गडकरी ने 'लेटर्स पेटेंट' के खंड-12 के तहत अनुमति याचिका दायर की थी।



### दल-बदल रोधी कानून पर केंद्र से जवाब मांगा

उच्चतम न्यायालय ने निर्दलीय राज्यसभा सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की उस याचिका की सुनवाई को लेकर को सहमति जताई, जिसमें संविधान की दसवीं अनुसूची की उस व्याख्या पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया गया है, जिसके तहत विधायक और सांसद किसी अन्य राजनीतिक दल में विलय का दावा कर दल-बदल रोधी कानून के तहत अयोग्यता से बच सकते हैं। जस्टिस पीएस. नरसिम्हा और आलोक अराधे की पीठ ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया।

### स्कूली किताबों में 2000 से ज्यादा त्रुटियां

**भुवनेश्वर।** ओडिशा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और बीजद प्रमुख नवीन पटनायक ने सरकारी स्कूलों में त्रुटिपूर्ण पाठ्यपुस्तकों के वितरण को लेकर स्कूल एवं जनशिक्षा मंत्री नित्यानंद गोंड के इस्तीफे की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों तक गलतियों से भरी किताबें पहुंचाकर उनका भरोसा तोड़ा।

### लाड़की बहिन योजना के पूरे पैसे शॉपिंग में न उड़ाएं

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार की मंत्री अदिति तटकरे ने लाड़की बहिन योजना की लाभार्थी महिलाओं से अपील की है कि वे उन्हें हर महीने मिलने वाले 1500 रुपए का पूरा पैसा अपनी शॉपिंग में खर्च न करें बल्कि इस पैसे का एक हिस्सा बचाना चाहिए। पैसे बचाकर स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), बैंकों या सहकारी समितियों में रखें और उनका समझदारी से इस्तेमाल करें। इससे आपको भविष्य में फायदा होगा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. / 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **समीर उर्फ चोटी, पुत्र: अब्दुल जलील, पता: 527, जेड–ब्लॉक, प्रेम नगर, किरारी सुलेमान नगर, दिल्ली, अन्य पता जेड–632, प्रेम नगर–II, किरारी सुलेमान नगर, दिल्ली** ने **FIR No. 611/2023, U/s 147/148/149/151/186/325/307/324/332 IPC, पुलिस थाना नांगलोई, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **समीर उर्फ चोटी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **समीर उर्फ चोटी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 611/2023, U/s 147/148/149/151/186/325/307/324/332 IPC, पुलिस थाना नांगलोई, दिल्ली** के अभियुक्त **समीर उर्फ चोटी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.09.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – सुश्री प्रिया महेंद्र
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–09, पश्चिम, कमरा नं. 307
DP/10241/OD/2026 तीसरी मंजिल, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

# करूर भगदड़ पीड़ित परिजनों को नौकरी देने पर लगाई रोक

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

## विजय को मद्रास हाईकोर्ट से झटका

**मामला जांच के दायरे में सुप्रीम कोर्ट निगरानी कर रहा**



तमिलनाडु के करूर भगदड़ मामले में मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै पीठ ने सोमवार को बड़ा फैसला सुनाया। अदालत ने राज्य सरकार के उन सरकारी आदेशों (जीओ) को रद्द कर दिया, जिनके तहत भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी देने का फैसला लिया गया था। यह आदेश करूर भगदड़ पीड़ितों के परिवारों के पुनर्वास पैकेज का हिस्सा था। अदालत ने इस मामले में दायर जनहित याचिकाओं (पीआईएल) का निपटारा करते हुए यह फैसला सुनाया। हाई कोर्ट ने कहा कि करूर भगदड़ मामले की जांच फिलहाल सीबीआई कर रही है और इस जांच की निगरानी सुप्रीम कोर्ट कर रहा है, इसलिए वह मामले के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी नहीं करेगी।

### नौकरी मांगने वालों की बाढ़ आ जाएगी

अदालत ने कहा कि भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को सरकारी नौकरी देने संबंधी आदेश संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन करता है। पीठ ने यह भी कहा कि भगदड़ पीड़ितों के परिजनों को सरकारी नौकरी देने के आदेश से इसी तर्ज पर नौकरी की मांग करने वालों की बाढ़ आ जाएगी।

### 10 जुलाई को नियुक्ति पत्र सौंपे थे

सीएम विजय ने 10 जुलाई को सीएम बनने के बाद पहली बार करूर का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने सितंबर 2025 की करूर भगदड़ से प्रभावित परिवारों के लिए पुनर्वास कार्यक्रम की शुरुआत की थी। सीएम ने जान गंवाने वाले 41 लोगों के परिवारों में से 32 पात्र सदस्यों को अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपे थे। राज्य सरकार ने प्रत्येक प्रभावित परिवार के एक पात्र सदस्य को सरकारी नौकरी देने का फैसला किया था। करूर दौरे के दौरान सीएम विजय ने जिला कलेक्टर कार्यालय में मृतकों के परिजनों से मुलाकात की थी और उनकी समस्याएं सुनी थीं। इसके बाद उन्होंने एक सार्वजनिक सभा को भी संबोधित किया।

## वाहन आरसी पर सरकार लाई मसौदा

# 6 महीने तक आरसी ट्रांसफर नहीं तो डीलर होगा मालिक!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत में वाहन पंजीकरण प्रक्रिया में केंद्र सरकार ने एक नए नियम का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत यदि कोई खरीदार वाहन खरीदने के 6 महीने के भीतर औपचारिक रूप से मालिकाना हक का ट्रांसफर पूरा नहीं करता है, तो उस वाहन का मालिकाना हक खुद-ब-खुद डीलर के नाम पर ट्रांसफर हो जाएगा। यह कदम भारत के वाहन बाजार में अक्सर देखी जाने वाली उस लापरवाही को खत्म करने के लिए उठाया गया है। जहां खरीदारी के बाद लंबे समय तक आरसी (रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट) ट्रांसफर नहीं कराई जाती है और क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) रिकॉर्ड में कानूनी देनदारियों का बोझ पुराने मालिक या डीलर पर ही बना रहता है। प्रस्ताव के तहत सरकार ने कुछ अनिवार्य शर्तें जोड़ी हैं। वैध आरसी, वैध बीमा या प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र के बिना आने वाले वाहन अब मालिकाना हक ट्रांसफर के पात्र नहीं होंगे। जिन वाहनों पर कोई ट्रैफिक चालान या टैक्स बकाया है, उनके ट्रांसफर पर तब तक रोक रहेगी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुनील कुमार, पताः सरोज निवास 125/3, तीसरी मंजिल, गली नंबर 3, ईस्ट मोती बाग, सराय रोहिल्ला, नई दिल्ली** ने **CC No. 2231/22, U/s: 138 NI Act, पुलिस थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सुनील कुमार** मिल नहीं रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सुनील कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **सुनील कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.09.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री गौरव दहिया
जे.एम.एफ.सी. (एन.आई. एक्ट), पहली मंजिल, कमरा नंबर 118,
DP/10262/NW/2026 रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली

## भारत नेट योजना पीएम मोदी के 'डिजिटल इंडिया' अभियान की आधारशिला

# डिजिटल कनेक्टिविटी और पर्यावरण अनुकूल शिक्षा के मुद्दे, भारत नेट, हरित पहल को मजबूत करने की मांग की बृजमोहन ने

**संसद लगातार बाधित होने से कई लोकहित के मुद्दे हंगामें की भेंट चढ़े**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद के लगातार बाधित होने से कई लोकहित के मुद्दे सांसद नहीं उठा पा रहे। रायपुर से भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सोमवार को लोकसभा में नियम 377 के तहत छत्तीसगढ़ में ठप पड़ी भारतनेट परियोजना का मुद्दा कलमबद्ध कराया था। सूबे के लिए उपयोगी विषय है। भारत नेट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निगरानी समिति गठित करने की मांग बृजमोहन ने की है। वहीं, प्रश्नकाल के लिए, उन्होंने केंद्रीय विश्वविद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण, हरित ऊर्जा परियोजनाओं और छात्रों की संख्या से जुड़े मुद्दों पर भी सरकार से विस्तृत जानकारी चाही थी। दोनों ही लोकहित के मुद्दे हंगामें की भेंट चढ़ गए। शिक्षा मंत्रालय से जुड़े लिखित सवाल के जवाब अलबत्ता मिले।

### छत्तीसगढ़ में ठप पड़ा भारतनेट प्रोजेक्ट

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीण भारत को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई भारतनेट परियोजना का लाभ छत्तीसगढ़ के लगभग 20 हजार गांवों तक नहीं पहुंच पाया है। उन्होंने कहा कि लाखों ग्रामीण आज भी डिजिटल कनेक्टिविटी से वंचित हैं, जबकि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया' अभियान की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि परियोजना के पहले चरण में 4,114 ग्राम पंचायतों तक ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाई गई थी, लेकिन इनमें से 3,519 कनेक्शन बंद या निष्क्रिय पड़े हैं और केवल 595 कनेक्शन ही संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण की स्थिति और भी चिंताजनक है। लगभग 1,754 करोड़ रुपये की लागत से 5,540 ग्राम पंचायतों में ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क तैयार किया गया, लेकिन वर्तमान में एक भी ग्राम पंचायत में यह सेवा चालू नहीं है। उन्होंने इसका प्रमुख कारण चिप्स छत्तीसगढ़ और टाटा प्रोजेक्ट्स के बीच भुगतान विवाद बताया, जिसके चलते पूरा डिजिटल ढांचा बेकार पड़ा हुआ है।

### 3,942 करोड़ के नए आवंटन की निगरानी की मांग

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि केंद्र सरकार ने संशोधित भारतनेट कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ के लिए 3,942 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की है। उन्होंने मांग की कि पुराने कार्यों की समीक्षा और नए आवंटन के प्रभावी उपयोग के लिए एक उच्च स्तरीय निगरानी समिति गठित की जाए, ताकि परियोजना समयबद्ध ढंग से पूरी हो और ग्रामीणों को ई-गवर्नेंस, ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल सेवाओं और इंटरनेट कनेक्टिविटी का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि गांव देश के भविष्य हैं और प्रत्येक ग्रामीण तक डिजिटल सुविधाएं पहुंचाना समय की आवश्यकता है।

### 259 रुपये में विशेष ग्रामीण इंटरनेट योजना

बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि भारतनेट योजना के तहत बीएसएनएल ग्रामीण उपभोक्ताओं को मात्र 259 रुपये प्रतिमाह में विशेष ग्रामीण ब्रॉडबैंड योजना उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने कहा कि परियोजना के ठप होने से ग्रामीण नागरिक इस सस्ती और उपयोगी सेवा का लाभ भी नहीं उठा पा रहे हैं। सरकार ने बताया कि छत्तीसगढ़ के गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय ने परिसर में जल निकासी व्यवस्था, शैक्षणिक एवं आवासीय अधोसंरचना तथा छात्रावास सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए आवश्यक परियोजनाओं की पहचान कर ली है और पर्यावरण अनुकूल विकास कार्यों पर ध्यान दिया जा रहा है।

### देश में 57 केंद्रीय विश्वविद्यालय, 47 शिक्षा मंत्रालय के अधीन

सरकार ने लोकसभा के माध्यम से रायपुर के सांसद को बताया कि देश में वर्तमान में 57 केंद्रीय विश्वविद्यालय कार्यरत हैं। इनमें से इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) को छोड़कर 47 केंद्रीय विश्वविद्यालय शिक्षा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में हैं। मंत्री ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में तेलंगाना में सम्मक्का-सारक्का केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय तथा लद्दाख में सिंधु केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। सरकार के अनुसार वर्तमान में शिक्षा मंत्रालय के अधीन 47 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कुल 3,09,542 छात्र अध्ययनरत हैं।

**केंद्रीय विश्वविद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण पर भी उठाया सवाल**

शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने लिखित जवाब में बृजमोहन अग्रवाल को बताया कि शिक्षा मंत्रालय के अधीन आने वाले 47 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में सतत परिसर विकास के तहत अनेक पर्यावरण अनुकूल पहलें संचालित की जा रही हैं। इनमें रूफटॉप सोलर पावर प्लांट, सौर जल तापन प्रणाली, वर्षा जल संचयन, अपशिष्ट जल एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, वृक्षारोपण और जैव विविधता संरक्षण जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मंत्रालय ने उड़ीसा केंद्रीय विश्वविद्यालय में हरित ऊर्जा भवन के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 (2)(ii) Cr.Pc. देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमिरुल उर्फ काना पुत्र नुरु** निवासी: एन–37/84, झुग्गी सी ब्लॉक, जहांगीरपुरी, दिल्ली ने **FIR No. 354/2015 u/s 392/411/34 IPC थाना : जहांगीरपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या सन्देह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अमिरुल उर्फ काना** नहीं मिल रहा है और समाधानप्रद रूप से प्रदर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अमिरुल उर्फ काना** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 354/2015 u/s 392/411/34 IPC थाना : जहांगीरपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अमिरुल उर्फ काना** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 10.09.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
साहिल गुप्ता
DP/10270/NW/2026 जेएमएफसी–07, कमरा नं. 06,
(court notice) रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

## आरबीआई की शोध रिपोर्ट इकोरैप ने जताया अनुमान

# सुविधा योजना से मिल सकता है 85 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा प्रवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विदेशी मुद्रा प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रियायती अदला-बदली सुविधा योजना के तहत भारत में 80 से 85 अरब डॉलर तक का निवेश आ सकता है। एक रिपोर्ट में सोमवार को यह अनुमान जताया गया।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शोध रिपोर्ट 'इकोरैप' के मुताबिक, 17 जुलाई तक इस योजना के तहत आए कुल विदेशी मुद्रा प्रवाह में विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) यानी एफसीएनआर (बी) जमा का योगदान 17.40 अरब डॉलर रहा।

### डॉलर के मजबूत होने से सकारात्मक राहत

वहीं, विदेशी मुद्रा उधारी (ओएफसीबी) से 1.97 अरब डॉलर और बाह्य वाणिज्यिक कर्ज (ईसीबी) से 1.34 अरब डॉलर आए। रिपोर्ट के अनुसार, 17 जुलाई तक करीब 20 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा प्रवाह आरबीआई के आंकड़ों में दर्ज हुआ है। यह मुख्य रूप से 17.4 अरब डॉलर के मजबूत एफसीएनआर (बी) जमा के कारण सकारात्मक राहत है।

**इस योजना के तहत 17 जुलाई तक 17.40 अरब डॉलर जमा**

### विदेशी मुद्रा की तरलता बने रहने किए थे उपाय

*एफसीएनआर (बी) जमा के लिए यह सुविधा 30 सितंबर, 2026 तक और विदेशी मुद्रा उधारी (ओएफसीबी) तथा बाह्य वाणिज्यिक कर्ज (ईसीबी) के लिए 31 दिसंबर, 2026 तक उपलब्ध रहेगी। आरबीआई ने वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता के बीच देश की बाहरी क्षेत्र की स्थिति मजबूत करने और विदेशी मुद्रा तरलता को समर्थन देने के लिए ये उपाय किए थे।*

### पीएसयू बैंकों की प्रमुख भूमिका

*इस प्रवाह को बढ़ाने में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत के भुगतान संतुलन को मजबूत करने और विदेशी पूंजी के प्रवाह को प्रोत्साहित करने के लिए कई उपायों के तहत पांच जून, 2026 को अदला-बदली यानी स्वैप सुविधा शुरू की थी। यह सुविधा आठ जून, 2026 से प्रभावी हुई।*

- वहीं, विदेशी मुद्रा उधारी (ओएफसीबी) से 1.97 अरब डॉलर रही
- बाह्य वाणिज्यिक कर्ज (ईसीबी) से 1.34 अरब डॉलर आए




### ओएफसीबी-ईसीबी को शामिल करने पर राशि बढ़ेगी

रिपोर्ट कहती है, ''हमारा अनुमान है कि इस योजना के तहत कुल 65-70 अरब डॉलर के एफसीएनआर (बी) जमा प्राप्त होंगे। इसके अलावा ओएफसीबी और ईसीबी को शामिल करने पर यह राशि 80-85 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है।'' रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई के आंकड़े बताते हैं कि 17 जुलाई तक 17.4 अरब डॉलर के एफसीएनआर (बी) जमा जुटाया जा चुका है।

### वर्ष 2026-27 तक 150 अरब डॉलर को पार कर जाएगा

*रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई है कि आरबीआई के इन उपायों के कारण वित्त वर्ष 2026-27 में पूंजी खाते में अतिरिक्त 75 से 85 अरब डॉलर आएंगे और विदेशों से आने वाला धन (प्रेषण) 150 अरब डॉलर को पार कर जाएगा।*

### रुपए ने शुरुआत में सकारात्मक प्रतिक्रिया दी

*एसबीआई की रिपोर्ट में कहा गया कि आरबीआई के उपायों की घोषणा के बाद रुपये ने शुरुआत में सकारात्मक प्रतिक्रिया दी, लेकिन अमेरिका और ईरान के बीच समझौते की उम्मीद कमजोर पड़ने, ऊर्जा कीमतों में उतार-चढ़ाव बने रहने और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के सतर्क रुख के कारण इसका असर जल्द समाप्त हो गया।*

## सोना 2,440 रुपये चढ़ा चांदी 5,300 रुपये मजबूत



सोना बढ़कर 1.49 लाख प्रति 10 ग्राम
चांदी उछलकर 2.3 लाख रुपए प्रति किलो

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों के मजबूती के रुख के बाद राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 2,440 रुपये बढ़कर 1.49 लाख प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि चांदी 5,300 रुपये के उछाल के साथ 2.3 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,440 बढ़कर 1,49,640 प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) हो गई।

पिछले सत्र में यह 1,47,200 प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतें भी शुक्रवार के बंद स्तर 2,24,700 प्रति किलोग्राम से 5,300 रुपये बढ़कर 2,30,000 प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) हो गईं। जिससे लगातार दो सत्रों की गिरावट के बाद दोनों कीमती धातुओं में तेजी आई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''सोमवार को सोने में तेजी आई क्योंकि पश्चिम एशिया में तनाव कम होने से कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट आई, जिससे महंगाई की चिंता कम हुई जबकि कमजोर डॉलर और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में कमी ने सर्राफा कीमतों को आगे और समर्थन दिया।'' हालांकि, उन्होंने कहा कि घरेलू बाजार में तेजी सीमित रही क्योंकि डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया मज़बूत हुआ। वैश्विक बाजारों में, हाजिर सोना 42.13 डॉलर या 1.04 प्रतिशत बढ़कर 4,095.30 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी 1.47 प्रतिशत बढ़कर 59.04 डॉलर प्रति औंस हो गई। कोटक सिक्योरिटीज में जिंस शोध की एवीपी, कायनात चैनवाला ने कहा, ''सोमवार को हाजिर सोना 4,100 डॉलर प्रति औंस के आसपास रहा, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की कीमतें बढ़कर 59 डॉलर प्रति औंस हो गई।''

## भारत की डेटा सेंटर क्षमता वर्ष 2030 तक होगी 12 गीगावाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कृत्रिम मेधा (एआई) के तेजी से बढ़ते उपयोग, बड़े पैमाने पर क्लाउड अवसंरचना में निवेश और डिजिटल अर्थव्यवस्था के दम पर भारत की डेटा सेंटर क्षमता वर्ष 2025 के 2.2 गीगावाट से बढ़कर 2030 तक 12 गीगावाट से अधिक होने का अनुमान है।

सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। परामर्श कंपनी वुड मैकेंजी की रिपोर्ट के अनुसार, एआई के लिए समर्पित डेटा सेंटर क्षमता वर्ष 2025 के 275 मेगावाट से बढ़कर 2030 तक 6,546 मेगावाट होने का अनुमान है। वहीं, डेटा सेंटर की बिजली मांग 2025 के 10 टेरावाट-घंटे (टीडब्ल्यूएच) से बढ़कर 2040 तक 191 टेरावाट-घंटे होने का अनुमान है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अंजू पत्नी** स्व0 रामू, **निवासी** झुग्गी नं0 125/22, सत्संग कॉलोनी, वज़ीरपुर प्लास्टिक औद्योगिक क्षेत्र, अशोक विहार, दिल्ली, ने **FIR No. 414/2018, U/S 33/38 Delhi Excise Act, पुलिस स्टेशन अशोक विहार, उत्तर पश्चिम जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंजू** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंजू** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 414/2018, U/S 33/38 Delhi Excise Act, पुलिस स्टेशन अशोक विहार, उत्तर पश्चिम जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अंजू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.092026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री उपासना सतीजा
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, उत्तर–पश्चिम,
कोर्ट नं0–108, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/9738/NW/2026
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्री सुशील कुमार गुप्ता**, निवासी मकान नंबर 705/5, वार्ड III, महरौली, नई दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 183/2012 धारा 406/409/420/34 भा.द.स, थाना सरोजिनी नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री सुशील कुमार गुप्ता** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **श्री सुशील कुमार गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **श्री सुशील कुमार गुप्ता, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 183/2012 धारा 406/409/420/34 भा.द.स, थाना सरोजिनी नगर, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.08.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री विजयश्री राठौर**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05
कोर्ट नंबर 13
पटियाला हाउस कोर्ट्स, नई दिल्ली

DP/10233/SW/2026

## कच्चे तेल के दाम में नरमी से सेंसेक्स 776 अंक चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंबई

शेयर बाजार में पिछले पांच दिन से जारी गिरावट सोमवार को थम गयी। पश्चिम एशिया संकट कम होने के साथ कच्चे तेल के दाम में तेज गिरावट से बीएसई सेंसेक्स में 776 अंक की तेजी आई जबकि एनएसई निफ्टी 228 अंक के लाभ में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 776.01 अंक बढ़त के साथ 76,835.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 841.74 अंक चढ़कर 76,901.51 अंक तक चला गया था। वहीं, एनएसई निफ्टी 228.50 अंक की तेजी के साथ 23,995.95 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल का शेयर सबसे अधिक 5.70 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा इंटरग्लोब एविएशन, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में भी अच्छी तेजी रही। दूसरी तरफ, एचडीएफसी बैंक, पावर ग्रिड और एक्सिस बैंक के शेयर नुकसान में रहे।

**निवेशकों की संपत्ति 5.10 लाख करोड़ रुपए बढ़ी**




### विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली

*शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 3,892.77 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की। लेमन मार्केट्स डेस्क के विश्लेषक गौरव गर्ग के अनुसार, ''लगातार पांच कारोबारी सत्रों की गिरावट के बाद भारतीय शेयर बाजार ने सोमवार को मजबूती के साथ वापसी की। पांच सत्र की गिरावट के बाद सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार में जोरदार तेजी रहने से निवेशकों की संपत्ति में करीब 5.10 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई।*

**30 जुलाई तक ऑन लाइन आवेदन का अब भी मौका**

## पतंजलि सिविल सर्विसेज अकादमी का पहला बैच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हरिद्वार

योगऋषि स्वामी रामदेव एवं आचार्य बालकृष्ण की प्रेरणा से स्थापित पतंजलि सिविल सर्विसेज अकादमी में दो वर्षीय आवासीय यूपीएससी (UPSC) फाउंडेशन कोर्स के पहले बैच की औपचारिक शुरुआत हो चुकी है। पतंजलि की ओर से भोजन और आवास की एकीकृत सुविधा के साथ संचालित होने वाला यह संभवतः देश का पहला ऐसा आवासीय सिविल सर्विसेज कोचिंग संस्थान है, जहां अभ्यर्थियों को समग्र शैक्षणिक एवं अनुशासित वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। 31 जुलाई को प्रवेश का अंतिम अवसर - अकादमी में प्रवेश की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। जो अभ्यर्थी अब तक प्रवेश नहीं ले सके हैं, उनके लिए 31 जुलाई 2026 अंतिम अवसर होगा।



**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 77265440 | ड्राविंग एक्सल सेट कम्पलीट | 01 नग | 24.08.2026 |
| 02 | 19260696 | मेम्ब्रांस फॉर हर्ट कपलिंग | 430 नग | 24.08.2026 |
| 03 | 07265064 | या डैम्पर फॉर वन्दे भारत ट्रेनसेट | 160 नग | 24.08.2026 |
| 04 | 08265350 | आर जी सी टेंडर फॉर 6 कवाड 0.9 एम एम केबल | 3424.22 किलोमीटर | 31.08.2026 |
| 05 | 04250036 | सर्वो लूब | 130620 लीटर | 01.09.2026 |
| 06 | 02262514 | मेनटेनेन्स फ्री वाल्व रेगुलेटेड लेड एसिड बैटरी सेट फॉर 110 वोल्ट | 326 सेट | 07.09.2026 |
| 07 | 07262022 | लोवर स्प्रिंग बीम फॉर ए सी कोचेस | 200 नग | 09.09.2026 |
| 08 | 07261095 | गाइड विथ क्लोजिंग प्लेट एक्सल बॉक्स | 3072 नग | 16.09.2026 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी **IREPS** वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं. 29/2026.2027 दिनांक : 27.07.2026 2586/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने नेपाल के लिए पहली सीधी कंटेनर मालगाड़ी भेज इतिहास रचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मालीगांव

भारत-नेपाल रेल कनेक्टिविटी में एक ऐतिहासिक उपलब्धि के तहत, कैनोला खेप के40 वैगनों वालेवाणिज्यिक कंटेनर मालगाड़ी ने हाल ही में कोलकाता बंदरगाह से नेपाल के विराटनगर कस्टम्स यार्ड तक अपनीपहली सीधी यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की। यह ऐतिहासिक परिवहन संशोधित भारत-नेपाल रेल पारगमन प्रोटोकॉल केकार्यान्वयन का प्रतीक है और सीमा पार माल परिवहनके क्षेत्र में एक नए अध्याय की शुरूआत की है। संशोधित पारगमन व्यवस्था के तहत ट्रेन का परिचालन सुचारू रूप से हुआ, जिससे सीमा पर माल का ट्रांसशिपमेंट किए बिना कोलकाता बंदरगाह से बिराटनगर तक थोक माल की सीधी रेल आवाजाही संभव हो सकी। इससे पारगमन समय, लॉजिस्टिक्स लागत और माल की हैंडलिंग में उल्लेखनीय कमी आने के साथ-साथ दोनों पड़ोसी देशों के बीच व्यापारिक दक्षता में भी सुधार हुआ। यह उपलब्धि जोगबनी (भारत) और बिराटनगर (नेपाल) के बीच ब्रॉडगेज रेल लिंक पर आधारित है, जिसका उद्घाटन जून,2023 में भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था। नवंबर 2025 में संशोधित लेटर ऑफ एक्सचेंज (एलओई) पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद, नेपाल के लिए सीधी वाणिज्यिक रेल परिवहन अब वास्तविकता बन गयी है। यह माइलस्टोन अंतरराष्ट्रीय रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने और निर्बाध सीमा-पार व्यापार को सुगम बनाने में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करती है। इस पहल से द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा मिलने, लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार होने तथा आधुनिक रेल अवसंरचना के माध्यम से क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ाने की भारत की प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है।



## राशिफल

**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें।

**तुला** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## डॉ. सारा जॉर्ज मुथूट को बिजनेस में उत्कृष्टता के लिए 'जननी राष्ट्रीय पुरस्कार 2026' से सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोच्चि

सेंट जॉर्ज स्कूल, पॉल जॉर्ज ग्लोबल स्कूल, नई दिल्ली और मुथूट ग्रुप की निदेशक डॉ. सारा जॉर्ज मुथूट को बिजनेस लीडरशिप में बेहतरीन कार्य के लिए प्रतिष्ठित 'जननी राष्ट्रीय पुरस्कार 2026' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें कोच्चि के सेंट टेरेसा कॉलेज में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंटरनेशनल फाउंडेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन 'जननी 2026' में दिया गया। यह अवॉर्ड केरल के माननीय मुख्यमंत्री श्री वी. डी. सतीसन ने देश भर के जाने-माने लोगों, नीति-निमार्ताओं, शिक्षाविदों, इंडस्ट्री लीडर्स और बदलाव लाने वाले लोगों की मौजूदगी में प्रदान किया। डॉ. सारा जॉर्ज मुथूट अपनी दूरदर्शी लीडरशिप, बेहतरीन कार्य के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और शिक्षा के जरिए राष्ट्र-निर्माण के प्रति पक्के समर्पण के जरिए इस सोच को साकार करती हैं। एक जानी-मानी शिक्षाविद, संस्थान निर्माता और समाजसेवी के तौर पर, उन्होंने एकेडमिक उत्कृष्टता को रणनीतिक गवर्नेंस, नवाचार और मूल्यों पर आधारित लीडरशिप के साथ जोड़कर शिक्षण संस्थानों को उत्कृष्टता के केंद्रों में सफलतापूर्वक बदला है, साथ ही समाज में कई सार्थक तरीकों से योगदान भी दिया है।



## टाटा समूह का वित्त वर्ष प्रदर्शन पिछले वर्ष से मजबूत

नई दिल्ली। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा है कि टाटा समूह का वित्तीय प्रदर्शन बीते वित्त वर्ष 2025-26 में मजबूत रहा है। समूह का कुल राजस्व 7.8 प्रतिशत बढ़कर 16,24,030 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ 51.9 प्रतिशत बढ़कर 1,70,525 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। चंद्रशेखरन ने कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 में शेयरधारकों को संबोधित करते कहा कि वर्ष 2025-26 वैश्विक संघर्षों और वैश्विक स्तर पर कृत्रिम मेधा (एआई) में अभूतपूर्व निवेश का साल रहा। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद टाटा समूह ने वित्तीय मोर्चे पर मजबूत प्रदर्शन किया। चंद्रशेखर ने बताया कि टाटा संस का राजस्व बीते वित्त वर्ष 9.1 प्रतिशत बढ़कर 42,367 करोड़ रुपये और कर पश्चात लाभ 21.8 प्रतिशत बढ़कर 31,961 करोड़ रुपये हो गया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**


**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संजय कुमार** पुत्र श्री कैलाश कुमार निवासी मकान नंबर एन-71, ए-ब्लॉक, पुराना चंद्रावल, मजनू का टीला, सिविल लाइन, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 286/2019 धारा 279 भा.द.स, थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय कुमार** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **संजय कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **संजय कुमार, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 286/2019 धारा 279 भा.द.स, थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.09.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री वैभव गर्ग**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-11
(केंद्रीय), कमरा नंबर 128, पहली मंज़िल
तीस हज़ारी न्यायालय, दिल्ली

DP/9897/N/2026

## शब्द पहेली - 6300




**बाएँ से दाए**
1. अपनापन का विलोम-5
4. हठ करना, रोना, लालसा करना-4
7. गीत (अंग्रेजी-2)
8. गलीचा, कारपेट-3
9. किनारा, छोर-2
10. झगड़ा, कहासुनी-4
11. समय, वक्त-2
13. बेबस-3
14. राष्ट्र, स्वदेश-2
15. पुत्र, लड़का-3
17. प्राप्त करना-2
19. सेंधमार-5
22. चरित्र, व्यवहार-2,3
25. जीव, दूत, जासूस-2
26. आत्मबलि देना-3
28. ताकत, जोश, बल-2
29. कराह, टीस, लालसा-3
30. वहम, संदेह-2
32. आह भरना-4
34. दूर्वा, घास-2
36. चोंगा, गाऊन-3
37. सफर, जात्रा-2
38. दयालु, कृपालु-4
39. निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. पांव, पैर-2
2. भिखारी, मंगता-3
3. अस्वीकृत करना-3,2
4. माला का मोती-3
5. बुरी आदत-2
6. नाटक से परिपूण-4
7. हल्का काला, श्याम-5
10. व्यवस्थित-4
12. बुरी आदत-2
16. अनुकृति-3
17. तांबूल, पत्ता-2
18. रुखसार, कपोल-2
20. डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21. जोड़, योग-2
22. चतुर्थ-2
23. आनंद ध्वनि करना-4
24. महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25. चमकीला-5
26. नीच, नराधम -4
27. विनाश, नेस्तनाबूत-2
31. रंग (अंग्रेजी-3)
33. पराजित करना-3
35. गौरैया, एक चिड़िया-2
37. दोस्त, मित्र, सखा-2

### शब्द पहेली- 6299 का हल





## राजा ने दिलाया भारत को चौथा मेडल, उठाया कुल 286 किग्रा वजन


# चोट और खराब सेहत नहीं तोड़ पाई मुथुपांडी का हौसला, जीता सिल्वर

एजेंसी ▸▸| ग्लास्गो

*भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स में अपना चौथा मेडल जीत लिया है। भारत को इस इवेंट का चौथा मेडल राजा मुथुपांडी ने दलिाया, जिन्होंने पुरुषों के 65 किग्रा वेटलफ्टिगि में सिल्वर मेडल जीता। मुथुपांडी ने स्नैच में 126 किलोऔर क्लीन एंड जर्क में 160 किलो का बेस्ट लिफ्ट किया। उनका कुल लिफ्ट 286 किग्रा था। चोट और खराब सेहत भी राजा का हौसला नहीं तोड़ पाई। मलेशिया के अजनील बिदिन ने 299 किग्रा उठाकर गेम्स रिकॉर्ड लिफ्ट करके गोल्ड मेडल जीता, जबकि पापुआ न्यू गिनी के मोरिया बारू ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।*

### बनाया नया नेशनल रिकॉर्ड

यह मेडल मुथुपांडी के लिए एक शानदार वापसी है, जिन्हें हाल के सालों में कई चोटों और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा था। चोट और खराब सेहत भी उनका हौसला नहीं तोड़ पाई। उन्होंने नेशनल टाइटल जीतकर और नया नेशनल रिकॉर्ड बनाकर ग्लास्गो का टिकट पक्का किया था और अब अपने डेब्यू कॉमनवेल्थ गेम्स में मेडल जीतने में सफल रहे।




### वेटलिफ्टिंग में भारत का दबदबा कायम, जीता तीसरा मेडल


ग्लासगो में वेटलिफ्टिंग में यह भारत का तीसरा और कुल मिलाकर चौथा मेडल है। इससे पहले ऋषिकांत सिंह ने पुरुषों के 60 किग्रा वर्ग में सिल्वर मेडल जीता था। उनके बाद मीराबाई चानू ने महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग में अपना लगातार तीसरा कॉमनवेल्थ गेम्स गोल्ड मेडल जीतकर कमाल कर दिया।



### शिर्से ने पार की 110 मीटर बाधा दौड़ फाइनल में एंट्री

राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस शिर्से ने हीट (शुरुआती दौर) में 13.76 सेकंड के समय के साथ छठे स्थान पर रहकर राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बन गए। इस 24 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने हीट एक में तीसरा स्थान हासिल किया, जिसमें इंग्लैंड के सैमुअल बेनेट ने 13.20 सेकंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रत्येक हीट में पहले तीन और अगले दो सबसे तेज धावक प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचेंगे। शिर्से ने इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले महीने लुधियाना में इंडियन एथलेटिक्स सीरीज़ नौ में किया था, जहां उन्होंने 13.27 सेकंड का समय निकाला, जो वर्तमान में राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।

### लंबी कूद : पहले प्रयास में श्रीशंकर ने किया फाइनल में प्रवेश




भारत के लंबी कूद के खिलाड़ी एम श्रीशंकर ने सोमवार को यहां अपने पहले ही प्रयास में क्वालीफाइंग स्तर पार करके राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में जगह बना ली। श्रीशंकर ने ग्रुप ए में अपने पहले ही प्रयास में 8.01 मीटर के प्रयास से फाइनल में जगह बना ली। उनका सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8.38 मीटर है। फाइनल के लिए क्वालीफाइंग स्तर आठ मीटर या सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कम से कम 12 खिलाड़ी हैं। सत्ताइस साल के श्रीशंकर को उम्मीद है कि वह 2022 में खेलों के पिछले सत्र में जीते रजत पदक को बेहतर करेंगे। अप्रैल 2024 में घुटने की चोट से उबरने के बाद वह वापसी की राह पर हैं। उनका 'पटेला टेंडन' फट गय था और यह चोट उनके करियर के लिए खतरा बन गई थी। उनकी सर्जरी भी हुई थी। इस चोट की वजह से वह पेरिस ओलंपिक से चूक गए थे।



### सिवाच ने हेविट को हराया क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

भारतीय बॉक्सर सचिन सिवाच ने पुरुषों के 60 किलोग्राम इवेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। सचिन ने 'राउंड ऑफ 16' में इंग्लैंड के विलियम हेविट को 4-1 के स्प्लिट डिसीजन से शिकस्त दी। बेहतरीन रिंग क्राफ्ट, तेज कॉम्बिनेशन और रणनीतिक अनुशासन का प्रदर्शन करते हुए, सचिन ने तीन राउंड के मुकाबले में दबदबा बनाए रखा और घरेलू खिलाड़ी पर शानदार जीत हासिल की। कजाकिस्तान, कनाडा, मैक्सिको और मोरक्को के जजों ने मुकाबले का स्कोर भारतीय बॉक्सर के पक्ष में 29-27 दिया, जबकि तुर्की के जज ने हेविट को 29-27 अंक दिए। मुकाबले के दौरान सचिन का एक अंक काटा गया, लेकिन इससे अंतिम नतीजे पर कोई खास असर नहीं पड़ा और वे आसानी से विजेता बने। सचिन ने लगातार सटीक पंच मारे और पूरे मुकाबले के दौरान अपना दबदबा बनाए रखा। उन्होंने अपने आक्रामक लेकिन संयमित अंदाज से हेविट पर दबाव बनाए रखा। मुकाबले की गति तय करने और प्रभावी ढंग से स्कोर करने की उनकी क्षमता ने उन्हें अंतिम-8 में पहुंचाया।

### साजन ने 200 मीटर बटरफ्लाई फाइनल में बनाई जगह



दो बार के ओलंपियन भारतीय तैराक साजन प्रकाश ने एक मिनट 58.59 सेकंड के समय के साथ अपनी हीट (शुरुआती दौर) में दूसरे स्थान पर रहते हुए राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुष 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। स्कॉटलैंड के डंकन स्कॉट एक मिनट 58.29 सेकंड के साथ समय के साथ शीर्ष पर रहे। साजन एक मिनट 57.09 सेकंड के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से पीछे रहे। इस 31 वर्षीय भारतीय ने इसी साल सिंगापुर राष्ट्रीय आयु वर्ग तैराकी चैंपियनशिप में एक मिनट 57.09 सेकंड का अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था।

### सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूके गुरिंदरवीर




भारत के फर्राटा धावक गुरिंदरवीर सिंह राष्ट्रमंडल खेलों में उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए और 10.39 सेकंड के निराशाजनक समय के साथ हीट (शुरुआती दौर) में 28वें स्थान पर रहने के बाद पुरुषों की 100 मीटर दौड़ की स्पर्धा से बाहर हो गए। गुरिंदरवीर से 100 मीटर दौड़ में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब भी नहीं पहुंच पाए और पहले दौर में ही बाहर हो गए। गुरिंदरवीर ने हीट चार की पांचवीं लेन में अच्छी शुरुआत की। वह शुरू में जमैका के रोहन वॉटसन के साथ बने रहे, लेकिन जमैका के खिलाड़ी ने अंतिम 30-35 मीटर में तेजी दिखाई और 10.13 सेकंड के साथ पहला स्थान हासिल किया।

## खबर संक्षेप

### विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप : प्री-क्वार्टर फाइनल में टीम इंडिया



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए ब्राजील और नीदरलैंड को हराकर कनाडा के ओंटारियो में चल रहे विश्व जूनियर स्क्वाश टीम चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष टीम ने नीदरलैंड और ब्राजील को बड़ी आसानी से समान 3-0 के अंतर से हराकर ग्रुप पांच में शीर्ष स्थान हासिल करके राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। भारतीय महिला टीम ने भी शानदार शुरुआत की। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने चीनी ताइपे को 3-0 से हराया। उसका ग्रुप चार में अगला मुकाबला मलेशिया से होगा। विश्व जूनियर चैंपियन बनकर इतिहास रचने वाली अनाहत सिंह को महिला वर्ग के पहले दौर में विश्राम दिया गया था।

### दिल्ली में टेबल टेनिस चैंपियनशिप शुरू




**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 22वीं राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप का सोमवार को त्यागराज स्टेडियम में उद्घाटन करते हुए इसे विभिन्न देशों और संस्कृतियों को जोड़ने का माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लिए यह गौरव की बात है कि उसे इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर मिला है। रेखा गुप्ता ने कहा, खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि विभिन्न देशों, संस्कृतियों और समाजों को जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम है। ऐसे आयोजन युवाओं को उत्कृष्टता, अनुशासन, समर्पण और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए प्रेरित करते हैं। साथ ही, वैश्विक मित्रता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी सशक्त बनाते हैं।

### आईएसएसएफ विश्व कप में मनु ने कांस्य पदक किया अपने नाम

# भारत ने झटके 2 पदक, ईशा ने जीता गोल्ड, मनु भाकर को पछाड़ा

एजेंसी ▸▸| हांगझोउ

भारत की उदीयमान निशानेबाज ईशा सिंह ने आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/ पिस्तौल/ शॉटगन) में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में ओलंपिक पदक विजेता हमवतन खिलाड़ी मनु भाकर को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। भाकर ने कांस्य पदक जीता और भारत ने इस तरह से इस स्पर्धा में दो पदक हासिल किए। 21 वर्षीय ईशा ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 40 अंक बनाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि मनु ने शूट-ऑफ जीतकर कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने कुल 28 अंक बनाए।

### भारतीय खिलाड़ियों की अच्छी शुरुआत

भारतीय खिलाड़ियों ने क्वालीफाइंग दौर से ही अच्छी शुरुआत की। मनु ने 586 अंक बनाकर क्वालीफाइंग में पहला स्थान हासिल किया जबकि ईशा 585 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रही। इस तरह से इन दोनों ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में आसानी से जगह बनाई। एशियाई खेलों की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता राही सरनोबत ने 582 का स्कोर बनाया, जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ (576) और अभिदन्या अशोक पाटिल (573) ने केवल रैंकिंग अंकों के लिए (आरपीओ) खेलते हुए अच्छा प्रदर्शन किया।



### ईशा ने बनाए रखी निरंतरता

ईशा ने इस सत्र के शुरू में म्यूनिख विश्व कप के फाइनल में 43 अंक बनाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया था। इस तरह से उन्होंने अपनी निरंतरता बनाए रखी है, जो आगामी प्रतियोगिताओं की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इन युवा निशानेबाजों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

### दबाव को झेलने में सफल रही : ईशा

*ईशा ने कहा, ' पिछली जीत के कारण मुझ पर काफी दबाव था। जब आप अपनी स्पर्धा में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो आपसे काफी उम्मीद की जाती है। मुझे खुशी है कि आज मैं इस दबाव को झेलने में सफल रही।'*

### पदक से उनका आत्मविश्वास बढ़ा : मनु

*मनु ने कहा कि इस पदक से उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए यह पदक बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इस तरह की सफलता सीढ़ी का काम करती है। इससे मुझे यह पता चलता है कि मैं किस दिशा में आगे बढ़ रही हूं। इस पदक से निश्चित रूप से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है और इसका मुझे विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों में फायदा मिलेगा।'*

# एशियन आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप : हरियाणा के खिलाड़ियों ने 4 गोल्ड समेत जीते 6 पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में आयोजित पहली एशियन आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026-27 में हरियाणा के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का परचम लहराया है। 24 से 26 जुलाई तक आयोजित इस प्रतियोगिता में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करते हुए हरियाणा के 6 मुक्केबाजों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और कुल 6 पदक अपने नाम किए। इनमें 4 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक शामिल हैं। प्रतियोगिता में रेवाड़ी के देवांशु, झज्जर के दीपांशु, गुरुग्राम के युग और रोहतक की दीक्षा ने अपने-अपने भार वर्ग में बेहतरीन मुक्केबाजी करते हुए देश के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं रोहतक हर्ष ने कड़े मुकाबले के बाद रजत पदक जीता, जबकि रेवाड़ी के लक्ष्य ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन से खेल प्रेमियों और क्षेत्र में खुशी की लहर है। इस ऐतिहासिक सफलता पर स्पोर्ट्स आर्म बॉक्सिंग एसोसिएशन हरियाणा ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों, उनके परिजनों और कोचों को हार्दिक बधाई दी है।




■ वेस्टइंडीज-पाक टेस्ट सीरीज : 311 रन के जवाब में पाकिस्तान के 3 विकेट पर 199 रन

# मसूद ने खेली नाबाद पारी पाकिस्तान की स्थिति मजबूत

**गतारौबा (एजेंसी)।** कप्तानी से मुक्त होने के बाद अपनी पहली टेस्ट पारी में शान मसूद ने नाबाद 88 रन बनाकर पाकिस्तान को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। अजान अवैस के खाता खोले बिना पवेलियन लौट के बाद मसूद ने सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक (63) के साथ दूसरे विकेट के लिए 155 रन की साझेदारी की। इससे पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज के 311 रन के जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में 3 विकेट पर 199 रन बनाए थे। वह अभी वेस्टइंडीज से 112 रन पीछे है। कप्तान बाबर आजम खराब रोशनी के कारण दिन का खेल जल्दी समाप्त किए जाने से कुछ देर पहले 23 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद सलमान आगा ने 9 गेंदों का सामना किया। उन्होंने अभी तक अपना खाता नहीं खोला है। इससे पहले वेस्टइंडीज की तरफ से शाई होप ने 92 और केवम हॉज ने 84 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने 3 विकेट पर 194 रन से आगे खेलना शुरू किया और अपने स्कोर में 117 रन और जोड़े।



## जीतने की जबरदस्त चाह, दो दिन रहीं भूखी और प्यासी

# तिरंगे वाली हेयर क्लिप, आंखों में आंसू, मीराबाई ने जीता भारत का दिल

एजेंसी ▸▸| ग्लास्गो


मीराबाई चानू का राष्ट्रमंडल खेलों में जीत गया स्वर्ण पदक देशभक्ति से ओतप्रोत था। तीन बार की चैंपियन मीराबाई ने रविवार को जब भारोत्तोलन खेलों में मंच पर कदम रखा, तो उन्होंने तिरंगे रिबन से बनी तितली के आकार की हेयर क्लिप पहनी हुई थी। यह देश की प्रति उनका सम्मान था, जिसे गौरवान्वित करने के लिए वह प्रतिबद्ध थी।

### भावनाओं पर नहीं रख पाई काबू

जब पूरे स्टेडियम में भारतीय राष्ट्रगान गूंज रहा था, तब पोडियम पर खड़ी मीराबाई के लिए अपनी भावनाओं को काबू में रखना आसान काम नहीं था। उन्होंने कहा, 'तिरंगे को देखना और अपना राष्ट्रगान सुनना स्वाभाविक रूप से आंखों में आंसू ला देता है।' मीराबाई ने कहा, ' ये खुशी के आंसू थे क्योंकि मैंने इन राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता था। मैं भारत के सभी लोगों का आभार व्यक्त करना चाहती हूं, जिन्होंने मेरे लिए तहेदिल से प्रार्थना की। ये खुशी के आंसू थे।'

### मैं देश के लिए कुछ करना चाहती थीं : चानू

*महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के बाद मीराबाई ने कहा, 'मैं भारत के लिए कुछ करना चाहती थी, इसलिए मैंने भारतीय ध्वज के रंगों वाले रिबन से ये तितली की तरह के क्लिप बनाए।' प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद भी तिरंगा उनके पास ही रहा।*




### मेडल जीतने के लिए दो दिन रही भूखी

*मीराबाई ने खुलासा किया कि उन्होंने दो दिनों तक न तो कुछ खाया और न ही पानी तक पिया । उन्होंने बताया कि ऐसा उन्होंने वजन को बनाए रखने के लिए किया था। मीराबाई ने कुल 190 किलोग्राम उठाया,जिसमें स्नैच में 85 किलोग्राम और क्लीन एंव जर्क में 105 किलोग्राम वजन उठाया। जीत के बाद मीराबाई ने सबसे पहले यही कहा कि जल्दी-जल्दी करो, मैंने दो दिन से कुछ खाया नहीं है। मीराबाई ने बताया कि अपना वजन नियंत्रित करना बेहद मुश्किल होता है। जब वह 48 किग्रा वर्ग में खेलती हैं तो वजन को कंट्रोल करना और भी कठिन हो जाता है, क्योंकि उनके पास वजन कम करने की बहुत कम गुंजाइश बचती है।*

# कोच लक्ष्मण ने की अय्यर की सराहना



**हरारे।** भारत के टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर और अंतरिम मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 3-0 से मिली जीत में एक-दूसरे की भूमिका की सराहना की। भारत ने इस श्रृंखला में अपेक्षाकृत नई टीम उतारी थी, जिसमें संजू सैमसन, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा जैसे कई खिलाड़ी शामिल नहीं थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने ड्रेसिंग रूम का एक वीडियो साझा किया है, जिसमें लक्ष्मण ने अय्यर की मजबूत मानसिकता की सराहना की है। लक्ष्मण ने इस महीने की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ 0-4 की हार का जिक्र करते हुए कहा, 'मैं श्रेयस को विशेष रूप से बधाई देना चाहता हूं क्योंकि उनके कप्तानी करियर की शुरुआत थोड़ी मुश्किल रही, लेकिन जिस तरह से उन्होंने वापसी की, वह शानदार था।

**क्रू सदस्यों समेत सभी यात्री सुरक्षित, पायलट की सूझबूझ से अनहोनी टली**

# 194 लोगों को लेकर दुबई से मुंबई आ रही इंडिगो फ्लाइट में उठा धुआं पायलट ने दी सूचना, तत्काल राजकोट में करा दी गई आपात लैंडिंग

एजेंसी ▶▶ राजकोट

दुबई से मुंबई आ रही इंडिगो की फ्लाइट आईजीओ 1452 की राजकोर्ट एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक पायलट ने विमान के कार्गो कंपार्टमेंट से धुआं निकलते देखा था, इसके बाद राजकोट एयरपोर्ट को इमरजेंसी की सूचना देकर फ्लाइट को राजकोट में लैंड कराया। इंडिगो की फ्लाइट में पायलट क्रू समेत 194 यात्री सवार थे। एयरपोर्ट के अफसरों के अनुसार फ्लाइट में सवार सभी पैसेंजर और क्रू को सुरक्षित उतार लिया गया है। खबर है कि सभी को दूसरे प्लेन से शाम 7 बजे मुंबई रवाना किया गया। राजकोट एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की सूचना मिलते ही राजकोट नगर निगम के 2 फायर ब्रिगेड वाहन और 2 एम्बुलेंस तुरंत एयरपोर्ट पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड कर्मी और डॉक्टर तैयार थे। सीआईएसएफ और हवाई अड्डा पुलिस सहित अन्य कर्मचारी भी वहां पहुंचे और पुलिस नेका बम डिस्पोजल स्क्वाड और डॉग स्क्वाड भी मौके पर पहुंच गई। कुल मिलाकर हर तरह से आपात स्थिति से निपटने के इंतजाम किए गए थे।

2 फायर ब्रिगेड वाहन और 2 एम्बुलेंस तुरंत एयरपोर्ट पर पहुंचे | पूरे विमान की गहना से जांच हुई, उड़ान का फैसला नहीं हुआ



राजकोट एयरपोर्ट पर खड़ा विमान

### पूरी जांच के बाद ही विमान को उड़ान की अनुमति

विमान में सवार सभी पैसेंजर और क्रू को प्लेन से उतारकर रेस्ट हाउस में रखा गया था। विमान की जांच कर ली गई है। हालांकि अभी तक आग लगने की पुष्टि नहीं हुई है, फिर भी उड़ान रोक दी गई है। पूरी जांच के बाद ही विमान को उड़ान भरने की अनुमति देना है या नहीं यह बाद में तय होगा।

**दोपहर 3:27 बजे लैंडिंग की**

राजकोट एयरपोर्ट डायरेक्टर दिगंत बोराह ने बताया कि प्लेन के कार्गो डिब्बे में धुआं निकलने के कारण दोपहर 2:45 बजे टोटल इमरजेंसी डिक्लेयर की गई। इसके बाद प्लेन ने दोपहर 3:27 बजे राजकोट एयरपोर्ट पर लैंडिंग की। विमान में सवार सभी 194 यात्री सुरक्षित हैं।

## 15 जून: जयपुर में भी हुई थी इंडिगो की इमरजेंसी लैंडिंग

दिल्ली से मुंबई जा रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट में एक पैसेंजर की तबीयत बिगड़ गई। पैसेंजर की स्थिति को देखते हुए पायलट ने तुरंत मेडिकल इमरजेंसी घोषित की और जयपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराने का फैसला लिया। दरअसल, इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई-322 दिल्ली से मुंबई के लिए रवाना हुई थी। उड़ान के दौरान एक पैसेंजर की तबीयत खराब हो गई। विमान में मौजूद क्रू मेंबर्स ने प्राथमिक स्तर पर पैसेंजर को सहायता उपलब्ध कराई, लेकिन स्वास्थ्य स्थिति में सुधार नहीं होने पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से संपर्क कर नजदीकी एयरपोर्ट पर लैंडिंग की अनुमति मांगी गई।


**12 मई: एयर इंडिया की दिल्ली में हो चुकी है इमरजेंसी लैंडिंग**


यात्री इंतजार करते रहे

एयर इंडिया की बेंगलुरु से दिल्ली जा रही फ्लाइट एआई2802 की दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। फ्लाइट जब हवा में थी तब कॉकपिट क्रू को एक इंजन में आग लगने का अलर्ट मिला। इसके बाद विमान को रात करीब 9.30 बजे दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतारा गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विमान में करीब 171 पैसेंजर थे। पैसेंजर और क्रू सुरक्षित हैं। फ्लाइट को टो करके ले जाया गया।

**खबर संक्षेप**

### कर्मचारियों के घंटे गिने इंफोसिस पर जुर्माना




**पेरिस।** फ्रांस की एक अथॉरिटी ने भारतीय कंपनी इंफोसिस पर जुर्माना लगाया है। ये जुर्माना कर्मचारियों की टाइम ट्रैकिंग को लेकर किया गया है। दरअसल फ्रांस अथॉरिटी का कहना है कि कर्मचारियों की टाइम ट्रैकिंग में कंपनी ने लोकल कानून का उल्लंघन किया है। देश की बड़ी आईटी कंपनी इंफोसिस पर फ्रांस की एक सरकारी लेबर अथॉरिटी ने 1,75,000 यूरो (करीब 2 करोड़ रुपए) का जुर्माना लगाया है। कर्मचारियों के काम के घंटे रिकॉर्ड करने पर जुर्माना लगा है।

### वेनेजुएला में भूकंप से 2 फीट खिसकी धरती



**नई दिल्ली।** वेनेजुएला में पिछले महीने आए दो शक्तिशाली भूकंपों को लेकर इसरो और नासा के संयुक्त मिशन निसार सैटेलाइट ने बड़ा खुलासा किया है। सैटेलाइट डेटा के विश्लेषण से पता चला है कि इस भीषण भूकंप के कारण कई जगहों पर जमीन लगभग 60 सेंटीमीटर यानी 2 फीट तक खिसक गई, जिसके कारण राजधानी कराकस और ला गुएरा में भीषण तबाही मची।बता दें कि 24 जून को उत्तरी वेनेजुएला में 7.2 तीव्रता का भूकंप आया था।

**जहाज पर एक भारतीय की मौत पर एक्शन में मोदी सरकार**

# यूक्रेन के राजदूत को किया तलब, ईरान ने भी 'जवाबी कार्रवाई' की दे डाली धमकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्लैक सी (काला सागर) में कमर्शियल शिप एमवी ओमोर्फी पर हुए हमले को लेकर भारत सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। इस हमले में एक भारतीय नाविक की दुखद मौत के बाद विदेश मंत्रालय ने भारत में यूक्रेन के राजदूत डॉ. ओलेक्सांद्र पोलिशचुक को तलब किया और गहरी चिंता व्यक्त की।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, 18 जुलाई को जब इस कमर्शियल जहाज पर हमला हुआ, तब उस पर तीन भारतीयों सहित कुल 10 क्रू मेंबर्स सवार थे। भारत ने इस घटना में मारे गए भारतीय के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए वाणिज्यिक जहाजों पर होने वाले हमलों की सख्त लहजे में निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट कहा कि ऐसे हमले समुद्री आवाजाही की सुरक्षा, जहाजों की आवाजाही के अधिकार और अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बुरी तरह प्रभावित करते हैं। भारत ने यूक्रेनी राजदूत के जरिए उनकी सरकार को संदेश दिया कि निर्दोष नागरिक नाविकों की जान जोखिम में डालने वाले ऐसे हमले पूरी तरह अस्वीकार्य हैं और इन्हें तुरंत रोका जाना चाहिए। रूस स्थित भारतीय मिशन पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता पहुंचाने के लिए स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है। भारत ने सभी पक्षों से अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का पालन करने की अपील की है। दूसरी ओर, समुद्री तनाव अब कैस्पियन सागर तक फैल गया है।

कमर्शियल शिप पर हुए हमले की भारत ने निंदा की | शिप पर 10 क्रू मेंबर थे सवार उसी दौरान हुआ था हमला

### भारत के साथ ईरान भी कर रहा सख्ती

यूक्रेन द्वारा कैस्पियन सागर में एक ईरानी कमर्शियल शिप को निशाना बनाए जाने के बाद ईरान ने उग्र प्रतिक्रिया दी है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने सोमवार (27 जुलाई 2026) को इस हमले को अंतरराष्ट्रीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन करार दिया। ईरान ने चेतावनी दी है कि उसे अपने राष्ट्रीय हितों और सुरक्षा की रक्षा के लिए यूक्रेन के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का पूरा अधिकार है और तेहरान ऐसा कदम उठाने में जरा भी संकोच नहीं करेगा। वहीं, ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति आयोग के अध्यक्ष इब्राहिम अजीजी ने भी यूक्रेन को इसके गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी है।


जायसवाल


मृतक सागर गुप्ता


मंत्रालय के सामने डॉ. पोलिशचुक

### पहले रूके बात की फिर अंदर गए

विदेश मंत्रालय के बाहर यूक्रेन के राजदूत डॉ. ओलेक्सांद्र पोलिशचुक कुछ देर ठहरे वहां मौजूद अधिकारियों से हल्की फुल्की बात की इसके बाद आगे बढ़े और दफ्तर में अंदर गए जहां इस मसले पर उनसे बातचीत की गई और घटना पर चिंता व्यक्त की गई।

### यूक्रेन ने जयशंकर को लिखी थी चिट्ठी, कहा- हमने पहले आगाह किया था

काला सागर में भारतीय नाविकों पर हमलों को लेकर यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने अपनी चिट्ठी में काला सागर में मारे गए भारतीय नाविकों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। यूक्रेन ने इन हमलों का आरोप रूस पर लगाया है। बयान के अनुसार, भारत में यूक्रेन के दूतावास ने कहा है कि उसका दृढ़ विश्वास है कि रूस की आक्रामक कार्रवाइयों के कारण काला सागर और आजोव सागर में नागरिक जहाजों की आवाजाही पर मंडरा रहे खतरों और जोखिमों को क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति से जुड़ी किसी भी एहतियाती चेतावनी पर तत्काल प्रतिक्रिया देकर कम किया जा सकता है। दूतावास ने कहा कि युद्ध के दौरान यूक्रेन लगातार अपने अंतरराष्ट्रीय साझेदारों, जिनमें भारत के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं, को रूस की कार्रवाइयों से नागरिक नौवहन पर बढ़ते खतरों के बारे में आगाह करता रहा है।


जयशंकर

यूक्रेन ने अपने साझेदार देशों को उन कदमों की भी जानकारी दी है, जो वह सैन्य सामान की आपूर्ति रोकने और यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को समर्थन देने वाली लॉजिस्टिक आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करने के लिए उठा रहा है। दूतावास ने कहा कि इन चिंताओं को अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) के मंच पर भी औपचारिक रूप से उठाया गया है। इसके तहत 12 जून और 26 जून 2026 को जारी आईएमओ सर्कुलर लेटर्स के माध्यम से सदस्य देशों को अवगत कराया गया।

**पहले बात की, फिर मार दी गोली**

## कनाडा में टारगेट अटैक में हुई भारतीय मूल की युवती की हत्या

एजेंसी ▶▶ टोरंटो

कनाडा के टोरंटो में भारतीय मूल की 26 वर्षीय युवती की हत्या कर दी गई। पुलिस का कहना है कि यह एक टारगेटेड हमला था। मृतक की पहचान नवनीत कौर के रूप में हुई है। उसे हम्बरवुड बुलेवार्ड और रेक्सडेल बुलेवार्ड के पास गोली मारी गई। उसे तुरंत मेडिकल मदद दी गई लेकिन मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया। टोरंटो पुलिस ने कौर की हत्या के मामले में ब्रैम्पटन के एक 37 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

संदिग्ध की पहचान शरणजीत सिंह के तौर पर हुई है। उस पर फर्स्ट-डिग्री मर्डर और अंडरटेकिंग का पालन न करने का आरोप लगाया गया है। टोरंटो पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 7:23 बजे (ईएसटी) उन्हें गोली चलने की सूचना मिली, जिसके बाद उनके अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्हें कौर गोली लगी हालत में मिली। सीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने बताया कि उसे तुरंत मेडिकल मदद दी गई और जान बचाने की कोशिशें भी की गईं लेकिन मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया। ड्यूटी इंस्पेक्टर स्कॉट ब्रैडबरी ने मीडिया को बताया कि गोलीबारी किसी घर में नहीं बल्कि बाहर सार्वजनिक जगह पर हुई। अधिकारी ने बताया कि एक पुरुष संदिग्ध को घटनास्थल से भागते हुए देखा गया।


मृतक नवनीत कौर

### आरोपी ने पहले महिला का पीछा किया

एक चश्मदीद ने बताया कि वे बाहर सुबह की कॉफी पी रहे थे तभी उन्होंने पीड़ित महिला को हम्बरवुड पर पूरब की ओर जाते देखा। फिर उन्होंने एक आदमी को उस महिला के पीछे-पीछे जाते देखा। गवाह ने बताया कि संदिग्ध ने पीड़िता से कुछ कहा, जिससे वह पीछे मुड़ी। थोड़ी बातचीत के बाद उस आदमी ने उसे एक गोली मारी और फिर बंदूक लेकर भाग गया। ऐसा नहीं लग रहा था कि वे दोनों व्यक्ति बहस कर रहे थे। पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें लगता है कि कौर की हत्या एक टारगेटेड हमला थी और अब कोई संदिग्ध नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि गोली मारने के पीछे की वजह अभी साफ नहीं है और पुलिस की होमिसाइड टीम अब इस मामले की जांच कर रही है।

**पाकिस्तान में ईशनिंदा**

## निजी दुश्मनी-वसूली का बना हथियार झूठे मुकदमों पर आई रिपोर्ट चौंका रही

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान से एक चौंकाने वाली आधिकारिक रिपोर्ट सामने आई है। देश के चारों प्रांतों में दर्ज ज्यादातर ईशनिंदा मामले फर्जी पाए गए हैं। कानून लागू करने वाली एजेंसियों ने खुद यह खुलासा किया है। संसदीय समिति को सौंपी गई रिपोर्ट में कई बातें साफ हुई हैं। इन झूठे मुकदमों का सबसे बड़ा शिकार धार्मिक अल्पसंख्यक बन रहे हैं। सिंध, पंजाब, केपीके और बलूचिस्तान के अधिकारियों ने यह रिपोर्ट सीनेट समिति को सौंपी। मानवाधिकारों पर बनी कार्यात्मक समिति को दिए आंकड़े बेहद डरावने हैं। जांच में सामने आया कि ईशनिंदा के आरोप धार्मिक भावनाओं से नहीं जुड़े थे। असल में इनका मकसद निजी दुश्मनी और पारिवारिक विवाद निपटाना था। कई मामलों में तो संपत्तियों पर कब्जा करने के लिए यह साजिश रची गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जांच में आरोपों के कोई सबूत नहीं मिले। सबूत न होने के कारण कई मामलों को खारिज कर दिया गया।



लोगों ने विरोध किया

**भारतीय छात्रों के वर्क परमिट रिजेक्शन का मामला**

## अब आईआरसीसी ने दिया स्पष्टीकरण कहा नियम तोड़े तो होगी सख्त से सख्त कार्रवाई

**पढ़ाई के दौरान हफ्ते में 24 घंटे ही काम करने की अनुमति**

एजेंसी ▶▶ ओटावा




कनाडा में भारतीय छात्रों के वर्क परमिट रिजेक्ट होने के मामलों के बीच इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज एंड सिटिजनशिप कनाडा (आईआरसीसी ) ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण जारी किया है। आईआरसीसी ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि पढ़ाई के दौरान कार्य नियमों का उल्लंघन करने पर छात्रों को गंभीर परिणामों का सामना करना पड़ सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के जरिए जारी बयान में इमिग्रेशन अथॉरिटी ने स्पष्ट किया कि छात्रों को केवल उनके स्टडी परमिट में तय शर्तों के आधार पर ही काम करने की अनुमति है। वर्तमान नियमों के अनुसार, पढ़ाई के दौरान छात्र हफ्ते में अधिकतम 24 घंटे ही काम कर सकते हैं। अथॉरिटी ने कहा कि बिना आधिकारिक अनुमति के पार्ट-टाइम काम करना भी इमिग्रेशन कानूनों का उल्लंघन माना जाएगा। आईआरसीसी ने साफ किया कि नियमों की अनदेखी करने पर भविष्य में वर्क परमिट रद्द किया जा सकता है, कनाडा में प्रवेश के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है या देश से बाहर भी निकाला जा सकता है।

यह विवाद तब गहराया जब कैलगरी स्थित पोर्टेज कॉलेज के कई भारतीय छात्रों के वर्क परमिट खारिज हो गए, जिसके बाद छात्रों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस पर कॉलेज ने छात्रों को कानूनी सलाह लेने की सिफारिश की है और कहा कि वे अथॉरिटी से इस विषय पर लगातार संपर्क में हैं।

**ग्रेटा थनबर्ग ने किया भारतीय छात्र आंदोलन का समर्थन**

# कहा-यह लोकतंत्र और न्याय के लिए हम सबकी लड़ाई

एजेंसी ▶▶ लंदन

लंदन में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में प्रसिद्ध जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग ने भारतीय छात्रों के आंदोलन के प्रति अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया है। शिक्षा व्यवस्था की धांधलियों और नीट पेपर लीक मामले के विरोध में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेतृत्व में चले इस 36 दिवसीय आंदोलन को उन्होंने जनता की ताकत का एक ऐतिहासिक उदाहरण करार दिया। ग्रेटा थनबर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय छात्रों की न्याय की लड़ाई केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर रहे पूरी दुनिया के लोगों की साझा लड़ाई है। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन ने दुनिया भर के लोगों को उम्मीद दी है और यह साबित किया है कि जब लोग एकजुट होकर खड़े होते हैं तो वे बड़ी से बड़ी व्यवस्था को बदलने की ताकत रखते हैं।

*थनबर्ग ने आंदोलन को जनता की ताकत और लोकतंत्र की लड़ाई बताया*

*छात्रों की मौत और पुलिस बर्बरता पर एसएफआई ने दुख व्यक्त किया*

### जीत को बताया प्रेरणादायक




सरकार द्वारा आंदोलनकारियों की बची हुई मुख्य मांगों को स्वीकार करने के बाद सीजेपी ने शनिवार को अपना आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की। सरकार ने नीट मामले से जुड़ी घटनाओं के कारण जान गंवाने वाले छात्रों के परिवारों को उचित मुआवजा देने और प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर वापस लेने की सहमति जताई है। हालांकि, एसएफआई यूके ने इस आंदोलन को ऐतिहासिक जीत और प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि नीट मामले में जान गंवाने वाले 21 छात्रों की मौत और पुलिस बर्बरता का दुख आज भी कायम है। संगठन का मानना है कि यद्यपि शिक्षा मंत्री के इस्तीफे से एक पड़ाव पार कर लिया गया है, लेकिन शिक्षा में पारदर्शिता और छात्रों के अधिकारों की यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109